* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 267

पुरी में महाप्रभु का सुनबेश कल



## न्यूज रील्स

### जम्मू में मुठभेड़ कैप्टन बृजेश और तीन जवान शहीद

जम्मू (आजाद सिपाही)। जम्मू संभाग के जिला डोडा मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर दूर जंगल और ऊंचे पहाड़ों से घिरा इलाका देसा में आतंकियों की तलाश में सोमवार को अभियान शुरू हुआ। इसी दौरान आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें सेना के कैप्टन बृजेश थापा, जवान नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और अजय सिंह घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। अंधेरे का फायदा उठा कर आतंकी घने जंगल में भाग निकले।

### सुप्रीम कोर्ट में दो नये जज नियुक्त

नयी दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में दो नये जजों की नियुक्ति कर दी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के मुताबिक राष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एचएन कोटिश्वर सिंह और मद्रास हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया है। दो जजों के रिटायरमेंट के चलते सुप्रीम कोर्ट में 32 जज बचे थे। नयी नियुक्ति के बाद जजों की संख्या 34 हो गयी है।

### मुख्यमंत्री तीन दिवसीय दिल्ली यात्रा से लौटे रांची

# संघीय ढांचे में केंद्र सरकार राज्य का सम्मान करे: हेमंत

- दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, कांग्रेस और आप नेताओं से की थी मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद मंगलवार को रांची लौटे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने यात्रा की थोड़ी-बहुत जानकारी दी और अपनी मुलाकातों की चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संघीय व्यवस्था का ढांचा है। हम उनका सम्मान करें और वो राज्यों का सम्मान करें।



गौरतलब है कि हेमंत सोरेन अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल समेत अन्य लोगों से मुलाकात की थी। इस मौके पर उनके साथ पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। दिल्ली दौरे के क्रम में वह बनारस भी गये थे, जहां उन्होंने काशी में पूजा-अर्चना की।

> *मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार संघीय ढांचे की एक व्यवस्था है। केंद्र की सरकार वो (मोदी) चला रहे हैं। राज्य की सरकार हम चला रहे हैं। यह अपनी-अपनी व्यवस्था है। हम उनका सम्मान करें और वो राज्यों का सम्मान करें। यह अच्छा है।*

## बिहार के पूर्व विधायक और आइएएस पर इडी ने कसा शिकंजा



**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार के पूर्व विधायक गुलाब यादव और आइएएस अधिकारी संजीव हंस पर शिकंजा कसते हुए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। दोनों के 12 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी हुई है। पटना और पुणे के अलावा विधायक के पैतृक आवास मधुबनी के झंझारपुर स्थित ठिकाने पर एक साथ छापा पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार मनी लांड्रिंग केस की जांच के तहत इडी ने यह एक्शन लिया है। इडी की अलग-अलग टीमों ने पूर्व विधायक और आइएएस के ठिकानों पर छापामारी की। आइएएस संजीव हंस के घर और ऑफिस दोनों जगह इडी की टीमें पहुंची।

# नीट पेपर लीक : हजारीबाग से एक और व्यक्ति गिरफ्तार

- पटना से पेपर चुराने का आरोपी पंकज भी गिरफ्तार
- रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस को किया गया सील
- सीबीआइ ने इस मामले में अब तक 12 आरोपियों को किया है गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग/पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ ने मंगलवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये लोगों में पंकज और राजू हैं। पंकज को पटना और राजकुमार सिंह उर्फ राजू को हजारीबाग से पकड़ा गया है। पंकज पर नीट का पेपर चोरी करने का आरोप है। वहीं, राजू ने इसे आगे बढ़ाया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज कुमार उर्फ आदित्य ने 2017 में एनआइटी जमशेदपुर से सिविल इंजीनियरिंग की है। पंकज कुमार ने एनटीए के ट्रंक से पेपर चुराया था। इसके बाद पेपर को आगे बांटने के लिए दिया गया था। पंकज कुमार बोकारो का रहनेवाला है।

**तीन दिनों से हजारीबाग में है सीबीआइ टीम:** सीबीआइ की टीम नीट मामले को लेकर हजारीबाग में पिछले तीन दिनों से कैंप कर रही है। सोमवार को सीबीआइ टीम ने राज गेस्ट हाउस के संचालक राजकुमार उर्फ राजू सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। उसकी निशानदेही पर कुछ अहम जानकारी सीबीआइ के हाथ लगी हैं। टीम राजू को हिरासत में लेकर मंगलवार को राज गेस्ट हाउस पहुंची। टीम ने गेस्ट हाउस को घंटों खंगाला। यहां से कई संदिग्ध दस्तावेज टीम के हाथ लगे हैं। टीम ने गेस्ट हाउस को सील करते हुए नोटिस चिपका दिया है। नोटिस में सीबीआइ के इंस्पेक्टर तरुण गौर का हस्ताक्षर भी है। एफआइआर नंबर आरसी 221/2024/ए0006 के तहत कार्रवाई की बात लिखी गयी है।

### गिरफ्तार लोगों की निशानदेही पर रेड

सूत्रों के मुताबिक हजारीबाग से पिछले दिनों गिरफ्तार हुए ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम और जमालुद्दीन से राजू के तार जुड़े हुए हैं। पिछले दो दिनों से हजारीबाग में सीबीआइ की टीम बेहद गोपनीय ढंग से इस पूरे मामले की जांच कर रही है। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ छात्र या अभिभावक के गेस्ट हाउस में आकर रहने की सूचना सीबीआइ को हाथ लगी है।

# प्रधानमंत्री 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र की तरफ से जारी वक्ताओं की प्रोविजनल लिस्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र की तरफ से सोमवार को जारी वक्ताओं की प्रोविजनल लिस्ट के अनुसार, भारत के 'राष्ट्राध्यक्ष' 26 सितंबर की दोपहर में उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले सितंबर 2021 में वार्षिक उच्च स्तरीय यूएनजीए सत्र को संबोधित किया था। हालांकि यह अंतिम सूची नहीं है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय सत्र से पहले हफ्ते में वक्ताओं की अपडेटेड प्रोविजनल लिस्ट जारी करता है।



# झारखंड के 10 विधानसभा क्षेत्रों में मुसलिम बहुल बूथों पर मतदाता बढ़े

### संताल के हैं ज्यादातर विधानसभा क्षेत्र, 20 से 123 प्रतिशत मतदाता बढ़े

- भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की मुलाकात, जांच की रखी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बंगलादेशी घुसपैठियों की बात भाजपा लंबे समय से कर रही। इस मुद्दे को विधानसभा के अंदर और बाहर पार्टी नेताओं ने कई बार उठाया है। अब राज्य में होनेवाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुसलिम बहुल बूथों पर मतदाता बढ़ने का मामला उठाया गया है। उन्होंने इस बारे में आंकड़ा इकट्ठा कर चुनाव अयोग को जानकारी दी है। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को झारखंड निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आकंड़ा उपलब्ध करा कर मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि की जांच कराने की मांग की।

पार्टी नेताओं ने कहा कि प्रदेश भाजपा की टीम ने विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि के संदर्भ में गहन अध्ययन किया है। इस दौरान टीम ने पाया कि विधानसभा चुनाव 2019 की मतदाता सूची की तुलना में लोकसभा चुनाव 2024 की मतदाता सूची में कई बूथों पर मतदाताओं की संख्या में 20 से 123 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, जो चिंताजनक है।

**10 विधानसभा क्षेत्रों का किया अध्ययन:** भाजपा की टीम ने 10 विधानसभा क्षेत्रों का गहन अध्ययन किया है। इस अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया कि पांच वर्षों में मतदाताओं की संख्या में अमूमन 15 से 17 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 22 जनवरी, 2024 को मतदाता सूची के संबंध में जारी प्रेस नोट में भी इसी वृद्धि दर को स्वीकार किया है, जबकि हिंदू बहुल क्षेत्रों में यह वृद्धि 8 से 10 प्रतिशत तक रहती है। लेकिन अल्पसंख्यक (विशेष कर मुस्लिम) क्षेत्रों में यह वृद्धि 20 से लेकर 123 प्रतिशत है।

**साजिश कर मतदाताओं के नाम किये गये डिलिट:** भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूची का गहन अध्ययन करने पर यह बात सामने आयी है कि राज्य सरकार के पदाधिकारियों ने एक साजिश के तहत बहुसंख्यक समाज के बूथों पर मतदाताओं के नाम डिलिट कर दिये, जो हजारों की संख्या में है। इसकी वजह से ये मतदाता वोट डालने से वंचित रह गये। यह एक गंभीर मामला है। वोट से वंचित होने वाले मतदाताओं में वैसे मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है, जो वर्षों से वोट डालते आ रहे हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव-2024 में वोट नहीं डाल सके, क्योंकि मतदाता सूची में उनका नाम नहीं था, जबकि उनके पास आज भी मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध है, यह भी जांच का विषय है।



| विधानसभा नंबर और नाम | कुल बूथ | अप्रत्याशित वृद्धि वाले बूथ | वृद्धि प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 01-राजमहल | 383 | 168 | 20 से 123.74% तक |
| 03-बरहेट | 277 | 114 | 20 से 57.72% तक |
| 05-पाकुड़ | 434 | 208 | 20 से 64.23% तक |
| 06-महेशपुर | 308 | 55 | 20 से 41.02% तक |
| 09-जामताड़ा | 366 | 123 | 20 से 68.85% तक |
| 13-मधुपुर | 409 | 225 | 20 से 117.62% तक |
| 53-मंझगांव | 267 | 93 | 20 से 86.11% तक |
| 64-हटिया | 495 | 163 | 20 से 136.58% तक |
| 69-बिशुनपुर | 349 | 196 | 20 से 48.87% तक |
| 72-लोहरदगा | 324 | 122 | 20 से 86.43% तक |

### भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट

भाजपा की टीम ने पाया कि राजमहल के 383 बूथों पर 20% से 123.74% तक वोटर्स बढ़ गये हैं। इसी तरह बरहेट के अलग-अलग बूथों पर 20 से 57.72% तक, पाकुड़ में 20 से 64.23%, महेशपुर में 20 से 41.02%, जामताड़ा में 20 से 68.85%, मधुपुर में 20 से 117.62%, मंझगांव में 20 से 86.11%, हटिया में 20 से 136.58%, बिशुनपुर में 20 से 48.87% और लोहरदगा में 20 से 86.43% तक वोटर्स की संख्या बढ़ी है। टीम ने बताया है कि मतदाता सूची का अध्ययन करने से यह स्पष्ट होता है कि अल्पसंख्यक समुदाय वाले कई बूथों पर मतदाताओं की संख्या में 123 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, वहीं बहुसंख्यक समाज के बूथों पर 5 से 10 प्रतिशत तक मतदाता बढ़े हैं। यहां तक की कई हिंदू बहुल बूथों पर मतदाता घटे हैं।

### अतिसंवेदनशील बूथों की करायें जांच

इन 10 विधानसभा क्षेत्रों के कई बूथों का उदाहरण प्रतिनिधिमंडल ने पेश किया है, जिसमें अप्रत्याशित रूप से वृद्धि दर्ज की गयी है। प्रतितिधिमंडल ने कहा कि एक सोची समझी योजना के तहत डेमोग्राफी बदलने का षडयंत्र है। इसमें कहीं न कहीं विदेशी घुसपैठिये वर्तमान में राज्य सरकार की सह पर प्रशासनिक अफसरों पर दबाव डाल कर मतदाता सूची में नाम अंकित करा रहे हैं। इनके लिए अवैध रूप से अन्य जरूरी प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि इनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो पाये। ऐसे में झारखंड के अतिसंवेदनशील बूथों की जांच करायी जानी चाहिए।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 99,000 रु./प्रति किलो |



# इंडी अलायंस में सात सीटों पर फंस सकता है पेंच

## ■ राजद और कांग्रेस की अति महत्वाकांक्षा आ सकती है आड़े
## ■ कम से कम पांच सीटों पर झामुमो-कांग्रेस कर रहे हैं दावा
## ■ राजद का झामुमो-कांग्रेस के साथ दो सीटों पर होगा झकझूमर

### ■ भवनाथपुर, तोरपा, रांची, पोड़ैयाहाट और मांडू सीट पर झामुमो-कांग्रेस के बीच पेंच
### ■ विश्रामपुर सीट पर राजद और कांग्रेस के बीच पेंच
### ■ बरकट्ठा सीट पर राजद और झामुमो के बीच पेंच

**अगले तीन-चार महीने में होनेवाले झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव भी मुख्य रूप से दो गठबंधनों, सत्तारूढ़ इंडी अलायंस और विपक्षी एनडीए के बीच होने के आसार हैं। सत्तारूढ़ गठंबधन में झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ भाकपा माले भी है, जबकि एनडीए में भाजपा और आजसू है। दोनों गठबंधनों के घटक दल अपने-अपने हिसाब से सीटों पर दावे कर रहे हैं।**

**एनडीए में यह काम आसान दिख रहा है, क्योंकि उसमें केवल दो घटक हैं, लेकिन इंडी अलायंस में इस मुद्दे पर पेंच फंसता हुआ दिखाई देने लगा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा अभी से पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुका है, तो कांग्रेस भी इस बार अधिक सीटों पर दावे कर रही है। उधर राजद भी इस बार बहुत अधिक झुकने के मूड में दिखाई नहीं दे रहा है। इन तीनों दलों के दावों के बीच कम से कम आठ विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां यह पेंच कुछ गहरा ही नजर आने लगा है। अपने सहयोगियों के दावों से झामुमो के भीतर थोड़ी असहज स्थिति देखी जा रही है, जबकि कांग्रेस और राजद भी अभी तक कदम पीछे खींचने को तैयार नहीं हैं। इंडी अलायंस के घटक दलों के बीच उभरी इस महत्वाकांक्षा के कारण झारखंड का विधानसभा चुनाव बेहद रोमांचक होने के आसार नजर आने लगे हैं। क्या हैं इंडी अलायंस के घटक दलों के दावे और कौन-कौन सी सीट पर फंस सकता है पेंच, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड में अगले तीन महीने में विधानसभा चुनाव होने की बढ़ती संभावनाओं के बीच दोनों गठबंधनों के भीतर सीट शेयरिंग को लेकर मंथनों का दौर शुरू हो गया है। सीट शेयरिंग का मुद्दा सत्तारूढ़ इंडी अलायंस में थोड़ा पेंचीदा होने के आसार हैं, क्योंकि इसके घटक दलों के अपने-अपने दावे हैं। विपक्षी एनडीए के दो घटक दलों, भाजपा और आजसू के बीच इस मुद्दे पर कोई टकराव अब तक नहीं दिख रहा है। इसलिए जानकार बताते हैं कि सत्तारूढ़ इंडी अलायंस के सामने सीट शेयरिंग के पेंच को खोलना सबसे बड़ा चैलेंज है।


### क्या है इंडी अलायंस के घटक दलों का दावा

झारखंड में इंडी अलायंस के सबसे बड़े दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने साफ कर दिया है कि वह विधानसभा चुनाव में न सिर्फ बड़े भाई की भूमिका में रहेगा, बल्कि उसकी चाहत 2019 विधानसभा चुनाव से अधिक सीटें पाने की भी है। झामुमो का कहना है कि वैसे तो सीट शेयरिंग पर फाइनल फैसला महागठबंधन के सभी दलों के बड़े नेता मिल बैठ कर करेंगे, लेकिन यह भी साफ है कि राज्य की राजनीति में ड्राइविंग सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ही रहेगा। पार्टी का कहना है कि वह महागठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ता है और ज्यादा सीटें जीतता भी है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि महागठबंधन के सहयोगी दलों की धरातल पर क्या स्थिति है, उनकी जमीनी हकीकत क्या है और जीतने की किसकी कितनी संभावना है, यह सब ध्यान में रख कर सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय होगा। वैसे राज्य की जनता और कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में 2019 की अपेक्षा पार्टी ज्यादा मजबूती से चुनाव लड़े। ऐसे में कांग्रेस और राजद को विश्वास में लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहेगा।

### 2024 के लिए क्या है झामुमो, कांग्रेस और राजद का दावा

2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने 43 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 30 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव लड़ कर 16 विधानसभा जीत पायी थी और राजद सात सीटों पर चुनाव लड़ कर महज एक सीट जीतने में सफल रहा था। झामुमो का स्ट्राइक रेट करीब 70 फीसदी रहा था, जबकि कांग्रेस का करीब 50 प्रतिशत। 2024 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने 55 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का मन बनाया है।

उसके इस दावे के पीछे का मुख्य कारण यह है कि पिछली बार की स्ट्राइक रेट को देखते हुए इस बार वह अकेले दम पर सरकार बनाने की स्थिति हासिल करना चाहता है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने इस बार 33 सीटों पर दावा ठोका है, जबकि राजद ने 15 सीटों से कम पर समझौता नहीं करने की बात कही है।




### इन सीटों पर फंस सकता है पेंच

झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच कम से कम पांच सीटों पर पेंच फंसने के पूरे आसार हैं, जबकि कम से कम दो सीटें ऐसी हैं, जहां राजद का कांग्रेस और झामुमो के साथ विवाद हो सकता है।

कांग्रेस और झामुमो के बीच जिन सीटों पर विवाद होने के आसार हैं, उनमें पहली है भवनाथपुर विधानसभा सीट। परंपरागत रूप से यह सीट कांग्रेस की रही है, लेकिन इस बार झामुमो वहां से पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और जनाधार वाले नेता मो ताहिर को अपने खेमे में शामिल करा कर अपनी दावेदारी पेश सकता है। भवनाथपुर से फिलहाल भाजपा के भानु प्रताप शाही विधायक हैं। इसी तरह खूंटी जिले के अंतर्गत तोरपा विधानसभा सीट को लेकर झामुमो और कांग्रेस में मनमुटाव हो सकता है, क्योंकि इस सीट पर 2019 में झामुमो ने उम्मीदवार उतारा था और उसकी हार हो गयी थी। इस बार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू यहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं। खूंटी संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाले तोरपा विधानसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुत बड़ी बढ़त मिली थी और यही उसके दावे का आधार है। रांची ऐसी तीसरी विधानसभा सीट है, जहां सीट शेयरिंग के दौरान कांग्रेस और झामुमो के बीच पेंच फंस सकता है। कांग्रेस रांची विधानसभा सीट को शहरी सीट बताते हुए अपना स्वाभाविक दावा बताती है, वहीं झामुमो 2019 में अपने बेहतरीन प्रदर्शन का हवाला देकर अपना दावा पुख्ता बताता है।

रांची विधानसभा सीट से 2019 में झामुमो उम्मीदवार के रूप में महुआ माजी महज पांच हजार से कुछ अधिक मतों से चुनाव हारी थीं। वह दूसरे स्थान पर रही थीं। इसी तरह पोड़ैयाहाट भी एक ऐसी विधानसभा सीट है, जहां झामुमो और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग का मामला फंस सकता है। कांग्रेस का तर्क यह है कि 2019 में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर यहां से जीते प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये हैं, इसलिए यह सीट कांग्रेस को मिलनी चाहिए, जबकि झामुमो का तर्क यह है कि 2019 में यह सीट उसके कोटे में थी। इसी तरह झामुमो की परंपरागत सीट मांडू विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस यह कह कर दावा कर रही है कि यहां से भाजपा के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। ऐसे में मांडू से इस बार उसका प्रत्याशी उतरेगा। उधर मांडू झामुमो का गढ़ माना जाता है और अपने इस गढ़ को वह आसानी से कांग्रेस के लिए छोड़ देगा, इसकी संभावना बेहद कम है।

इसी तरह कांग्रेस और राजद के बीच भी विश्रामपुर सीट को लेकर विवाद संभव है। राजद इस सीट को अपनी परंपरागत सीट मानता रहा है, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गयी थी। अब राजद इस सीट को वापस चाहता है, तो दूसरी ओर कांग्रेस से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी इस सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहे हैं। इसके अलावा झामुमो और राजद के बीच बरकट्ठा विधानसभा सीट को लेकर भी पेंच फंस सकता है। 2019 में यह सीट राजद के खाते में गयी थी, लेकिन इस बार पूर्व विधायक और आवास बोर्ड के चेयरमैन रहे जानकी यादव के झामुमो में शामिल हो जाने के बाद झामुमो अपना दावा इस सीट पर जतायेगा, इसकी पूरी संभावना है।

इंडी अलायंस के घटक दलों के बीच इन दावों-प्रतिदावों को देख कर बहुत संभावना इस बात की है कि इस बार गठबंधन के बीच का सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय करना थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है, हालांकि यह भी तय है कि सीट शेयरिंग पर झामुमो का पलड़ा भारी रहेगा, क्योंकि कांग्रेस और राजद को यह अच्छी तरह पता है कि झामुमो की मदद के बिना उनका राजनीतिक बेड़ा पार नहीं हो सकता। झारखंड में झामुमो और भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जो अपना शत-प्रतिशत वोट सहयोगी दलों में ट्रांसफर करा सकती हैं, बाकी दलों में यह स्थिति नहीं है। दूसरे दल अपने प्रत्याशी के लिए तो जी जान लगा देते हैं, लेकिन सहयोगी दल के प्रत्याशी के पक्ष में वे अपना वोट शत-प्रतिशत ट्रांसफर नहीं करा पाते।

---

# बालू की कालाबाजारी कर अघोषित लगान वसूल रही सरकार: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि बालू की कालाबाजारी कर झारखंड सरकार जनता से अघोषित लगान वसूल रही है। झारखंड के बालू पर मुंबई-दिल्ली के ठेकेदारों का आधिपत्य स्थापित हो चुका है। अपने गांव-घर के आसपास बहने वाली नदियों के बालू को ग्रामीण टकटकी लगाये देख रहे हैं। मरांडी ने आरोप लगाया कि सारा बालू बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़ जैसे पड़ोसी राज्यों में चला जा रहा है। मरांडी ने एक्स पर ट्वीट कर कहा कि नीचे से लेकर उपर तक कमीशन



खाने वालों की लालच की वजह से स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि आम जनता अपने सपनों का घर बनाने के लिए भी बालू खरीदने में सक्षम नहीं है। आसमान छूती कीमतों की वजह से बालू आम जनता की पहुंच से बाहर निकल चुका है। उन्होंने कहा कि ये स्थिति जल्द ही बदलेगी। बीजेपी की सरकार बनते ही राज्य के सभी बालू घाटों को माफियाओं और बाहरी ठेकेदारों के चंगुल से मुक्त करा के स्थानीय लोगों को सौंपा जायेगा। वहीं, मरांडी ने एक अन्य ट्वीट में कहा है कि हेमंत सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। कहा, इन्हें केवल सत्ता से मतलब और सरोकार है। मरांडी ने आगे कहा, इस बात में कोई संदेह नहीं बचा है कि वर्तमान सरकार सिर्फ सत्ताधारियों की है। इनको सिर्फ सत्ता पर विराजमान रहने से मतलब है। इनके लिए शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों की कमी से, शिक्षकों की नियुक्ति से कोई मतलब नहीं है। आठ महीने से इतिहास विषय के 28 लेक्चरों को अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। वह आज भी सरकार से अपने अधिकारों की भीख मांगने को विवश हैं।

### जामताड़ा में छिनतई कर भाग रहे बदमाशों ने पूर्व मुखिया सहित दो को मारी गोली

**जामताड़ा (आजाद सिपाही)। जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शकलपुर मोड़ के पास मदन कट्टा जाने वाली मुख्य सड़क पर छिनैती कर भाग रहे बाइक सवार अपराधियों ने मंगलवार सुबह पांच बजे पूर्व मुखिया समेत दो लोगों को गोली मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक हावड़ा-मोकामा ट्रेन से एक यात्री जामताड़ा के मदनकट्टा स्टेशन पर उतरा। इसी वक्त बाइक सवार बदमाश उसके सामान को छीन कर भागने लगे। यात्री के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। लोगों को जुटते देख अपराधियों ने चार राउंड फायरिंग की। इस दौरान दो लोगों को गोली लग गयी। आनन फानन में दोनों को जामताड़ा सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद धनबाद रेफर कर दिया गया। दोनों की स्थिति अब भी चिंताजनक बतायी जा रही है।**

# शादी से लौट रही वैन दुर्घटनाग्रस्त दो बारातियों की मौत, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं तीन लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। दुर्घटना पेटरवार स्थित एनएच 23 पर हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ है। यह हादसा बोकारो-रामगढ़ एनएच 23 पर पेटरवार में हुआ है। अज्ञात वाहन ने मारुति वैन को टक्कर मार दी, जिसमें मारुति में सवार दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी,जबकि तीन की स्थिति नाजुक है। वहीं एक की हालत सामान्य है।



बता दें कि मारुति वैन में सवार लोग गोला से जारंडीह बाराती गये थे। वहीं सुबह बारात से वापस आने के क्रम में पेटरवार एन एच 23 बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच के पास यह हादसा हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक डॉ हेमलता के द्वारा इलाज के दौरान बताया गया कि दो लोग की मौत हो चुकी है, तीन की स्थिति नाजुक है और एक की स्थिति सामान्य है। घायल तीन लोगों में से एक को बेहतर इलाज के लिए बोकारो बीजीएच रेफर किया गया है, जबकि दो घायलों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। हादसे के शिकार हुए लोगों के नाम रूपेश नायक, पीयूष स्वर्णकार, उदय कुमार, सन्नी नायक हैं। सभी गोला थाना क्षेत्र के नायक टोला निवासी बताये जा रहे हैं।

# अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंदा, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** रांची-चाइबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 ई पर चक्रधरपुर थाना क्षेत्र में उलीडीह गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना सोमवार देर रात की है।



बताया जाता है कि चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के चंद्री गांव निवासी बुधराम सरदार और विभु बारला किसी काम से चक्रधरपुर आये थे। सोमवार देर रात लगभग दो बजे स्कूटी से वापस गांव जा रहे थे। इस बीच रांची-चाइबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 ई पर उलीडीह गांव के पास किसी अज्ञात भारी वाहन ने दोनों को टक्कर मार दिया। इस घटना में दोनों बुरी तरह घायल हो गये थे। करीब आधे घंटे तक दोनों घायल युवक गंभीर चोट और अत्यधिक रक्त रिसाव से घटनास्थल पर ही तड़पते रहे।

कुछ देर बाद सूचना पर पुलिस आयी और दोनों घायलों को घटनास्थल से उठा कर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल ले गयी। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया है। मृतक के परिजनों को मंगलवार सुबह जब खबर मिली तो वे अकबर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

# सोशल मीडिया ने तीन माह से लापता बच्चे को मां-बाप से मिलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सोशल मीडिया में इन दिनों रील्स बना कर पैसे कमाने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। लोगों की दिनचर्या में सोशल मीडिया ने अपनी जगह बना ली है। इसी सोशल मीडिया की रील्स ने तीन माह बाद एक नौ साल के बेटे को उसके माता पिता से मिलाने में बेहद महत्पूर्ण भूमिका निभायी है। मामला गिरिडीह के सरिया थाना से जुड़ा है। पुत्र चंदन कुमार के मिलने से माता पिता मुरली दास के चेहरे पर तीन माह बाद खुशी लौटी है। मंगलवार को माता पिता अपने नौ साल के बेटे चंदन को लेने सरिया पहुंचे, तो बेटा माता पिता को और माता पिता बेटे को देख कर बेहद खुश थे। बताया जाता है कि सरिया थाना के मादरमो से तीन माह पहले 29 अप्रैल को चंदन कुमार घर से कहीं जाने के लिए निकला था। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर पिता मुरली दास ने सरिया थाना में आवेदन देकर बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी।

लेकिन जब तीन माह के बाद भी चंदन नहीं लौटा, तो माता पिता ने बेटे के मिलने की उम्मीद ही खो दी थी। हालांकि सरिया थाना पुलिस द्वारा लापता चंदन की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी बीच दो दिन पहले किसी फेसबुक यूजर्स ने एक ईंट भट्ठा में चंदन के काम करते हुए रील्स बना कर पोस्ट किया। जब इस रील्स पर सरिया थाना पुलिस की नजर पड़ी, तो सरिया पुलिस सक्रिय हुई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.8 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.12 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड में ऐसा कानून बने कि घुसपैठिये आदिवासी बेटियों से शादी नहीं कर सकें : हिमंता विस्वा सरमा

- दलालों, बिचौलियों के लिए हेमंत ने चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाया
- हेमंत सोरेन आदिवासियों के नहीं, खुद के नेता हैं
- विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड में बनेगी भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार
- 5 लाख नहीं तो दो महीने में एक लाख नौकरी ही देकर दिखायें हेमंत सोरेन
- जनता को 8500 खटाखट कब देगी गठबंधन सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी/तोरपा।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा मंगलवार को दो दिवसीय सांगठनिक दौरे पर झारखंड पहुंचे। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उन्होंने तोरपा और खूंटी विधानसभा क्षेत्र की कार्यकर्ता अभिनंदन एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, कोचे मुंडा, जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह सहित जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड के कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में बड़ा योगदान दिया है। 14 में नौ लोकसभा सीट पर एनडीए की जीत हुई है। इसलिए कार्यकर्ता सम्मान के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा का गणित कमजोर है। वह 99 सीट को ऐसा बता रहे हैं, जैसे सौ में मिला हो। वह तो 543 में 99 पाकर खुश हो रहे और 240 सीटें जीतने वाली भाजपा को उपदेश दे रहे। राहुल गांधी का ज्ञान हमेशा कम ही रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से तीसरी बार मोदी सरकार बनी है। पंडित नेहरू के बाद भारत में कोई भी नेता लगातार तीन बार प्रधानमंत्री नहीं बना। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में पूर्वोत्तर भारत, जिसमे असम, झारखंड, बिहार, ओड़िशा जैसे राज्य शामिल हैं, ने बड़ा योगदान दिया है। सूरज पूरब से उगता है। इसलिए विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड में भी नया सवेरा होगा। उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए राज्य सरकार की नाकामियों, गठबंधन की जनविरोधी नीति और नीयत को उजागर किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन कोई स्वतंत्रता आंदोलन में जेल नहीं गये थे, बल्कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में गये थे और आज बेल पर बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि ये दलाल, बिचौलियों से घिरी सरकार है। जेल से आते ही इनके ही दबाव में चंपाई सोरेन को हटा दिया गया, जबकि वह अच्छा करने की कोशिश कर रहे थे। हेमंत सोरेन आदिवासी होने का ढोंग करते हैं, लेकिन वे आदिवासियों के नहीं, बल्कि खुद के नेता हैं। उन्हें और किसी दूसरे आदिवासी की भलाई की चिंता नहीं।

**घुसपैठियों के संरक्षण में जुटी है ठगबंधन सरकार :** उन्होंने कहा कि जनता निराश है और हेमंत सरकार घुसपैठियों के संरक्षण में जुटी है। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू की धरती घुसपैठियों की धरती बन रही। संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल गयी। लव जिहाद, लैंड जिहाद चरम पर है। आदिवासी बेटियों से बांग्लादेशी घुसपैठिये शादी कर जमीन कब्जा कर रहे। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा कानून बनाने की जरूरत है, जिससे घुसपैठिये आदिवासी बेटियों से शादी नहीं कर सकें। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले लोगों ने सबसे ज्यादा संविधान का अपमान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताये कि 1975 में इमरजेंसी लगाकर संविधान किसने बदला, ओबीसी का आरक्षण मुस्लिमों को देने के लिए संविधान किसने बदला? इंडी अलायंस जैसा राजनीतिक कलाकार देश की जनता ने कभी नहीं देखा।




## हेमंत जनता से किये सारे वादे भूल गये

भाजपा नेता ने कहा कि हेमंत जनता से किये सारे वादे भूल गये। प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी की जगह एक लाख भी नहीं दे सके। न बेरोजगारी भत्ता दिया। उन्होंने कहा कि सहायक पुलिस कर्मी धरना पर बैठे हैं, पारा शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं, किसानों का बकाया नहीं मिला। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। बहन बेटियों के साथ बलात्कार की घटनाएं रोज-रोज घट रहीं। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। घुसपैठियों के सरदार पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के घर से करोड़ों रुपये मिले, कांग्रेस सांसद के घर से तीन सौ करोड़ नगद मिले। यह लूट का पैसा है। झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों का पैसा है। यह पैसा अगर खजाने में होता, तो बेरोजगारी भत्ता मिल जाता। किसानों के कर्ज माफ हो जाते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 8500 रुपये खटाखट का क्या हुआ। कब हेमंत सोरेन इसे भेज रहे। अब तो ये 8500 से घटकर 1000 पर आ गये। वह भी नहीं दिया। ये तो उन्हीं की सरकार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और हेमंत सोरेन की दोस्ती ही इसी कारण है कि दोनों झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा कि आज ठगबंधन सरकार जल्दीबाजी में अनाप-शनाप घोषणाएं कर रही। पर जनता यह समझ चुकी है कि इनकी नीयत में क्या है। कौन घोषणा मन से कर रहे और कौन दिखावा के लिए।

## भाजपा जो कहती है वह करती है

उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में गांव, गरीब, किसान, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलायी हैं। आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम जन-धन योजना जैसे अनेक योजनाएं उल्लेखनीय हैं। विभिन्न राज्यों में भी भाजपा सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही लेकिन झामुमो सरकार को अपने मैनिफेस्टो की कोई चिंता नहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में मजबूत भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए की डबल इंजन सरकार बनाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

## मनरेगा कर्मी 22 जुलाई से जायेंगे हड़ताल पर

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ अपने प्रस्तावित आंदोलन वादा निभाओ, स्थायी करो कार्यक्रम के अंतर्गत 18 जुलाई से 20 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल तथा 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। प्रस्तावित हड़ताल की सूचना झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, प्रधान सचिव तथा मनरेगा अयुक्त को 20 दिन पूर्व में ही दे दी गयी थी। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत 2 जुलाई को मुख्यमंत्री-मंत्री आवास घेराव, 8 को जेएमएम के केंद्रीय कार्यालय का घेराव, 10 को सभी जिला मुख्यालयों का घेराव के माध्यम से भी सेवा स्थायीकरण सहित लंबित मांगों की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया, परंतु सरकार के द्वारा न तो संघ से वार्ता की गयी और न ही स्थायीकरण की मांगों पर कोई पहल्की गयी। बाध्य होकर मनरेगाकर्मी प्रस्तावित तिथि से मांग की पूर्ति तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। लगभग छह हजार कर्मियों की हड़ताल से मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिचाई संवर्धन कूप, बिरसा हरित आम बागवानी, अबुआ आवास, वीर पोटो हो खेल मैदान सहित महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित होगा। इस हड़ताल से लगभग 250000 मजदूरों का मजदूरी भुगतान भी प्रभावित होगा ।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** परिस्थितियों में काफी बदलाव होगा,लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा।
- **वृष** रूके हुए कार्यों में तेजी आयेगी,नवीन योजना बनेगी, धर्म-कर्म में रूचि।
- **मिथुन** उत्साह उमंग भरा होगा,पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के अवसर बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
- **कर्क** अनावश्यक खर्चो में कमी आयेगी। आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है.धार्मिक कार्य में रूचि।
- **सिंह** मकान,वाहन,भौतिक सुखों की प्राप्ति विरोधियों पर विजय, आर्थिक लाभ स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या** नये प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, रूका हुआ काम पूरा होगा, संतान सुख, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **तुला** नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाईयों का सामना हो सकता है, पारिवारिक उलझन।
- **वृश्चिक** संतानों की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा,आत्मविश्वास में वृद्धि, पुरानी परेशानी से छुटकारा।
- **धनु** चिर संचित अभिलाषा पूरी होगी, कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, अधिकारियों का सहयोग।
- **मकर** घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, संतानपक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।
- **कुंभ** कुछ नये सम्बन्ध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, अभी नौकरी में बदलाव न करें।
- **मीन** सरकारी नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# झारखंड में भ्रष्टाचार के लिए अनुकूल परिस्थितियां विकास की कोई इच्छा नहीं : अनुराग ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं और सरकार में निवेश लाने और राज्य का विकास करने की कोई इच्छाशक्ति नहीं है। मंगलवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ठाकुर ने कहा कि झारखंड में निवेश क्यों नहीं आता? इसका कारण यह है कि यहां भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं और विकास या निवेश की कोई इच्छाशक्ति नहीं है। हमीरपुर के सांसद ने कहा कि झारखंड के गठन को दो दशक हो चुके हैं, लेकिन यह विकास की नयी ऊंचाइयों को नहीं छू पाया है, जैसी उम्मीद थी।

अनुराग ठाकुर ने कहा, मैं बिरसा मुंडा की धरती को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूं। झारखंड को अलग राज्य बनाने का सपना अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा किया था। दो दशक से ज्यादा हो गये हैं। झारखंड को ऊंचाइयों पर ले जाने का मौका था। लेकिन किसी कारण से, अगर हम पिछले पांच सालों को देखें, तो सत्ता में आने से पहले किये गये वादे पूरे नहीं हुए। जिस तरह से झारखंड का विकास हो सकता था, वह नहीं हुआ। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर कटाक्ष करते हुए हमीरपुर के सांसद ने कहा कि लोगों को अक्सर राज्य से जब्ती की खबरें मिलती रहती हैं, जो इस बात की ओर इशारा करती हैं कि झारखंड में भ्रष्टाचार व्याप्त है और विकास में कोई रुचि नहीं है। ठाकुर ने कहा, लेकिन हम सुनते हैं कि कभी 350 करोड़ रुपये जब्त किये जाते हैं, कभी 35 करोड़ रुपये जब्त किये जाते हैं। अगर किसी मंत्री के पीए के ड्राइवर से 35 करोड़ रुपये जब्त किये जाते हैं और कांग्रेस के मंत्री से 350 करोड़ रुपये जब्त किये जाते हैं, तो ऐसा लगता है कि राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है और विकास अवरुद्ध है।

अनुराग ठाकुर ने एक अन्य कटाक्ष में कहा कि राज्य सरकार रोजगार के अवसर प्रदान करने का वादा करने के बावजूद युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दे पायी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हालांकि उन्होंने युवाओं को पांच लाख रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन वे बेरोजगारी भत्ता नहीं दे पाये हैं। ऐसा लगता है कि सरकार विफल हो गयी है और लोग उन्हें सत्ता से बाहर करने के लिए दृढ़ हैं। ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने किस तरह उत्तरप्रदेश और असम जैसे राज्यों का विकास किया है। उन्होंने मौजूदा भाजपा सरकारों द्वारा किये गये विकास कार्यों की तुलना दोनों राज्यों में पहले की कांग्रेस सरकारों के विकास कार्यों से की।

अनुराग ठाकुर ने कहा, उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले यूपीए के समय भी अखिलेश यादव की सरकार ने काम रोक दिया था। लेकिन जब योगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो डबल इंजन की सरकार ने राज्य की आपराधिक व्यवस्था में सुधार किया, रिकॉर्ड निवेश किया और विकास को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उन्होंने कहा, असम में यूपीए के समय कांग्रेस सत्ता में थी और डॉ मनमोहन सिंह असम से प्रधानमंत्री चुने गये थे। लेकिन असम की क्या स्थिति थी? अब डबल इंजन की सरकार के तहत असम को देखिए। असम ने नयी ऊंचाइयों को छुआ है। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये का निवेश आया है। हम बड़े निवेश भी लाये हैं।




# झारखंड की जनता भाजपा को पूरी तरह से डिस्चार्ज करके ही दम लेगी : सुप्रियो

लोकसभा चुनाव में मुंह की खाने के बाद भाजपा में बेचैनी और बौखलाहट है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा को आड़े हाथ लिया। मंगलवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में कहा कि हिमंत जी आज फिर आये हैं। वे यहां पर रिचार्ज होने आये हैं। लोकसभा चुनाव में ये लोग डिस्चार्ज हो गये। फिर उपचुनाव में डिस्चार्ज हुए, इसलिए ये लोग यहां पर रिचार्ज होने आ रहे हैं। समाज और जाति को बांटने आ रहे हैं। अगले चुनाव में झारखंड की जनता इन्हें पूरी तरह से डिस्चार्ज करके ही दम लेगी। वैसे भी हिमंत का काम ही है समाज में जहर घोलना। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मुंह की खाने के बाद भाजपा में बेचैनी और बौखलाहट है। 20 जुलाई को प्रभात तारा मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री समेत अन्य केंद्रीय भाजपा नेताओं का आगमन होने जा रहा है। महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू कश्मीर का स्पष्ट संदेश इन्हें मिल चुका है। झारखंड में इन लोगों को फीडबैक मिलना शुरू हो गया है। इसलिए इनमें बेचैनी है। लेकिन यहां कुछ भी कर लें, झारखंड से इनका विधानसभा चुनाव में सफाया तय है। झारखंड की जनता अब नफरत को सहन नहीं करेगी। चाहे जिसे जितना जहर घोलना है, घोल लें।




## बाबूलाल को फील्ड में जाने की हिम्मत नहीं, हर दिन चार से पांच ट्वीट कर रहे

सुप्रियो ने कहा कि बाबूलाल आजकल हर दिन चार से पांच ट्वीट कर रहे हैं। दरअसल इनके पास अब फील्ड में जाने की हिम्मत नहीं रही। इसलिए बंद कमरे से नया काम शुरू कर दिये हैं।

## सीएए और एनआरसी पर कुछ नहीं बोलते

उन्होंने कहा कि हिमंत विस्वा सरमा को असम में बाढ़ की स्थिति नहीं दिख रही है, जहां पर 180 से अधिक लोग मारे गये। कई हजार लोग बेघर हो गये। यहां पर सदियों से लोग बसे हैं। आपसी सौहार्द्र कायम है। भातृत्व कायम है। इनके खिलाफ इन्हें बोलने के लिए लाया गया है। मगर यह झारखंड है। यह असम नहीं है। उनसे पूछना चाहिए कि असम में एनआरसी कहां गया। एनआरसी में वहां की बड़ी संख्या में जो हिंदू संप्रदाय के लोग हैं, उनका नाम रजिस्टर में नहीं चढ़ा। वे सीएए और एनआरसी पर कुछ नहीं बोलते हैं, कहां गये ये दोनों मुद्दे, क्या हुआ इन मुद्दों का। इस पर वे क्यों नहीं कुछ बोलते हैं। जिस बंगाल की सीट से जीत कर एक सांसद केंद्रीय मंत्री बने हैं, वहां जाकर जरा कुछ क्यों नहीं बोलते हैं। सुप्रियो ने कहा कि यहां उन्हें नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए बुलाया गया है। हिमंत जी यहां नफरत का बीज न बोयें, जरा असम को जाकर देखें। सरकारी सुविधा का इस्तेमाल समाज को बांटने के लिए न हो। यहां पर एमएसपी (मतदाता समर्थन पत्र) खोजने के लिए आ रहे हैं। किसी के आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं है। वैसे भी ये लोग केंद्रीय मंत्री और किसी राज्य के सीएम हैं, इसलिए प्रोटोकॉल के तहत हमें उन्हें सरकारी सुरक्षा और सुविधा करानी ही है। लेकिन सरकारी सुविधा का उपयोग समाज को बांटने के लिए न किया जाये।

# घुसपैठ और मणिपुर हिंसा रोकने में असफल रहे गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दें : कांग्रेस

सरना धर्म कोड, महंगाई से राज्य की जनता का ध्यान भटकाने के लिए घुसपैठ को मुद्दा बनाना चाहती है भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरना धर्म कोड, महंगाई से राज्य की जनता का ध्यान भटकाने के लिए घुसपैठ को मुद्दा बनाना चाहती है। सभी जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय सीमा केंद्र सरकार के अधीन होता है और देश में गृह मंत्री अगर घुसपैठ नहीं रोक पा रहे हैं तो उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। मंगलवार को उक्त बातें राकेश सिन्हा ने हिमंत विस्व सरमा के दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया स्वरूप में कहीं। राकेश सिन्हा ने कहा कि हिमंत विस्व सरमा घुसपैठ की बात करते हैं तो उन्हें यह बताना चाहिए कि झारखंड में डेढ़ दशक से ज्यादा इस राज्य में भाजपा का शासन रहा तो घुसपैठ को रोकने में के लिए अपने शासनकाल में क्या कदम उठाये। भाजपा की दस साल से पूर्ण बहुमत की सरकार केंद्र में रही है, फिर भी अब तक कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा पा रही है। ऐसे में 20 जुलाई को अमित शाह झारखंड आ रहे हैं तो हिमंत विस्व सरमा को अमित शाह से पूछना चाहिए आखिर क्यों वो घुसपैठ रोकने में क्यों विफल साबित हो रहे हैं। लोकसभा में हार के बाद भाजपा पूरी तरह से बेचैन हो गयी है।



एक करोड़ की इनामी नक्सली प्रयाग की है पत्नी

# नक्सली जया उर्फ चिंता की कोर्ट में हुई पेशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग की पत्नी जया ऊर्फ चिंता को मंगलवार को गिरिडीह कोर्ट में पेश किया गया। गिरिडीह पुलिस ने उसे धनबाद से गिरफ्तार किया है। धनबाद में गिरफ्तार करने के बाद साइबर डीएसपी आबिद खान और डुमरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार उसे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गिरिडीह लेकर आये। यहां न्यायालय में जया को पेश किया गया। बताया जाता है कि गिरफ्तारी के बाद जया को रिमांड पर लेने का प्रयास भी गिरिडीह पुलिस करेगी। चूंकि जया भाकपा माओवादी सेंट्रल कमिटी मेंबर प्रयाग ऊर्फ विवेक की पत्नी है। जया पूर्व में भाकपा माओवादी संगठन में स्पेशल एरिया कमिटी की मेंबर (सैक सदस्य) भी रह चुकी थी। जब वह सैक की सदस्य थी तब उसपर 25 लाख का इनाम भी था। अभी वर्तमान में इसपर इनाम है या नहीं स्पष्ट नहीं हो सका है। जया दी ऊर्फ चिंता के खिलाफ गिरिडीह में लगभग एक दर्जन मुकदमा है। जया संगठन से काफी पहले से जुड़ी रही है। लगभग दो दशक से जया की तलाश झारखंड की पुलिस करती रही है। अब चूंकि जया गिरफ्तार हो चुकी है और संगठन से जुड़े राज उससे पुलिस को मिल सकता है। ऐसे में उसे रिमांड पर लेने का प्रयास गिरिडीह पुलिस कर सकती है।

बता दें कि जया बीमार है और इलाज के लिए वह धनबाद के अस्पताल में भर्ती थी।

# युवाओं के मुद्दों पर युवा आजसू ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवा आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बेरोजगारी की वजह से बढ़ते पलायन, रिक्त पड़े तीन लाख पदों को भरने, नशे के बढ़ते कारोबार, परीक्षा में धांधली समेत अन्य कई समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन के माध्यम से युवा आजसू ने एजी कॉलोनी, कडरू, रांची स्थित पौराणिक शिव मंदिर परिसर से सटे भवन में संचालित ओना बार और रेस्टोरेंट के अलावा वैसे सभी बार व शराब दुकानें जो धार्मिक स्थलों और विद्यालयों के आसपास संचालित हो रही हैं उन सबकी जांच कराकर बंद कराने की मांग की। इसके अलावा पीजीटी नियुक्ति परीक्षा में हुई धांधली मामले में राज्य के युवाओं को न्याय दिलाने के लिए उच्चस्तरीय जांच कराने की भी मांग की। युवा आजसू के पदाधिकारियों ने कहा कि युवा राज्य के भविष्य हैं। सशक्त युवा ही बेहतर राज्य की परिकल्पना को पूरा कर सकते हैं लेकिन वर्तमान समय में राज्य के युवा शैक्षणिक, रोजगार और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं से राज्य सरकार ने मुंह मोड़ लिया है। बढ़ते नशे के कारोबार के चपेट युवा अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। अपने हक और अधिकार के लिए युवा सड़कों पर हैं। सरकार को युवाओं के भविष्य व समय से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, अमित कुमार, रांची जिला प्रभारी विश्वास उरांव, अतीश महतो और युवा नेता वेदांत कौस्तव शामिल थे।



## जयनगर में थाना दिवस का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जयनगर थाना प्रांगण में अंचलकर्मी के उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन किया गया है। थाना दिवस में भूमि संबंधी चार मामला आया जिसमें दो मामले में द्वितीय पक्ष अनुपस्थित रहने के कारण अगले सप्ताह उपस्थित होने के लिए नोटिस निर्गत किया जायेगा। एक मामले में दोनों पक्षों को ग्रामीण स्तर पर फैसला कर अगले सप्ताह का समय दिया गया। वहीं थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने बताया कि आगे से हरेक सप्ताह प्रत्येक मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया जायेगा। मौके पर प्रधान लिपिक राकेश कुमार, राजस्व उप निरीक्षक रविश रंजन, महेश दास सहित कई लोग मौजूद थे।

## अवैध खनन रोकने के लिए छापेमारी, जेसीबी जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा ज़िले के वन परिक्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कार्य जारी है। सोमवार की रात वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर जेसीबी जब्त किया है। रेंजर रामबाबू कुमार के नेतृत्व मे डोमचांच क्षेत्र के ढोलाकोला जंगल में अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गयी, छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन जब्त किया है। प्रभार वनपाल प्रभारी सुजीत कुमार सोनी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर में छापेमारी कर अवैध खनन में एक जेसीबी मशीन जब्त किया गया है, जबकि चालक फरार हो गया। इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जब्त वाहन को कोडरमा वन विभाग परिसर में रखा गया है। मौके पर वनरक्षी हीरामन उरवा, पंकज कुमार दास के अलावे होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## जिप सदस्य ने अन्नपूर्णा देवी का किया स्वागत



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पिपचो में केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी का जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव के नेतृत्व में अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, सांसद प्रतिनिधि किसुन यादव, संजय गुप्ता, युवा नेता प्रदीप साव, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव, परसाबाद भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पंचायत समिति सदस्य धानेश्वर राणा, रामजीलाल मोदी, रामचंद्र महतो, नारायण यादव, विदेशी यादव, नागेश्वर साहू, भोला साव, अजय रजवार, प्रीति देवी दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एनएचएआइ के रास्ता बंद करने का लोगों ने किया विरोध



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बाईपास रेलवे ओवरब्रिज के समीप सर्विस रोड से नरेश नगर की ओर जाने वाले रास्ते को एनएचएआइ द्वारा बंद करने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। नरेश नगर के लोगों ने इस संदर्भ में सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिलकर जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात की तो एनएचएआइ के पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि यह दुर्घटना संभावित क्षेत्र है। इस कारण से उस रास्ते को बंद करना जरूरी है। पर लोगों का कहना था कि इस रास्ते को खुला नहीं रखा गया तो नरेश नगर में रहने वाली 5 हजार की आबादी को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बीमारी में हॉस्पिटल, बच्चों को स्कूल जाने और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

## संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में भैया हर्षित ने पायी सफलता




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया के पूर्व छात्र भैया हर्षित कुमार सिंह पिता सुबोध कुमार सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा कैफ में 140 वां स्थान प्राप्त कर असिस्टेंट कमांडेंट ऑफिसर बन विद्यालय का नाम रौशन किया है। भैया हर्षित 2017 में कैलाश राय विद्यालय से ही मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किये थे। उनकी सफलता पर पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर हर्षित अपने माता-पिता, मामा मामी, चाची और नानी के साथ विद्यालय में आये थे। विद्यालय द्वारा वंदना सभा में उनको और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने बताया कि हर्षित बचपन से ही काफी मेधावी छात्र थे और स्कूली समय से ही उनमें कुछ करने की ललक थी। अपने शैक्षणिक वर्षों में भी हर्षित ने अच्छे अंक और अच्छा स्थान अपने कक्षा कक्ष में प्राप्त किया करते थे। वही विद्यालय के भैया बहनों को संबोधित करते हुए भैया हर्षित ने कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है और यदि सच्ची निष्ठा से परिश्रम किया जाये तो निश्चित रूप से सफलता कदम चूमेगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, सचिव अनुराग सिंह और कोषाध्यक्ष नवल कुमार उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में नारायण सिंह ने कहा की भैया हर्षित ने आज हम सबों को हर्षित होने का अवसर दिया है। इस सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी आचार्य और दीदी जी मौजूद थे।

## मनरेगा कर्मी 18 से 20 जुलाई तक हड़ताल पर

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मनरेगा कर्मी 18 जुलाई से 20 जुलाई तक चीरलंबित मांगो को लेकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है मनरेगा कर्मी बिपियो, जेई, येई, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक और रोजगार सेवक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी खुशबू रश्मि मिंज को एक आवेदन दिया है आवेदन में जिक्र है की यदि हमारी चिरलंबित मांगे पूरी नहीं होगी तो 22 जुलाई 2024 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। जिसमें बीपियो अफरोज अख्तर, येई मनीष रंजन, जेई शशांक भूषण, कुलदीप राम, दिनेश कुमार, संतोष राम, अरुण राम, दीपक राम, अरविंद कुमार, निरंजन कुमार सहित प्रखंड के मनरेगा कर्मी शामिल है।

### भाजपा की अभिनंदन सह संकल्प सभा का आयोजन

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं: अन्नपूर्णा देवी

**कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने को लेकर आभार व्यक्त किया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** बुढ़िया माता के समीप विवाह भवन में भाजपा का विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, झारखंड में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार राय उपस्थित थे। मौके भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं का माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संचालन कार्यक्रम के संयोजक सुनिल कुमार मेहता ने किया। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने को लेकर आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। झारखंड सरकार पर हल्ला बोलते हुए कहा कि आज राज्य की स्थिति बदहाल है। लोग भय की स्थिति में जी रहे हैं। वहीं राज्य के विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने हर किसी को ठगने का काम किया है। अपनी चुनावी वादों को हेमंत सरकार भूल गयी है। राज्य में आज युवा, महिला, पारा शिक्षक, किसान समेत सभी वर्गों के लोग आज अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में उप संयोजक कुमकुम देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द सिंह, कोडरमा अनुप जोशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव,नितेश चंद्रवंशी, सुरेश यादव, गीता देवी, प्रणव वर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र भाई मोदी, केदार नाथ यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, रघुवीर महतो, जयनंदन मेहता, मनोज साव, बिंदु सोनी, रीतलाल प्रसाद, कुलदीप पांडेय, रेणु देवी, बिरेंद्र शर्मा, रामचंद्र चौधरी, समेत आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# अमन की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प में पदाधिकारी और ग्रामीण घायल

**राजनीतिक विद्वेष में विधायक अंबा प्रसाद का ग्रामीणों ने जलाया पुतला**

**आगामी 21 जुलाई को बैठक कर किया जायेगा समस्याओं का समाधान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** महूदी मार्ग को लेकर धरना पर बैठे अमन कुमार को सोमवार मध्य रात्रि बड़कागांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर ले जाने के बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और सैकड़ों की संख्या में महूदी स्कूल के पास जमा होना शुरू हो गये, जिसे देख पुलिस द्वारा मंगलवार सुबह ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया जिससे ग्रामीण और पुलिस प्रशासन के बीच झड़प शुरू हो गयी और फिर भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस द्वारा आंसू गैस का प्रयोग किया गया उधर कुछ असामाजिक लोगों द्वारा पथराव शुरू कर किया गया। इसी दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल व ग्रामीण भोला महतो घायल हो गये। घायल



ग्रामीण को गंभीर चोट लगने के कारण हजारीबाग रेफर किया गया।

उधर ग्रामीणों ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का पुतला जलाकर विरोध जताया और मुस्लिम पक्ष का सहयोग करने का आरोप लगाया, साथ ही साथ पुलिस प्रशासन पर अपना पावर का दुरुपयोग कर हिंदू पक्ष को परेशान करने का भी आरोप लगाया।

### क्या है मामला

रामनवमी सप्तमी के अवसर पर महुदी गांव का जुलूस महावीर झंडा के साथ सोनपुरा मेला पहुंचा जहां किसी प्रकार का किसी ने कोई विरोध नहीं किया और जब जुलूस वापस अपना गांव लौट रहा था इस दौरान जुलूस को प्रशासन द्वारा रोक दिया गया इसके बाद से अभी तक उक्त महावीरी झंडा महूदी स्कूल के पास लगा है जिसे वापस पास कराने को लेकर महुदी ग्राम के ग्राम वासियों द्वारा एक बैठक की गयी और दिनांक जुलाई से दर्जनों ग्रामीण धरने पर बैठ गये। उक्त ग्रामीणों के धरने पर बैठने के बाद प्रशासन की सक्रियता बढ़ गयी। क्योंकि मुहर्रम त्यौहार होने के कारण क्षेत्र में अशांति होने की आशंका होने लगी इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच प्रशासन की सहमति से कई दौर की बैठक भी हुई लेकिन समाधान कुछ भी नहीं निकलने के बाद मामला और तूल पकड़ता गया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने सोमवार देर रात धरने पर बैठे हिंदूवादी नेता अमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया जिसकी सूचना पाते ही मंगलवार सुबह ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने लगी।


इस संबंध में बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार से पूछे जाने पर बताया कि मंगलवार सुबह इकट्ठा भीड़ को पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किया गया इस दौरान ग्रामीणों द्वारा पत्थरबाजी शुरू कर दी गयी जिससे एक ग्रामीण घायल हो गया । हालांकि एक पदाधिकारी को भी चोट लगी है। ग्रामीण व पुलिस के साथ हुए झड़प के बाद बड़कागांव राम जानकी मंदिर में प्रबुद्ध जनों की बैठक की गई और प्रशासन से एक प्रतिनिधिमंडल जाकर भेंट किया जिसमें यह तय हुआ कि आगामी 21 जुलाई को जिला प्रशासन के नेतृत्व में बैठक कर उक्त समस्याओं पर विचार किया जाएगा तथा समस्या के समाधान हेतु चर्चा की जाएगी। बड़कागांव पुलिस द्वारा अमन कुमार सोमवार मध्य रात्रि गिरफ्तार किया गया जिसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

वहीं बड़कागांव बीडीओ जितेन्द्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा पथराव की गयी जिससे मुझे हल्की चोट आई बाकी ग्रामीणों का सराहनीय पहल रहा और स्थिति शांतिपूर्ण व नियंत्रण में है।

# सरयू राय पहुंचे हजारीबाग, पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मंगलवार को हजारीबाग पहुंचे। दोपहर तीन बजे सरयू राय डेमोटांड़ स्थित ऋषभ वाटिका में पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच राष्ट्रीय व झारखंड की राजनीति पर विचार विमर्श हुआ। विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। मुलाकात के बाद सरयू राय ने कहा कि यशवंत सिन्हा से हमारा पुराना संबंध है। उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास कैसे हो, विकास के नाम



पर जो भी गलत कार्य किये गये हैं उसकी रोकथाम के लिए क्या रणनीति हो इन सभी मुद्दों पर दोनों नेताओं ने विचार विमर्श किया। यशवंत सिन्हा ने बताया कि सरयू राय से हमने कई बार अनुरोध किया था कि जब वह हजारीबाग पहुंचे तो हमसे आवास पर जरूर मुलाकात करें। दोनों नेताओं के बीच हुए विचार विमर्श को झारखंड की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# हरियाली महोत्सव पर प्रदीप प्रसाद ने किया पौधरोपण

**अभी तक 54 हजार पौधा का वितरण और पौधरोपण कर चुके हैं प्रदीप प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 जून से भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा निरंतर रूप से हरियाली महोत्सव के तहत आम जनता के बीच पौधा वितरण और पौधारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक मां के नाम लगाने का समस्त देशवासियों से अपील की है, जिसके बाद भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद हरियाली महोत्सव और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण और पौधा का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को



शहर के जुलु पार्क स्थित विशप हाउस और संत एनी गर्ल्स हॉस्टल पहुंचे जहां पर प्राचार्य सिस्टर एनिमा पुष्पा सारस के द्वारा भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद का स्वागत व अभिनंदन किया गया। जिसके बाद श्री प्रसाद ने हॉस्टल की बच्चों से मुलाकात किया इसके बाद बच्चों के संग मिलकर प्रदीप प्रसाद ने पौधरोपण किया, वही बच्चों के बीच पौधा का वितरण भी किया। इसके बाद दीपूगढ़ा स्थित संत माइकल मूक बधिर विद्यालय प्रांगण पहुंचे, जहां पर करीब 200 से भी अधिक बच्चों के द्वारा प्रदीप प्रसाद का स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रदीप प्रसाद ने विद्यालय के बच्चों के संग मिलकर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही विद्यालय के बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच पौधा का वितरण किया। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रमों में भागीदारी पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम न केवल हरी-भरी दुनिया की दिशा में एक कदम है बल्कि सामुदायिक जागरूकता और सहभागिता को भी बढ़ावा देता है। 5 जून से प्रारंभ हरियाली महोत्सव और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अब तक 54 हजार पौधा का वितरण और पौधरोपण किया जा चुका है।

## जल्द से जल्द फोर जी इ-पॉस मशीन डीलरों को उपलब्ध करायी जायें: सत्येंद्र कुमार



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में इन दिनों पीडीएस दुकानदार और लाभुकों के बीच तू-तू में-में और नोंक-झोक की खबर देखने को मिल रही है। इस समस्या को लेकर बड़कागांव जन वितरण प्रणाली संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि टू-जी ई-पॉस मशीन से लाभुकों का राशन निकालने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एक ही लाभुक को कई बार दुकानों का चक्कर लगाना पड़ता है। घंटों बैठने के बाद भी यदि उनका राशन खराब नेटवर्क के कारण नहीं निकल पाता है तो डीलरों के साथ ही बकझक करने लगते हैं, कहते हैं कि हमें दिनभर की मजदूरी कौन देगा, आपके पास दिनभर बैठना पड़ता है रोजी-रोटी के लिए कामना भी आवश्यक है इन सब समस्याओं को लेकर हम डीलरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्री गुप्ता ने आगे बताया कि सरकार द्वारा पीडीएस विभाग को फोर-जी ई-पॉस मशीन खरीदने के लिए आवंटन दिया गया था लेकिन अभी तक विभाग की सुस्ती के कारण ई-पॉस मशीन की खरीदारी नहीं की गयी है। यह सारी मनमानी एन आई सी के द्वारा की जा रही है जिसका परिणाम लाभुक्त और डीलर को भुगतना पड़ रहा है। इसलिए जल्द से जल्द ई-पॉस मशीन खरीद कर हम डीलरों को विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई जाये जिससे हम डीलर और लाभुकों को इस समस्या से निजात मिल सके।

## 'मुस्कुराता भारत अभियान' को लेकर कार्यक्रम




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के ऑर्थोडॉन्टिक्स और डेंटोफेशियल ऑथोर्पेडिक्स विभाग ने सेंट जेवियर्स स्कूल में दिन मंगलवार को 'मुस्कुराता भारत अभियान' तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसायटी द्वारा शुरू किये गये 'स्माइल भारत अभियान' के एक भाग के रूप में लगभग 60 स्कूली छात्रों का सर्वेक्षण किया गया है। जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों की दांतों की जांच और सफाई संबंधित चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया। दांतों की गंभीर बिमारियों से बचने के लिए नियमित साफ-सफाई और अच्छी आदतों को अपनाने की भी सलाह दी गयी। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सर्वेक्षण प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ अंशू साहू के मार्गदर्शन में हुआ और और इस परियोजना का नेतृत्व डॉ रघु रंजन, डॉ शोवन रॉय और डॉ पारुल प्रिया ने किया। वहीं अभियान का समन्वयन स्नातकोत्तर और प्रशिक्षुओं ने किया। मौके डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि दांत सौंदर्य का काफी महत्वपूर्ण अंग है। इसकी देखभाल और नियमित साफ- सफाई करना बहुत ही जरूरी है।

## कैमरून में फंसे झारखंड के 27 मजदूर, सरकार से वतन वापसी की लगायी गुहार



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इस बार झारखंड के 27 प्रवासी मजदूर साउथ अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए हैं। पिछले चार माह से मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों के समक्ष खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी दुर्दशा बताई है और सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है। साथ ही उन्होंने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है। प्रवासी मजदूर के लिए काम करने वाले ने मदद की अपील की। प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे पर काम करनेवाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों की सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक पहल करने की मांग करते हुए कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर अधिक पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके हैं। काफी मशक्कत के बाद इनकी वतन वापसी करायी गयी। इसके बावजूद प्रवासी मजदूर पुरानी घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं। सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था की जरूरत है। फंसे मजदूरों में ये हैं शामिल: गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिचाकी के सुकर महतो डुमरी थाना क्षेत्र के अतकी गांव के रमेश महतो, विजय कुमार महतो, दूधपनिया के दौलत कुमार महतो के अलावा हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामु निवासी बिसुन, जोबर के टेकलाल महतो, खरना के छत्रधारी महतो, भीखन महतो, चानो के चिंतामण महतो और बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के कडरूखुटा के मोहन महतो, डेगलाल महतो, गोविंद महतो, चुरामन महतो, जगदीश महतो, मुरारी महतो, लखीराम, पुसन महतो, गोनियाटो के कमलेश कुमार महतो, महेश कुमार महतो, दामोदर महतो, मुकुंद कुमार नायक, नारायणपुर के परमेश्वर महतो, घवाइया अनु महतो, धनेश्वर महतो, रालीबेडा सितल महतो, कुलदीप हंसदा शामिल हैं।

## मुहर्रम को लेकर धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह के संयुक्त आदेश पर 17 जुलाई को मुहर्रम का त्योहार शौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु हजारीबाग सदर अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश दिया गया है, ताकि किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। इस बाबत अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा सदर अनुमंडल के क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश घोषित की गयी है। जिला दंडाधिकारी से अनुमति के उपरांत ही धार्मिक जुलूस निकाला जायगा। पूर्व से रिकार्ड किये गये संगीत या डीजे बजाना निषिद्ध है। सभी धार्मिक स्थान यथा मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा में किसी प्रकार का धार्मिक कार्यक्रम, सभा, गोष्ठी, जलसा आदि का आयोजन निषेध रहेगा। रात्रि 10 बजे के बाद धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जायेगा। मुहर्रम पर्व के अवसर पर सोशल साइट्स पर पर भड़काऊ साम्प्रदायिक भाषण शब्दों मैसेज ऑडियो विडियो के प्रेषण पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने के आलोक में संबंधित व्यक्तिएडमिन पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। किसी प्रकार का अफवाह फैलने पर उस स्थान पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी पुलिस पदाधिकारी, पूरी कर्मठता और विवेक से उससे निपटने हेतू द्रुतगामी उपलब्ध साधन से वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। यह निषेधाज्ञा प्रतिनियुक्त पुलिस बल कर्मचारी पदाधिकारी शादी-विवाह शव यात्रा पर लागू नहीं रहेगा। यह निषेधाज्ञा 15 जुलाई के 6 बजे पूर्वाह्न से 19 जुलाई को 10 बजे रात्रि तक लागू रहेगा।

## पतरातू में छोटकी ताजिया के साथ निकला जुलूस



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम के अवसर पर पतरातू क्षेत्र में हजरत इमाम-ए हसन और हुसैन की याद में मंगलवार को छोटकी ताजिया के साथ मुस्लिम धर्मलंबियों ने जुलूस निकाली। इसमें पतरातू, सांकुल और जयनगर के मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इसके अलावा कई गांवों में मातमी जुलूस निकाला। इस मौके पर मुस्लिम धर्मलंबियों ने या हुसैन, या हसन, नारे तकबीर आदि नारे लगा रहे थे। जबकि बुधवार को बड़की ताजिया के साथ मोहर्रम का जुलूस निकाला जायेगा। इस मौके पर हामिद अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, नौशाद अंसारी, हुसैन अंसारी, अली अंसारी, मंसूर अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, शमीम अंसारी, दिलदार अंसारी, असगर अंसारी, लियाकत अंसारी, अशरफ अंसारी, कलीम अंसारी, शहादत अंसारी, वाहिद अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## दिगवार में कांग्रेस ने बूथ सशक्तिकरण और चुनाव को लेकर की बैठक




**कुजू (आजाद सिपाही)।** दिगवार स्थित विधायक आवास में मांडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बूथ सशक्तिकरण व चुनाव को लेकर एकदिवसीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता व संचालन प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जेपी पटेल मौजूद रहे। बैठक के दौरान विधायक जेपी पटेल ने मौजूद कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ जीतो चुनाव जीतो पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अभी से ही क्षेत्रवार जनसंपर्क कर पंचायत कमेटी गठन करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव निश्चित ही जीतेगी। वही, आगामी विधानसभा में झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार बनना तय है। उन्होंने विपक्षी पर तीखी प्रतिक्रिया भी दी। जेपी पटेल ने लोकसभा चुनाव में मिली हार पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि निराश होने की जरूरत नही है। हमें सभी विधानसभा में जनता ने भरपूर सहयोग दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं सहित आम जनमानस का मिले समर्थन पीआर आभार प्रकट कर आगे भी सहयोग की मांग की है। बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा विस्थापन आयोग गठन किये जाने पर आभार प्रकट कर हेमंत सोरेन को बधाई दी है। इधर, बड़गांव की महिला समूह अध्यक्ष कंचन देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। बैठक में प्रदेश सचिव धर्मराज राम, अजीत करमाली, ताहिर अली, विनोद बिहारी महतो, अर्जुन यादव, नीरज झा, प्रदीप शर्मा, हरि महतो, बसंत महतो, ललित राम, अमरदीप राम, मंसूर अली, जग्गू महतो, जगदीश राम, प्रभात कुमार, शिव गांझु, जावेद हुसैन, सावित्री देवी, शिल्पा देवी, बसंती देवी, शांति देवी, दशमी देवी, शल्को देवी, लालको देवी, सलवा देवी, सीता देवी, गीता देवी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक मिले मंत्री से, सौंपा मांग पत्र



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री का बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान जिला के शिक्षकों ने वित्त रहित शिक्षा के लंबित मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। जिस पर मंत्री ने यथाशीघ्र ही पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर रघु विश्वकर्मा देवनाथ सिंह, गणेश महतो, मनोज कुमार, अशोक प्रसाद, लोचन महतो, मुनेश्वर महतो आदि शामिल रहे।

## भारतीय मजदूर संघ के मंत्री मुकेश कुमार और शिव कुमार सिंह कोषाध्यक्ष बने




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ की 28वीं द्विवार्षिक अधिवेशन, ऑफिसर्स क्लब, भुरकुंडा बरका सयाल क्षेत्र, सीसीएल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के संगठन मंत्री अशोक मिश्रा, पूर्वी मध्य क्षेत्र के प्रभारी धर्मदास शुक्ला, झारखंड प्रदेश महामंत्री राजीव रंजन सिंह, अभाखम संघ के मंत्री मनोज कुमार रजक, झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार उपस्थित थे। सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के नवमनोनित कमिटी में आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र से मुकेश कुमार को मंत्री और शिव कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनित किये जाने से क्षेत्र के कार्यसमिति सदस्यों में मगध से नीरज कुमार सिंह, सशी भूषण तिवारी और आम्रपाली श्याम सुंदर गुप्ता, रविकांत कुमार, अभिषेक कुमार, दीपक यादव, प्रभु महतो और सैकड़ों सदस्यों ने बधाई दिया, इस मौके पर शिव कुमार सिंह ने कहा कि संगठन ने जिस तरह मुझ पे विश्वास किया और दाईत्व को दिया है उसपे मुझे निष्ठा से निभाना है और मजदूरों के हित निरंतर कार्य को जारी रखना है।

## रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने किया पौधरोपण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के द्वारा आहूत ह्यग्रामीण संपर्क यात्रा कार्यक्रम के तहत लपंगा प्लस-टू हाई स्कूल में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट चेयरमैन महेश्वर साहू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत क्लब के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा और सचिव रंजीत गुप्ता ने स्कूल प्रांगण में जामुन, आम, कटहल, अमरूद आदि फलदार पौधे लगाकर किये। साथ ही पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक सुशील राम ने पेड़-पौधो के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि एक पेड़ हमारी कितनी पीढ़ियों को देखता ही नहीं सुरक्षा कवच बनकर खड़ा भी रहता है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है, इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सचिव रंजीत गुप्ता, रोटेरियन प्रमजीत सिंह धामी, महेश्वर साहू, अजय गोयल, डॉ एनके सिंह, श्रीकान्त गुप्ता आदि शामिल थें।

# मजदूर के घर में लाखों रुपये की चोरी, अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज

**लाखों रुपये के जेवरात, एक किलो चांदी और डेढ़ लाख नगद ले गये चोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक बाद एक चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में है। जबकि, कई ऐसी चोरी की घटनाओं को पुलिस छुपा देती है कि कही इससे बदनामी न हो। चोरी की घटनाओं को रोकने में रामगढ़ थाना पुलिस पूरी तरह नाकाम दिख रही है। जिसके कारण चोरों का हौसला बुलंद है और एक के बाद एक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। ऐसा ही वारदात सोमवार की रात रामगढ़ थाना क्षेत्र के मुर्रामकला गोसा निवासी मजदूर देवधारी महतो पिता कमल महतो के घर घटी। रामगढ़ थाना में दिए आवेदन में देवधारी महतो ने कहा है कि 15 जुलाई की रात घर में सिर्फ बेटा सोया हुआ था और मैं पत्नी के साथ भतीजा का शादी में शामिल होने के लिए बासडीह दुलमी चला गया था। सुबह 7 बजे बेटा फोन पर सूचना दिया कि घर में चोरी हो गया है। इसके बाद मैं घर पहुंचा तो देखा कि घर ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर रखें एक लाख नगद रुपये जो मजदूरी और खेती करके जमा किया था वह गायब है। साथ ही पत्नी की जेवरात करीब 1 लाख रुपये की, 1 किलो चांदी, 10 ग्राम सोना और महिला समिति के बक्से में रखा 50 हजार केश सहित जमीन के कागजात गायब था। इधर, मामले में पुलिस ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 199/24 के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब देखना है कि पुलिस इन चोरों तक कैसे पहुंचती है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने रोजगार की मांग को लेकर उरीमारी आउटसोर्सिंग कार्य बंद कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी के अध्यक्ष जूरा सोरेन सचिव बिनोद हेम्ब्रोम और उपाध्यक्ष संजय करमाली के नेतृत्व में आउटसोर्सिंग के लिए कैंप निर्माण कार्य को बंद करा दिया। अध्यक्ष जूरा सोरेन ने कहा कि जब तक सीसीएल प्रबंधन रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी से बात नहीं करती तब तक कोई भी कार्य नही होने दिया जायेगा। वही शाखा सचिव बिनोद हेम्ब्रोम ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी का हमलोग स्वागत करते हैं लेकिन कंपनी में रोजगार यही के विस्थापितों को मिलना चाहिए। विस्थापित नेता सह रैविमो उपाध्यक्ष संजय करमाली ने कहा कि ग्राम पोटंगा में 12 टोला है। उरीमारी परियोजना भी पोटंगा में चल रहा है। ऐसे में आउटसोर्सिंग कंपनी में सभी 12 टोला के विस्थापित प्रभावित को रोजगार से जोड़ा जाय अन्यथा आउटसोर्सिंग कंपनी का विरोध किया जायेगा। मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी के सह संगठन मंत्री साहेबराम बेसरा, पप्पू मांझी, विजय सोरेन, अजय करमाली, रवि सोरेन, नरेश हंसदा, सुरेश मांझी, सुनील करमाली, आनद बेसरा, बहालाल बेसरा, नरेश बेसरा, सुनील सोरेन, अनिल बेसरा, जयपाल सोरेन, विजय टुडू, राजू करमाली, कातीलाल हेम्ब्रोम, महावीर हेंब्रम, हरिलाल हेंब्रम, सुरेश सोरेन, रघु टुडू आदि उपस्थित थे।

## मांडू थाना में हुआ थाना दिवस का आयोजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू थाना में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव उपस्थित थे। थाना दिवस में अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्र से आये कई ग्रामीणों का जमीन संबंधित मामले का निष्पादन व सुझाव दिया गया। इस अवसर पर राजस्व कर्मचारी मनोज कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## चतरा में मुहर्रम को लेकर निकला फ्लैग मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से बेहद ही चौकसी बरती जा रही है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के चौक चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती और पूरे प्रखंड क्षेत्र में गश्ती कर रही है। अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास व थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों, ग्रामीण पुलिस के साथ मिलकर अंचल थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गो में फ्लैग मार्च किया। इस क्रम में पुलिस के जवानों ने थाना गेट से महावीर चौक होते हुए रामपुर, कसमार, बरवाटोला, बभने गांव होते हुए पुनः थाना पहुंचा। इस दौरान कई चौक चौराहों पर रुक कर लोगों को एहतियात बरतने की जानकारी भी दी गयी। और ड्रोन कैमरे के माध्यम से लोगो की छत की निगरानी की गयी। ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार का उपद्रव न हो सके। साथ ही सबों से अपील की गयी कि शांति से सभी लोग आपस में मिलकर पर्व मनाएं। हर परिस्थिति में पूर्व की तरह थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखते हुए मुहर्रम पर्व को मनाए ताकि अंचल और थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे। सभी प्रखंड के निवासी अमन चैन और खुशहाल रह सकें। फ्लैग मार्च में अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, बीडीओ अजय कुमार दास, एएसआई वीरेन्द्र तिवारी, नरेश यादव के साथ साथ कई अन्य लोग शामिल थे।

## प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा स्थापना दिवस के अवसर पर 9 दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन पूर्व अध्यक्ष प्रवीण गोयल के सम्मान में पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा रामगढ़ कैंट के तत्वावधान में फूटबल मैदान के समीप आने जाने वाले राहगीरों एवं विक्रेताओं के बीच 50 कपड़े का थैला वितरण किया गया। विक्रेताओं को सामान एवं खाद्य पदार्थों को प्लास्टिक की थैली में नहीं देने की अपील की गयी। शाखा की अध्यक्षा अन्नू खंडेलवाल ने कहा प्लास्टिक में खाना कई बीमारियों को बढ़ावा देता है। पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत मारवाड़ी चेतना शाखा ने जीएस जॉली स्कूल, बिजुलिया चर्च के पास वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। सदस्यों ने स्कूल परिसर में 20 फलदार तथा छायादार वृक्ष लगाये गये। शाखा सचिव प्राची चौधरी ने बताया असंतुलित वातावरण और अत्याधिक गर्मी से परेशान रामगढ़ वासियों को गर्मी से राहत के लिए पौधा लगाना और उनको बचाना बेहद जरूरी है। मौके पर सुमन चौधरी, नेहा जैन, नेहा मित्तल, लवली अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल उपस्थित थे।

## घुरती रथयात्रा संपन्न, मौसीबाड़ी से वापस घर पहुंचे भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई

**कैथा रथयात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने रथयात्रा और मेला में शामिल हो भगवान के दर्शन और पूजन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** कैथा रथयात्रा का घूरती रथयात्रा भक्तिमय माहौल में मंगलवार को संपन्न हुआ। घूरती रथयात्रा को लेकर प्रातः आठ बजे से ही श्रद्धालु कैथा स्थित जगन्नाथ मंदिर में जुटने लगे थे। संध्या पहर में विधि पूर्वक भगवान जगन्नाथ के रथ में भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र तीनों विग्रहों को रथारुढ कर भक्तों द्वारा रथ को खींचकर वापस मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर लाया गया। मौके पर आयोजन समिति के सचिव राजेश महतो ने कहा कि घूरती रथयात्रा के साथ ही भगवान जगन्नाथ का 9 दिनों का पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ। कैथा रथयात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने रथयात्रा और मेला में शामिल हो भगवान के दर्शन और पूजन किया। वार्ड पार्षद श्री देवधारी महतो ने कहा कि रथयात्रा के दौरान भक्त उत्साह और श्रद्धा से ओतप्रोत थें। भगवान जगन्नाथ का पूजन फलदायी होता है। वहीं मुख्य पूजारी श्री भागवत नारायण चटर्जी ने कहा कि रथयात्रा और घूरती रथयात्रा के दौरान भक्तों ने पूरी श्रद्धा और समर्पण भाव से भगवान का पूजन किया। विधि पूर्वक तीनों विग्रहों को रथारुढ कर जयकारे के साथ रथ को मुख्य मंदिर तक लाया गया जहां संध्या पहर में भगवान मुख्य मंदिर के गद्दी पर विराजमान हुए। घूरतीरथ यात्रा में श्रद्धालुओं के आयोजित खिचड़ी महाभोग में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाभोग प्रसाद ग्रहण किया। रथयात्रा को संपन्न करने में आशुतोष चटर्जी, गणेश महतो, रतनलाल महतो, देवलाल महतो, सरोज करमाली, राजकुमार महतो, संदीप महतो, केशर लाल महतो, संजय करमाली, पंकज कुमार, अजय आस्था, विनय कुमार, परितोष चटर्जी, चन्दन मनीष, विक्की, पहलाद आदि शामिल थे।


### रॉंची मंडल के तहत विभिन्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी

**अधिसूचना**

**सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2023** **दिनांक: 15.07.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रॉंची द्वारा रॉंची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। सूचीपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण नीचे उल्लेखित है:

- **श्रेणी:** कैटरिंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीसीटीजी224; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत जीएमयू तथा एसएमयू श्रेणियों के अधीन 57 अदद कैटरिंग इकाइयों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 22.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 23.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे।
- **श्रेणी:** एमपीएस। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएमपीएस14; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत 07 अदद एमपीएस इकाइयों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 19.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 19.07.2024 को पूर्वाह्न 11.40 बजे।
- **श्रेणी:** एवीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएवीएम17; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत एवीएम-2, डब्ल्यूवीएम-11 के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 18.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 18.07.2024 को दोपहर 12.30 बजे।
- **श्रेणी:** एटीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएटीएम27; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत एटीएम हेतु 06 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 29.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 29.07.2024 को अपराह्न 01.20 बजे।
- **श्रेणी:** विविध स्टेटिक्स (चिकित्सा सुविधा)। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएमएफसी9; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 26.07.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 26.07.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे।
- **श्रेणी:** विविध स्टेटिक्स (सैलून)। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएसएएलओएन7; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत रांची स्टेशन में सैलून के संचालन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 29.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 29.07.2024 को दोपहर 12.30 बजे।
- **श्रेणी:** पार्किंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएआरकेआईएनजी27; **सम्पत्ति का विवरण:** सुइसा, पिस्का एवं इटकी में पार्किंग के संचालन एवं प्रबंधन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 30.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 30.07.2024 को दोपहर 12.50 बजे।
- **श्रेणी:** पार्सल स्कैनर। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएस6; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत रॉंची एवं हटिया पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर की स्थापना एवं संचालन। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 25.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 25.07.2024 को सुबह 10.40 बजे।
- **श्रेणी:** (विविध स्टेटिक्स) बैटरी संचालित गाड़ी। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीबीओसी3; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत हटिया स्टेशन में बैटरी संचालित गाड़ी के संचालन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 30.07.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 30.07.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे।
- **श्रेणी:** पार्सल। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएआरसीईएल28; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 35 अदद पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट को पट्टे पर प्रदान करने हेतु 67 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 22.07.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 23.07.2024 को अपराह्न 01.40 बजे।
- **श्रेणी:** विज्ञापन। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएडीवीटी27; **सम्पत्ति का विवरण:** रॉंची मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार संविदाओं (06 अदद आउट ऑफ होम तथा 03 अदद स्टेशन के अंदर) हेतु 09 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 29.07.2024 को सुबह 10.30 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 29.07.2024 को अपराह्न 03.10 बजे।
- **श्रेणी:** विज्ञापन। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीजीएलओडब्ल्यूबीएएलएल2; **सम्पत्ति का विवरण:** हटिया स्टेशन में 3 ग्लो बॉल की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 31.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 31.07.2024 को दोपहर 12.30 बजे।

**टिप्पणी:** रॉंची मंडल की ई-नीलामी के संबंध में नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं से नियमित रूप से आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है।

**(PR-387)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रॉंची**

दक्षिण पूर्व रेलवे

मुस्कान के साथ सेवा


## अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति का सदस्य सह कुंडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक परिसदन चतरा के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, लघु सिंचाई, कृषि, स्कूली शिक्षा, नगर विकास, कल्याण, सहकारिता, ग्रामीण कार्य विभाग स्वास्थ्य, विद्युत, भू-अर्जन, जिला पर्यटन और खेल कूद विभाग समेत अन्य विभागों से प्राप्त अनागत प्रश्नों की उक्त विभागों से संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया और प्रगति और निष्पादन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही समिति द्वारा संबंधित पदाधिकारियों के साथ अनागत प्रश्नों और अन्य विकासात्मक कार्यों के संबंध में विचार विमर्श कर कार्यों को पूर्ण करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। पदाधिकारियों को अनागत प्रश्नों के अद्यतन स्थिति से समिति को ससमय अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कुछ बिंदुओं के कार्य स्थल का भी निरीक्षण करूंगा। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह समेत जिला स्तरीय सभी विभागीय पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।


### कोर्ट नोटिस

न्यायायलय : रॉंची नगर निगम
(न्यायालय कोषांग) कचहरी रोड, रॉंची
पत्रांक सं. 069/3505 दिनांक 15.07.2024
व आदालत
अपर प्रशासक, रॉंची नगर निगम, रॉंची
1. B.C. Case No.- RMC/BP-0946/W52/2019
2. मो0 सरवर ---------------------- वादी
बनाम
श्री विरेन्द्र प्र0 कश्यप एवं अन्य --- प्रतिवादी
**नोटिस बनाम -**
श्री मो0 सरवर, पिता- मो0 कुर्बान, पता- कचनार टोली, पो0- हटिया, थाना- जगरनाथपुर, रांची- 834001.
वजिरये इस नोटिस के माध्यम से आपको को सूचित किया जाता है कि रांची नगर निगम क्षेत्रन्तर्गत वार्ड नं0- 52 स्थित निगम में समर्पित भवन प्लान वाद सं0- RMC/BP/0946/W52/2019 में आपसे प्राप्त आपत्ति पर भवन प्लान वाद दर्ज है, परन्तु सुनवाई की निर्धारित तिथि में आप लगातार कईक तिथियों में अनुपस्थित रहे हैं। अतः आपको पुनः अंतिम मौका दिया जाता है कि दिनांक 22.07.2024 को अपराह 1.00 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आषकी अनुपस्थिति में प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।
इसे ताकिद से जाने।

### शपथ पत्र

शपथ पत्र सं.-547, दिनांक : 12.03.2024 के अनुसार मैं, बिरसी बबीता कन्डुलना, पति- श्री प्रेम केरकेट्टा, पिता-स्व. एतवा कन्डुलना, निवास: ग्राम- बड़ागाई, पो.+थाना-लापुंग, जिला- रॉंची, झारखंड शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करती हूं जो सही एवं सत्य है कि:-
1:- यह कि मैं उपरोक्त पता की स्थायी निवासी हूं
2:- यह कि मेरे पति वर्तमान में आर्मी में सेवारत है एवं आर्मी नं.-जे.सी.-562535 वाई है एवं रैंक सूबेदार प्रेम केरकेट्टा है।
3.यह कि मेरा वास्तविक जन्म तिथि- 19-03-1974 ई. है जो भूलवस मेरे पति के सेवा सर्विस पुस्तिका में जन्म तिथि-19.03.1980 ई. दर्ज है जो गलत है।
4:- यह कि मेरे पति के सेवा सर्विस पुस्तिका में मेरा उक्त वास्तविक नाम बिरसी बबीता कन्डुलना एवं वास्तविक जन्म तिथि 19/03/1974 ई. दर्ज किया जाये।
5:- यह कि शपथ पत्र में अपने पति का उक्त सेवा सर्विस पुस्तिका में मेरा जन्म तिथि सुधार करते हुए मेरा उक्त वास्तविक जन्म तिथि दर्ज कराने हेतु निष्पादित कर रही हूं।
मैं, बिरसी बबीता कन्डुलना शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त सभी बयान मेरी जानकारी एवं विश्वास से पूर्णतः सही एवं सत्य है

# विधेयकों पर बढ़ेगी मेहनत

बीते सप्ताह राज्यसभा के चार मनोनीत सदस्यों के अपना कार्यकाल पूरा कर लेने के बाद सदन में बीजेपी सदस्यों की संख्या घट कर 86 रह गयी। सदस्यता हासिल करने के बाद ये चारों औपचारिक तौर पर बीजेपी से जुड़ गये थे। जाहिर है, अब सत्तारूढ़ पार्टी के फ्लोर मैनेजरों को बहुमत साधने के लिए थोड़ी और मशक्कत करनी पड़ेगी। वैसे, राज्यसभा में बहुमत से दूरी बीजेपी के लिए कोई नयी बात नहीं है। लोकसभा में अपने दम पर बहुमत लेकर सरकार बनाने के बाद भी बीते दस वर्षों में उसे ऊपरी सदन में बहुमत प्रायः मैनेज ही करना पड़ा। आज भी जब लोकसभा में सत्तारूढ़ एनडीए को पूर्ण बहुमत हासिल है, राज्यसभा में उसकी कुल सदस्य संख्या 101 तक ही पहुंच पा रही है। 225 की मौजूदा सदस्य संख्या वाले सदन में साधारण बहुमत के लिए 113 का आंकड़ा जरूरी है। ऐसे में जब इसी महीने की 22 तारीख से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है, केंद्र सरकार की एनडीए से बाहर के दलों पर निर्भरता बढ़ गयी है। हालांकि अब तक के अनुभव की रोशनी में देखें तो इन दलों के बीच से जरूरी समर्थन जुटाना सरकार के लिए कोई मुश्किल लक्ष्य नहीं है। खासकर तब, जब 11 सदस्यों वाली वाइएसआर कांग्रेस और 4 सदस्यों वाली एआइडीएमके जैसी पार्टियां समर्थन देने को तैयार नजर आती हों। वैसे, राज्यसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन की बहुमत से यह दूरी बनी नहीं रहने वाली। अभी सदन की कुल 20 सीटें खाली हैं। इनमें 11 सीटें निर्वाचित प्रतिनिधियों की हैं, जिनके लिए चुनाव इसी साल होने हैं। विधायकों की मौजूदा संख्या को देखते हुए इनमें से सात सीटें सहयोगी दलों को मिलनी तय मानी जा सकती हैं। इसके अलावा अगर महाराष्ट्र में विधायकों को एकजुट रखा जा सका तो दो और सीटें इनके खाते में जुड़ जायेंगी। दूसरी ओर विपक्ष को देखें तो सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के पास अभी 26 सदस्य हैं। तेलंगाना विधानसभा की बदली सूरत के मद्देनजर वहां से एक सीट का इजाफा होना भी लगभग तय है। चूंकि नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए न्यूनतम 25 सीटों की जरूरत होती है, इसलिए उस पर पार्टी को कोई खतरा नहीं है। कुल मिला कर, आशा की जा सकती है कि विधेयकों पर राज्यसभा में आने वाले वक्त में सार्थक बहस दिखेगी।

**जाहिर है, अब सत्तारूढ़ पार्टी के फ्लोर मैनेजरों को बहुमत साधने के लिए थोड़ी और मशक्कत करनी पड़ेगी। वैसे, राज्यसभा में बहुमत से दूरी बीजेपी के लिए कोई नयी बात नहीं है। लोकसभा में अपने दम पर बहुमत लेकर सरकार बनाने के बाद भी बीते दस वर्षों में उसे ऊपरी सदन में बहुमत प्रायः मैनेज ही करना पड़ा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जीएसटी के विषय से जुड़े कई दृष्टिकोणों में से एक है- जीएसटी के राजस्व प्रदर्शन पर हाल में हुई चर्चा- जो अन्य बातों के साथ-साथ यह दर्शाती है कि सकल राजस्व संग्रह में तेज वृद्धि दर्ज की जा रही है, लेकिन इस वृद्धि के अनुरूप शुद्ध राजस्व नहीं बढ़ा है। शुद्ध राजस्व हाल ही में जीएसटी-पूर्व स्तरों पर पहुंच पाया है। शुद्ध संग्रह में इस गिरावट को कुछ चिंता के साथ देखा जा रहा है। इसके अलावा, विशेष रूप से धन वापसी (रिफंड) के साथ डेटा की उपलब्धता की कमी तथा जीएसटी परिषद के कामकाज पर भी कुछ चिंताएं व्यक्त की गयी हैं।**


# जीएसटी के सात वर्ष : राजस्व के आकड़ों की वास्तविकता

**देवी प्रसाद मिश्रा**

सात एक विशेष संख्या है। चाहे गणित (अभाज्य संख्याएं और संख्या सिद्धांत), संगीत (सात संगीतमय स्वर), खगोल विज्ञान (चंद्र चरण में दिन) या पौराणिक कथा (सप्त चक्र, सप्त समुद्र या सप्त ऋषि) हो, सात का चक्र हमारे चारों ओर निरंतर मौजूद है। इसलिए यह प्रयास उचित है कि इस महीने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सात साल पूरे होने पर, हम इस बात की जांच करने के लिए कुछ समय निकालें कि स्वतंत्रता के बाद के सबसे बड़े कर सुधार, जीएसटी, जिसे 1 जुलाई, 2017 की मध्य-रात्रि को लागू किया गया था, का प्रदर्शन कैसा रहा है। तब से, जीएसटी ने बड़े पैमाने पर अकादमिक ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। अनुपालन के सरलीकरण, लॉजिस्टिक्स में सुधार से लेकर मजबूत राजस्व संग्रह तक के प्रत्येक आयाम की विस्तार से जांच की गई है। जीएसटी के विषय से जुड़े कई दृष्टिकोणों में से एक है- जीएसटी के राजस्व प्रदर्शन पर हाल में हुई चर्चा- जो अन्य बातों के साथ-साथ यह दर्शाती है कि सकल राजस्व संग्रह में तेज वृद्धि दर्ज की जा रही है, लेकिन इस वृद्धि के अनुरूप शुद्ध राजस्व नहीं बढ़ा है। शुद्ध राजस्व हाल ही में जीएसटी-पूर्व स्तरों पर पहुंच पाया है। शुद्ध संग्रह में इस गिरावट को कुछ चिंता के साथ देखा जा रहा है। इसके अलावा, विशेष रूप से धन वापसी (रिफंड) के साथ डेटा की उपलब्धता की कमी तथा जीएसटी परिषद के कामकाज पर भी कुछ चिंताएं व्यक्त की गयी हैं। आइए राजस्व प्रदर्शन से शुरू करते हुए इनमें से प्रत्येक बिंदु पर गहराई से विचार करें।

**जैसे-जैसे जीएसटी अपने प्रगति के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी।**

**राजस्व के आकड़ों पर खुशी :** जीएसटी के तहत राजस्व संग्रह का काफी विश्लेषण किया गया है। हालांकि, सकल राजस्व संग्रह की मजबूती को लेकर बहुत कम विवाद है, लेकिन शुद्ध जीएसटी संग्रह यानी रिफंड के बाद राजस्व संग्रह (मुख्य रूप से निर्यात के कारण) के बारे में उठायी गयी चिंताओं को दूर करने के लिए, हम आंकड़ों पर थोड़ा और गहराई से विचार करते हैं। हम बजट दस्तावेजों में बताये गये जीएसटी संग्रह पर अपनी जांच आधारित करते हैं। फिर राज्यों और केंद्र, दोनों के लिए जीएसटी में शामिल करों की तुलना जीएसटी-पूर्व राजस्व संग्रह से की गयी है। परिणाम नीचे दिये गये हैं। हमने जीएसटी संग्रह की साल-दर-साल वृद्धि के साथ-साथ जीडीपी में साल-दर-साल वृद्धि को भी दर्शाया है। हम तीन बातें देख सकते हैं। पहला, शुद्ध राजस्व संग्रह लगातार बढ़ रहा है और जीएसटी लागू होने के बाद इसकी वृद्धि की गति बढ़ी है। दूसरा, जीएसटी शुरू होने के बाद की अवधि में शुद्ध राजस्व की वर्ष-दर-वर्ष आधार पर होने वाली वृद्धि (जीएसटी के शुरू होने से पहले की अवधि में 11.81 प्रतिशत की तुलना में) औसतन 12.76 प्रतिशत रही। यह उपलब्धि महामारी के बाहरी झटके के बावजूद है। तीसरा, हम यह देख सकते हैं कि शुद्ध राजस्व वृद्धि ने लगातार सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। यह नयी कर व्यवस्था की प्रणालीगत दक्षताओं को दर्शाता है। अन्य चरों में, राजस्व संग्रह कर दरों का एक फलन होता है। यहां संदर्भ के लिए, हम इस तथ्य को याद कर सकते हैं कि कर संग्रह संबंधी दक्षता में सुधार के साथ-साथ कर दरों में उल्लेखनीय कमी आयी थी। जीएसटी की शुरुआत से पहले, जीएसटी के लिए राजस्व निरपेक्ष दर (आरएनआर) से संबंधित समिति ने 15-15.5 प्रतिशत की दर की सिफारिश की थी। इसके ठीक उलट, जीएसटी की शुरुआत के समय इसकी प्रभावी दर 14.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया था। बाद में सितंबर 20197 में इसे घटा कर 11.6 प्रतिशत कर दिया गया और मार्च, 20238 में यह 12.2 प्रतिशत हो गया। राजस्व के संदर्भ में, इसे अर्थव्यवस्था के लिए पिछले साल ही 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत [प्रोत्साहन] के रूप में निरूपित किया जा सकता है! यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में भारत की जीएसटी दरें दुनिया में सबसे कम हैं।




शुद्ध जीएसटी राजस्व [दायां अक्ष] बनाम जीडीपी और राजस्व संग्रह में साल-दर-साल वृद्धि

**कराधान में उछालः कराधान संबंधी दक्षता का एक ठोस उपाय :** एक उठता हुआ ज्वार सभी नावों को ऊपर उठा देता है। राजस्व में वृद्धि एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम होता है, हालांकि सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि के ऊपर राजस्व संग्रह में होने वाली वृद्धि (या उछाल) एक कर प्रणाली की प्रणालीगत दक्षता की असली परीक्षा होती है।

इस मामले में, जीएसटी की शुरुआत के बाद से पहले पांच वर्षों के दौरान, सकल घरेलू उत्पाद (मौजूदा कीमतों पर) के मुकाबले शुद्ध राजस्व उछाल 1.02 था, जबकि जीएसटी के बाद के सात वर्षों के दौरान यह 1.28 था। यह जीएसटी द्वारा संभव बनायी गयी संग्रह संबंधी क्षमता का एक प्रमाण है। वास्तव में, भारत की जीएसटी संग्रह संबंधी दक्षता [अधिकतम संभव कर से एकत्रित प्रतिशतता- सभी उपभोग में पूर्ण अनुपालन और कवरेज को मानते हुए] 2022-23 में 0.61 थी। संदर्भ के लिए अगर देखें, तो 37 ओइसीडी देशों के साथ इसकी तुलना करने पर भारत शीर्ष एक तिहाई में स्थित है।

**आंकड़ों का सवाल :** निःसंदेह, मासिक आधार पर जारी किये गये राजस्व के आंकड़ों में आमतौर पर सकल संग्रह के आंकड़े शामिल होते हैं। शुद्ध आंकड़े केवल फरवरी, 2024 से प्रकाशित किये गये हैं। हालांकि, जीएसटी की शुरुआत के बाद से प्रत्येक वर्ष की वार्षिक सांख्यिकीय रिपोर्ट प्रकाशित की गयी है और सार्वजनिक रूप से रखी गयी है। इन रिपोर्टों में निर्यात के कारण किए जाने वाले जीएसटी रिफंड से संबंधित महीने-वार विवरण शामिल हैं। इसलिए रिफंड संबंधी आंकड़ों की सार्वजनिक दृश्यता, थोड़े अंतराल पर ही सही, बनी हुई है।

हम, बिना किसी आधार के, इस दावे की जांच करने के लिए आगे बढ़ते हैं कि जीएसटी परिषद में केंद्र का प्रभुत्व है। जीएसटी की शुरुआत के साथ, केंद्र और राज्यों ने नये कर के प्रशासन से संबंधित मामलों में, खासतौर पर नीति निर्माण, दरों के निर्धारण, कानूनों/नियमों का मसौदा तैयार करने, अनुपालनों के समन्वय आदि जैसे क्षेत्रों में अपनी संप्रभुता को एकाकार किया। कभी-कभी इसे राज्यों की शक्तियों पर प्रतिबंध के रूप में उद्धृत किया जाता है। हालांकि, यह केंद्र सरकार के लिए भी समान रूप से एक प्रतिबंध है। जीएसटी परिषद ने अपनी समितियों के समर्थन से, कई जटिल मुद्दों पर विचार किया है और वह कई ऐसी सिफारिशें लेकर आगे आयी है, जिससे कानून के प्रशासन में एकरूपता और दरों की संरचना में स्थिरता आयी है। यह सहकारी संघवाद की भावना का एक प्रमाण है कि केवल एक को छोड़कर, जीएसटी परिषद के सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये हैं। इसके अलावा, अनुपालनों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सभी त्रुटियों को दूर करने या छूट को तर्कसंगत बनाने के परिषद के सभी निर्णयों से केंद्र और राज्यों को समान रूप से लाभ पहुंचा है। उपरोक्त चर्चा से, तीन बिंदु उभर कर सामने आते हैं- सबसे पहले, जीएसटी की संग्रह संबंधी क्षमताएं स्पष्ट, सुसंगत एवं प्रारंभिक हैं और मुख्य रूप से अंतर्जात कारकों के कारण हैं-यही बात रिफंड के शुद्ध राजस्व संग्रह को देखने के समय भी लागू होती है। दूसरा, हमारी कर दरों के साथ-साथ हमारी संग्रह संबंधी क्षमताएं बाकी दुनिया के अनुरूप हैं। तीसरा, जीएसटी ने अपेक्षाकृत कम कर दरों और बाहरी झटकों के बावजूद राजस्व में लगातार वृद्धि की है।

जैसे-जैसे जीएसटी अपने प्रगति के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए दर संरचना का सरलीकरण, जीएसटी के दायरे से बाहर रह गयी वस्तुओं को शामिल करना और साथ ही एक कुशल अपीलीय तंत्र जैसे प्रशासनिक मुद्दे। हालांकि अब जबकि जीएसटी के सात वर्ष पूरे हो गये हैं, उत्सव मनाने के लिए काफी कुछ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# आरएसएस और भाजपा ने अब यूपीएससी परीक्षाओं में भी शुरू की धांधली: डॉ अजय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने भाजपा सरकार पर जानकर हमला बोला। मंगलवार को नई दिल्ली में प्रेसवार्ता के दौरान प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देश के हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली होने की बात कही। उन्होंने कहा कि मीडिया अगर सूचना का अधिकार कानून का इस्तेमाल कर उन उम्मीदवारों के यूपीएससी परीक्षा के सटीक अंक पता लगा ले जो भाजपा नेता के रिश्तेदार हैं, तो वे चौंक जाएंगे। सारा दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। डॉ. अजय ने नीट परीक्षा के पेपर लीक का भी जिक्र किया। कहा अगर केंद्र सरकार ऐसे घोटालों में शामिल होगी तो मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे कहां जाएंगे। क्योंकि वे ऐसी परीक्षाओं पर बहुत अधिक निर्भर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पुणे के आईएएस अधिकारी को 800वीं रैंक और आईएएस कैडर मिलना यूपीएससी और केंद्र सरकार पर बड़ा सवाल है। यह स्पष्ट करता है केंद्र में एनडीए सरकार के तहत कितना भ्रष्टाचार व्याप्त है।



## उपभोक्ताओं के गलत बिजली बिल की जांच कर सुधार करे विभाग : मंगल कालिंदी

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। जुगसलाई विधानसभा के पूर्वी घोड़ाबांधा पंचायत अंतर्गत ग्वालाडेरा खापचाडुंगरी में बिजली का गलत बिल आने से स्थानीय लोग काफी परेशान है। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना विधायक मंगल कालिंदी को दी। मंगलवार को मामला संज्ञान में आते ही विधायक मंगल कालिंदी ने स्थानीय लोगों के साथ बिजली विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से मुलाकात की। बैठक कर जल्द से जल्द सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल में सुधार कराने का निर्देश दिया। जानकारी मिलने पर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने जांच कर बिल में सुधार करने का अश्वाशन दिया।

# विधायक ने 3.32 करोड़ से बनने वाली तांबाजुड़ी-सोमायडीह सड़क योजना का किया शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुसाबनी।** मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत स्थित ताम्बाजुडी से सोमायडीह मुख्य पथ - दलमाबेडा तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, सांसद प्रतिनिधि जयंत घोष,प्रखंड प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम,मुखिया पोरमा बानरा,पूर्व जिला पार्षद बाघराय मार्डी, कान्हू सामन्त, प्रधान सोरेन, विक्रम मुर्मू, मुखिया पोरमा बानरा आदि के द्वारा पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़कर किया गया। सड़क की लम्बाई-4.150 किलो मीटर है। इसकी प्राकल्लित राशि 3 करोड़ 32 लाख है। सड़क निर्माण कार्य के संवेदक एम एस संजीव कुमार सिंह है। कार्यपालक अभियंत ग्रामीण कार्य विभाग कार्य,जमशेदपुर द्वारा इस सड़क की मोनेटरिंग की जा रही है। शिलान्यास के मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार इस सड़क का निर्माण हो रहा है। शिलान्यास के मौके पर मुख्य रूप से विधायक रामदास सोरेन, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत ,प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम, ग्राम प्रधान फुरमल टुडू, पूर्व जिला पार्षद बाघराय मार्डी, सांसद प्रतिनिधि जयंत घोष, केंद्रीय सदस्य कान्हू सामन्त, बाघराय मार्डी, प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत के मुखिया पोरमा बानरा, लोबिन सबर, विक्रम मुर्मू, गणेश टूडू, सोमाय टूडू,महेश्वर हांसदा साधु हेंब्रम, उप मुखिया राहिल बंकिरा,मृत्युंजय पांडेय सहित काफी संख्या में ग्रामीण और झामुमो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



# प्रशासनिक विफलताओं का कारण बनी पत्रकार की मौत, सड़क दुर्घटनाओं में अपने लोगों की जा रही जान : मनोज चौधरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा शेख अलाउद्दीन बहुत ही सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। वे निष्पक्ष पत्रकारिता करते थे। उन्होंने अपनी कलम का कभी भी दुरुपयोग नहीं किया। उनके साथ आत्मीय संबंध रहा। उनकी सड़क दुर्घटना में अस्वाभाविक मृत्यु पर उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए प्रशासन को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि बीते कई वर्षों से सरायकेला की जनता अपने परिवार के सदस्यों को लगातार को खो रहे। ऐसा कोई भी दिन नहीं रहा जिस दिन सरायकेला जिले में सड़क दुर्घटनाएं नहीं हो,स्थानीय जनता भी सड़क दुर्घटनाओ के नाम पर सहमें से रहते हैं। प्रशासन सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में केवल कोरम पूरा करती है। उन्होंने कहा कि सरायकेला स्थित राज्यकीय उच्च पथ काफी व्यस्त सड़क है। मुख्य सड़क पर ही पूरे कोल्हान का भाड़ है। ऊपर से श्री सीमेंट कंपनी और लोह अयस्क की हजारों वाहन सहित अन्य उधोगो की हजारों वाहनों से कई लोग घायल व कई जान गवाह चुके है। लगातार सरायकेला राजकीय उच्च मार्ग में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थायी नो एंट्री और स्थायी समाधान के लिए रिंग रोड की मांग की जा रही है। जिसका शिकायत लोकायुक्त झारखंड से की गई थी। उनके निर्देश पर नो एंट्री केवल सरकारी दस्तावेज बनकर रह गई। प्रसाशन से मांग करते है सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य करें। ताकि भविष्य में जान माल की रक्षा के लिए सकारात्मक परिणाम सामने आ सके।




# पुलिस कर्मियों को कराया गया अप्रिय स्थिति से निबटने का अभ्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी पुलिस लाइन में एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर जिला प्रशासन के द्वारा मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। मौके पर लाठी चार्ज,टीयर गैस व आंसू गैस छोड़ने के लिए पुलिस कर्मी को अभ्यास कराया गया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया त्योहारो को लेकर जमशेदपुर पुलिस पूरी तरह से तैयारी कर रही है। इसको घ्यान में रखते हुए मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। एसएसपी ने कहा मूल रूप से यह पुलिस की तैयारी है। अगर किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति या किसी प्रकार की मजमा उत्पन्य होती है या फिर एक साथ भीड़ जमा होती है तो उस दौरान पुलिस को किस तरह से प्रोटेक्ट करना है। भीड़ को कम करने के लिए आवश्यकता पड़ती है तो किस तरह से लाठी चार्ज करना है,टी यर गैस का इस्तेमाल करना है या फिर आंसू गैस किस तरह से छोड़ना है। प्रोसेस का इस्तेमाल कंट्रोल में हो और इसका उद्देश्य केवल भीड़ को कंटोल करना है नाकि किसी व्यक्ति आहत पहुंचना है। एसके लिए पुलिस कर्मी को मॉक ड्रील के माध्यम से अभ्यास कराये जा रही है। इसके आलावे सभी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च व लगातार पैदल मार्च निकालने का निर्देश दिया गया। साथ ही जुलूस में शामिल वॉलिंटियर्स के साथ पुलिस को लगातार संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया। उन्होंने शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने के लिए अपील की। इ इस अवसर पर एसएसपी किशोर कौशल के साथ ग्रामीण एसपी रिश्रव गर्ग, डीएसपी सुधीर कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।

# बस्ती वासियों के समर्थन में युवा कांग्रेस का डीसी कार्यालय में प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के भुईयाडीह स्थित कल्याण नगर, इंदिरा नगर बस्ती में बने लगभग 150 मकानों को तोड़ने का नोटिस मिलने की जानकारी मिलने पर कांग्रेसियों ने डीसी कार्यालय के समक्ष विरोध दर्ज कराया। मंगलवार को पूर्व सांसद डॉ.अजय कुमार के निर्देश पर युवा कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव राकेश साहू के नेतृत्व में सैकड़ो बस्तीवासी पदयात्रा कर डीसी कार्यालय पहुचे। जहा कांग्रेस के को-ऑर्डिनेटर अशोक चौधरी,पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र झा उर्फ नट्टू झा, नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर,अभिजीत सिंह बबलू झां,नीरज साहू,रवि रंजन ने बस्ती वासियों के साथ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर सभी नेताओं ने कहा कि किसी भी कीमत पर एक भी मकान तोड़ने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा पूर्व सांसद डॉ.अजय कुमार सीएम हेंमत सोरेन से वार्ता की हैं। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया है इस मामले में कानून विशेषज्ञों से बात करेंगे।इस अवसर पर कांग्रेसियों ने डीसी व एलआरडीसी के नाम मांग पत्र सौंपा। वही राकेश साहू ने कहा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बस्तीवासियों के साथ खड़ा हैं। मौके पर उषा यादव, संध्या दास, सीमा महापात्र,नमृता सिंह, बलबीर शर्मा, कर्मिन ठाकुर, आनंद साव, अशोक साव, गौतम साव,अनीता देवी,अंजू देवी, विनोद रजक, कुंती देवी, सरस्वती कर्मकार, निर्मला मुखी, राजू मंडल, आरती कुमारी, प्रतिमा साहू सहित काफी संख्या में बस्तीवासी मौजूद रहे।



## मुहर्रम त्योहार को लेकर मझिआंव में निकाला गया फ्लैग मार्च



मझिआंव (आजाद सिपाही )। मुहर्रम त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मझिआंव में पुरे दल बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। बताते चले की यह फ्लैग मार्च प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च थाना से निकलकर बाईपास सड़क पुराना हॉस्पिटल मुख्य सड़क होते हुए पूरे शहर में भ्रमण करते हुए चंद्रवंशी पेट्रोल तक किया गया। इसके पश्चात ब्लॉक रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंचा। तत्पश्चात सभी पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी ने थाना क्षेत्र में भ्रमण करते हुए तमाम आम आवाम से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई चंदन प्रधान, एएसआई आलोक कुमार के साथ पुलिस दलबल के साथ शामिल थे।

# पिकअप वैन से टकराया स्कूली बच्चों से भरा ऑटो, दो बच्चों की मौत, तीन घायल

**उग्र भीड़ ने पिकअप वैन को किया आग के हवाले, पुलिस से भी हुई ग्रामीणों की झड़प**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर एनएच 75 के बायपास फोर लेन पर मंगलवार की दोपहर स्कूल से घर लौट रहे बच्चों से भरा एक ऑटो की भिड़ंत पिकअप वैन से हो गयी। घटना हाईवे पर कर्मडीह मोड़ के पास घटी। इस दुर्घटना में दो बच्चों का घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि दो बच्चों समेत ऑटो ड्राइवर भी घायल हो गया है। घायल ऑटो ड्राइवर को सदर अस्पताल गढ़वा में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद उग्र भीड़ ने पिकअप वैन को आग के हवाले कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची पुलिस के साथ ग्रामीणों की झड़प भी हुई। उग्र भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस द्वारा हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। इसमें कुछ लोगों को घायल होने की भी सूचना है।

इस घटना में करमडीह गांव का दिनेश राम का छह वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार जाटा गांव का हरी प्रसाद राम का सात वर्षीय पुत्र देवानंद कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी है। जबकि दो बच्चे भी घायल हो गये हैं। घायल बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर पहुंची वहां पुलिस को आक्रोशित भीड़ को तीतर बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। घटना के बाद सदर अस्पताल में परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। वहीं मृतकों के गांवों में भी मातम पसरा हुआ है। सभी बच्चे जिला मुख्यालय गढ़वा के सहिजन मोहल्ला स्थित आरएन टैगोर स्कूल के छात्र हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया की ऑटो में लगभग 6 बच्चे थे। जो प्रतिदिन नियमित अपने गांव से ऑटो से विद्यालय आते थे। जिनके लौटने के क्रम में उक्त घटना घटी। घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण है। बताया जाता है कि पिकअप वैन का ड्राइवर घटना के बाद घटनास्थल से तुरंत फरार हो गया।

डीएसपी नीरज कुमार दलबल के साथ मौजूद थे। नाराज ग्रामीणों की पुलिस के साथ मौके पर ही नोकझोंक हुई है।

## मुहर्रम पर्व को लेकर कांडी पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला



कांडी (आजाद सिपाही)। मुहर्रम पर्व को लेकर कांडी पुलिस द्वारा मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पुलिस इंस्पेक्टर सुनील तिवारी के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना प्रांगण से शुरू होकर प्रखण्ड कार्यलय, बाजार होते हुए पेट्रोल पंप तक गया। पुन: वापस थाना तक जाकर समाप्त हो गया। वहीं कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। ताकि लोगों में किसी भी प्रकार का कोई भय न रहे। फ्लैग मार्च में एसआई रौशन राम, एएसआइ शंभु कुमार, दशरथ टोप्पो सहित अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

## चोरी का अभियुक्त राजन तिवारी गिरफ्तार

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना कांड संख्या -65/2024, दिनांक 15.07.2024 धारा 317(2) इ.ठ.र के प्राथमिकी अभियुक्त राजन तिवारी उर्फ रोहित तिवारी पिता प्रभु तिवारी ग्राम कुशहा टोला बनाही थाना कांडी जिला गढ़वा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त के पास से विभिन्न जगहों से चोरी कर रखे गये 42 जोड़ा चांदी का बिछिया, 08 मोटर और 01 टुल्लू पंप, तथा एक मोबाइल बरामद किया गया है। प्राथमिकी अभियुक्त कांडी थाना कांड संख्या 91/23, दिनांक 14/11/2023 धारा 457/380 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त हैं तथा उक्त कांड में चोरी की बात अभियुक्त अपने से स्वीकारोक्ति बयान में स्वीकार किया है।

## मोहर्रम को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने मंगलवार की देर शाम फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी व जवान पैदल निकले जो थाना से मुख्य बाजार और क्रपुरी चौक प्रखंड कार्यालय होते हुए अरसली उतरी दक्षिणी सहित विभिन्न चौक चौराहो तक गयी। इस दौरान थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने बताया कि बाजार में जगह जगह शांति व्यवस्था बनाए रखने कि अपील की गयी है। कहा कि सभी लोग सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करें कोई भी संदिग्ध दिखें, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, किसी ने भी गड़बड़ी करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई कि जायेगी। इस मौके पर थाना थाना के प्रदीप कुमार, निरंजन शर्मा, प्रभु मेहता सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# बिना कमीशन का कोई काम नहीं होने से जनता त्रस्त है: गिरिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** झारखंड के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन यात्रा जारी है। वर्तमान में यात्रा रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की जन समस्या को सुलझाते हुए गतिमान है। यात्रा रंका प्रखंड के पंचायत विश्रामपुर के ग्राम विश्रामपुर के टोला गौरयाबखार, ग्राम कूदूरूम के टोला ढ़ेगुरा, बरवाहा टोला, 22 प्लाट, मिशन मोड़ टोला में भ्रमण किया। अपने यात्रा के दौरान गिरिनाथ सिंह ने पेयजल मंत्री पर प्रहार करते हुए कहा कि जब स्थानीय विधायक मंत्री नहीं थे तो टैकर से पानी देते थे। आज जनता पानी के लिए बेहाल हैं। गढ़वा विधानसभा में कमीशनखोरी व्याप्त हैं, बिना कमीशन का कोई काम नहीं होने से जनता त्रस्त है। एक साधारण सा कुंवा लेने के लिए 20000 से 30000 का कमीशन लिया जा रहा हैं। जनता इन सभी घटना में संलिप्त लोगों का हिसाब अपने आने वाले चुनाव में अपने वोट से लेगी। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में हुए विकास के साक्ष्य आज भी विद्यमान है। मैं गढ़वा के बेहतर और उत्कृष्ट विकास हेतू कटिबद्ध हूं। कार्यक्रम में मुख्यरूप से लखन कोरवा, सुलपानी सिंह, सुनील माली, अशोक प्रसाद गुप्ता, बाबूलाल साव, यमुना साव, महेश यादव, पारस यादव, राजाराम यादव, देवनाथ ठाकुर, रामदेव कोरवा, मदन प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दो ऑटो की टक्कर में एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया गोदरमाना मुख्य सड़क के बगडेगवा नदी के समीप तीखी मोड पर दो ऑटो के आमने सामने टक्कर में अनुमानित एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो में बच्चे सहित महिला पुरुष शामिल हैं। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से पुलिस जवानों के द्वारा तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सोनू अंसारी, जुबेदा बीवी, शराफत अंसारी, बृजेश कुमार पांडे भंडरिया अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी, सबीना बीवी, इंद्रावती कुंवर, को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल डालटेनगंज रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायल प्रीति कुमारी, रवीना बीबी, जरीना बीबी, अजमुद्दीन अंसारी, सव्या, इंताप अंसारी आदि का इलाज भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही किया जा रहा है। जानकारी देते हुए ऑटो पर सवार जरीना बीवी ने बताया कि हम सभी समकंडा थाना क्षेत्र के धावा मूडखुड से एक ऑटो पर सवार होकर भंडरिया थाना क्षेत्र के परसवार गांव में अपने दामाद अब्दुल अंसारी के मिट्टी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे दुसरे आटो से टक्कर हो गया जिससे हम सभी लोग घायल हो गये। इनमें बृजेश कुमार पांडे इंद्रावती, कुवर, प्रीति कुमारी को छोड़कर सभी एक ही परिवार के बताये जा रहे हैं। सुचना मिलते ही अंचलाधिकारी राकेश कुमार सिंह व इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार सिंह अस्पताल पहुंच सभी घायलों से मिलें तथा तत्परता दिखाते हुए बिना देर किये गंभीर रूप से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से डालटेनगंज भेजने का कार्य किया।

## अंचल कर्मियों ने काला बिला लगाकर किया कार्य



सगमा (आजाद सिपाही)। झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सगमा के प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने काला बिला लगाकर अपने कार्यों को संपन्न किया। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड कर्मी रविरंजन कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य अनुसचिवीय महासंघ के आह्वान पर हम सभी प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने अपने नौ सूत्री मांग के समर्थन में कला बिला लगाकर कार्य किये। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय महासंघ के द्वारा सरकार के पास नौ सूत्री मांग रखा गया है, जिसे लागू करवाने के लिए गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड के समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारी अभी कला बिला लगाकर अपने अपने कर्तव्यों का तत्परता पूर्वक निर्वाहन कर रहे हैं। इसके बाद महासंघ के द्वारा जो भी निर्णय लिया जायेगा, उसके अनुसार आगे की रणनीति के तहत काम किया जायेगा। इस अवसर पर प्रखण्ड के प्रधान सहायक चोन्हास एका अंचल के प्रधान सहायक अनुकूलित कक्षप अजीत कुमार रविंद्र कुमार सुरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

# रुआर कार्यक्रम को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को 16 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रखंड के सभी विद्यालयों में स्कूल रुआर कार्यक्रम को लेकर बैठक की गयी। बैठक में सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सीआरपी, बीआरपी, बीडीओ सह सीओ, प्रमुख, बीडीसी, मुखिया सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ सह सीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा कि स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत विद्यालय के पोषक क्षेत्र के अनामांकित बच्चो को चिन्हित कर उस बच्चों के अभिभावक से मिलकर कर विद्यालय मे नामांकन कराने हेतु सभी प्रधानाध्यापक को कहा गया। उन्होने कहा कि स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत विद्यालय के पोषक क्षेत्र में एक भी बच्चा अनामांकित न रहे इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्यक्रम के तहत सभी को मिलकर विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चों को नामांकन कराना है। सीओ ने कहा कि इस बार 8 माह का पैसा मिलने वाला है। इस पर सभी को मिल कर कार्य करने की जरूरत है। वहीं रामवी के प्रधानाध्यापक अजित पांडेय ने कहा कि मध्य विधलाय 1885 से अवस्थित है। जिसका अभी तक सीमांकन अभी तक नही हुआ है। सीमांकन को लेकर अंचल में दो दिन पूर्व आवेदम दिया है। प्रधानाध्यापक ने कहा कि कुछ लोग विधलाय के जमीन को खरीद बिक्री कर जमीन को अतिक्रमण करा रहे है। उसे अविलंब रोक लगाने की मांग सीओ से किया है। इस पर सीओ ने अविलंब जमीन का मापी करा कर खुटागड़ी करने का आस्वासन दिया है। इस बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, उपप्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, प्रधानाध्यापक सुबोध द्विवेदी रमेश ठाकुर, उपेंद्र गुप्ता, प्रवीण पांडेय, नवनित तिवारी, बीडीसी शांति देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कर्मचारियों ने नौ सूत्री मांगों को लेकर काला बिल्ला लगा कर किया कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड और अंचल अनुसचिवीय लिपिकीय संवर्ग कर्मचारी अपने नौ सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य संपादित किया। वहीं 18 जुलाई को 2 से 5 बजे तक पेन डाउंन स्ट्राइक (हड़ताल), 20 जुलाई को कैंडल मार्च तथा निम्न मांगें नहीं मानने पर 22 जुलाई 2024 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर सभी कर्मी चले जायेंगे। इन मांगों में सरकार द्वारा अनुमोदित उच्च स्तरीय समिति के अनुशंसा के आलोक में निम्नवर्गीय लिपिक के ग्रेड वेतन को 1900 से बढाक र 2400, उच्च वर्गीय लिपिक का ग्रेड वेतन 4200, प्रधान लिपिक का ग्रेड वेतन 4600, कार्यालय अधिक्षक का ग्रेड वेतन 4800 तथा प्रशासी अधिकारी का ग्रेड वेतन 5400 करने और अविलंब पद सृजन करने, निम्न से उच्च वर्गीय लिपिक प्रोन्नति के लिए निर्धारित कालावधि 8 वर्ष से घटाकर 4 वर्ष करने और अन्य उच्चतर पदों के लिए प्रोन्नति के कालावधि में पचास प्रतिशत की छूट देने तथा एम ए सी पी के माध्यम से पद क्रम के अनुसार वेतनमान देने, एमएसीपी की कालावधि 10 से 8 वर्ष कर वेतन मान अनुमान्य करने तथा कर्मियों की सेवा 60 साल से बढ़ाकर 65 साल करने सबंधी आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर रंका प्रखण्ड प्रधान सहायक मुकेश कुमार, अंचल प्रधान सहायक शंकर दयाल पांडेय, प्रखंड नाजीर शिव शंकर कुमार, राहुल कोरवा, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रदीप ठाकुर सहित काफी संख्या में कर्मियों का नाम शामिल है।

## स्कूल रुआर की प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड संसाधन केंद्र रंका में स्कूल रुआर - 2024 का प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इस प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रतिनिधि सह प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय शिक्षक प्रताप पांडेय, अनिल कुमार पासवान सुधीर कुमार रजक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। रुआर कार्यक्रम मुख्यत: 5 से 18 आयु वर्ग के छिजित और अनामांकित बच्चों को विद्यालय में वापस नामांकन कराते हुए उपस्थिति सुनिश्चित करना है यह कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर 16 दिनों तक अर्थात 16 जुलाई से 31 तक विद्यालयवार किया जाना है। इस अवसर पर प्रखंड साधन सेवी महबूब अंसारी, सत्येंद्र कुशवाहा ,संकुल साधन सेवी शिव कुमार उपाध्याय ,देवेंद्र नाथ उपाध्याय, संजय प्रसाद ,पंकज कुमार गुप्ता, चंद्र मौलिकांत तिवारी, राकेश तिवारी, राम सहित सभी कोटि के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# जनता का कोई भी कार्य नहीं रहेगा अधूरा : मंत्री मिथिलेश

**वज्रपात पीड़ित परिवार से की मुलाकात, कहा-मिलेगा हर सहयोग**

**मंत्री ने किया मेराल के विभिन्न गावों का दौरा, सुनी लोगों की समस्याएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



वज्रपात पीड़ित परिवार से मिलते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**मेराल।** गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मेराल प्रखंड के रजहारा गांव में वज्रपात की घटना से पीड़ित शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। मंत्री ने परिजनों को हर सरकारी लाभ दिलाने और अन्य सहयोग देने की बात कही। साथ ही मंत्री ने संबंधित पदाधिकारी को तत्काल सरकारी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही मंत्री ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों का भ्रमण की जनता की समस्याओं को सुना एवं उसे दूर करने की बात कही।

इस दौरान मंत्री ने हासनदाग पंचायत के दुनुखांड़ देवी धाम स्कूल के समीप, हरकुड़ी गांव, कजराठ गांव, ग्राम हासनदाग में मस्जिद के पास, बाना मदरसा के समीप, लातदाग में शिव चर्चा स्थान के समीप, संगबरिया में दुर्गा मंडप के समीप कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की जनसमस्या से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने की बात कही। साथ ही मंत्री ने ग्राम अधौरा में दुर्गा मंडप के समीप चौपाल का भूमि पूजन भी किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे स्वयं गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्या से रूबरू हो रहे हैं और उसे दूर कर रहे हैं। पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में जनता का कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा। वे सभी कार्यों को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेवारी के साथ पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शेष बचे हुए कार्य को भी बहुत जल्द पूरा कर लिया जायेगा। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, सचिव मनोज ठाकुर, नीलू खान, मुन्ना सिंह, अंकित पांडेय, दिलीप गुप्ता, दीपमाला सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 21 से 49 वर्ष तक की राज्य की सभी महिलाओं को अगस्त से मिलेगा एक-एक हजार रुपये : मंत्री

**ठगों से जनता रहे सावधान, चुने अपना असली सेवक**

**दुलदुलवा में 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गावों का दौरा किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए। उन्होंने क्षेत्र की समस्या से अवगत होते हुए यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने दुलदुलवा में बरवाही शिव मंदिर के समीप, पेंदली में बजरंग बली मंदिर के समीप, ग्राम गोबरदाहा में तेलईदह शिव मंदिर के समीप, ग्राम चामा में शिवनाथ विश्वकर्मा के घर के समीप आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। वे ग्रामीणों और क्षेत्र की समस्या से अवगत हुए। साथ ही ग्राम नवादा में मुहर्रम कमिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम तथा गढ़वा प्रखंड के करके ग्राम में मुहर्रम के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भी मंत्री ने भाग लिया। इस दौरान झारखंड सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर दुलदुलवा में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे ग्रामीणों की हर समस्या दूर करने के लिए तत्पर हैं। मंत्री ने कहा कि वे झूठ एवं फरेब की राजनीति नहीं करते हैं। सच्चे मन से जनता की सेवा करते हैं। मंत्री ने कहा कि आगामी अगस्त माह से 21 से 49 वर्ष तक की वैसी सभी महिलाएं जो नौकरी नहीं करती हैं तथा इनकम टैक्स नहीं देती हैं। उन्हें प्रत्येक माह एक-एक हजार रुपये उनके खाते में चला जायेगा। मंगलवार को मंत्री श्री ठाकुर का क्षेत्र भ्रमण के दौरान दुलदुलवा में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर और माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

## डंडई प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय डंडई के मुख्य बाजार में मंगलवार को मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर डंडई पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना प्रभारी जनार्दन रावत के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च डंडई थाना मोड़ से होते हुए लवाही मोड़, हनीफ पेट्रोल पंप, मुख्य बाजार, यदुवंशी पेट्रोल पंप, अंबेडकर चौक सहित कई इलाकों का भ्रमण किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगों से मुहर्रम पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ मनाने कि अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित करते हुए कड़ी कारवाई कि जायेगी। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से शेखर सिंह एएसआई सत्येंद्र राय, हर इसी हरे कृष्णा प्रसाद सहित काफी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

# मामूली विवाद में पत्नी की पीटकर हत्या, आरोपी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो ग्राम निवासी स्वर्गीय चतुर चिक बड़ाइक का 55 वर्षीय पुत्र नरेश चिक बड़ाइक ने सोमवार रात्रि में मामूली विवाद में अपनी पत्नी की हत्या कर दिया। वहीं बताया जाता है कि नरेश चिक बड़ाइक शराब का सेवन करने के बाद प्रायः परिवार से लड़ाई झगड़ा करता रहता था। जिसके कारण अक्सर पत्नी लाली देवी ईंट भट्ठा कमाने चली जाती थी। इस बार भी ऐसा ही हुआ था। जो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ईंट भट्ठा से कमा कर एक माह पहले आयी थी कि पति पत्नी के बीच विवाद हुआ और हत्या की घटना को अंजाम दे पति फरार हो गया। जानकारी के अनुसार नरेश चिक बड़ाइक शराब के नशे में अपनी पत्नी लीला देवी से लड़ाई करने लगा और गुस्से में आ कर अपनी पत्नी को घर के आंगन में पटक पटक कर लात मुक्का से मारपीट करने लगा और घसीट कर घर के अंदर ले गया। मार पीट एवं पटकने से सिर में गहरी चोट लगने के अलावे शरीर के कई हिस्से में भी अंदरूनी चोट लगने का निशान है। जिससे महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला लाली देवी का पुत्र प्रकाश चिक बड़ाइक गांव में ही दोस्त के घर सोने गया हुआ था। घर में दोनों पति पत्नी थे। हत्या के सूचना के बाद मुखिया बंधन उरांव ने सेन्हा थाना पुलिस को खबर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और अग्रतर करवाई में जुट गयी है। वही हत्यारा पति नरेश चिक बड़ाइक हत्या करने के बाद से फरार है।

# आमजन की बातों और समस्याओं को सरकार तक पहुंचायेंगे : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जिले के विकास के लिए वह हमेशा से तत्पर हैं। लोग अपनी बातों एवं समस्याओं को रखें इसको वे राज्य एवं केंद्र सरकार तक पहुंचाएंगे और उनके समस्याओं का निदान का भरसक प्रयास करेंगे। वे जिले के आम जन एवं प्रशासन के साथ हमेशा खड़े हैं। समन्वित प्रयास से ही जिले का समुचित विकास होगा। इच्छा शक्ति से हर समस्या का निदान किया जा सकता है। मौके पर उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह सेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेन्द्र सिंह मुंडा, निदेशक आइटीडीए सुशमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, डीसीएलआर सुजाता कुजूर, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद दास,जिला सब रजिस्ट्रार सुभाष दत्ता, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज सहित जिला के सभी विभागों के विभागीय प्रधान उपस्थित थे।

## विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा हुई, दिया निर्देश

इधर मनरेगा की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि इस योजना में ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों की भागीदारी बढ़ायें। बिरसा हरित ग्राम के तहत लगाये गये पौधों को उन्होंने समुचित देखभाल करने को कहा ताकि भविष्य में उसका विकास अच्छा हो। उन्होंने वीर शहीद पोटो हो, बिरसा सिंचाई कूप, आधार आधारित भुगतान प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास आदि महत्वपूर्ण संचालित योजनाओं की एक-एक कर जानकारी लेते हुए समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। समेकित जनजाति विकास अभिकरण के कार्यों के समीक्षा के क्रम में उन्होंने ज्यादा से ज्यादा छात्रों को प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से ससमय अच्छादित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कुक्कुट पालन योजना एवं एमएसडीपी के तहत संचालित विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिले के सदर अस्पताल के आइसीयू को और भी ज्यादा दुरुस्त करने को कहा। साथ थी उन्होंने डायलिसिस सेंटर को नियमित रूप में संचालित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।

# डायन-बिसाही कुप्रथा से पीड़ित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना सराहनीय : बीडीओ




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे मंगलवार को जेएसएलपीएस व जिला मिशन प्रबंधक द्वारा प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रबंधक अभिलाषा कुमारी ने अतिथियों का अभिवादन किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सामाजिक विकास के जिला प्रबंधक बिनोद होरो ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इन सभी लाभुकों का नेटवर्क बनाया जायेगा। ताकि प्रखंड के किसी भी क्षेत्र में अगर किसी को डायन कहकर प्रताड़ित किया गया तो उसकी सुरक्षा देने में सहयोग करेंगी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड में डायन-बिसाही कुप्रथा से पीड़ित लोगों को चिन्हित कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ऐसी परियोजनाओं का धरातल पर उतारने के लिए जेएसएलपीएस सराहनीय कार्य कर रही है। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा की स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी मामला में चिकित्सा की हर सुविधा प्रखंड में उपलब्ध है आज शिक्षा और स्वास्थ्य की बहुत जरूरत है अगर महिला शिक्षित हैं तो इस तरह के मामले में कमी आयेगी, सम्मान हर महिला का अधिकार है। जेएसएलपीएस के बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने कहा कि नारी तो खुद समाज की रचना करती है, तो उसके साथ ऐसे व्यवहार क्यों? यहां कार्यक्रम में आए हुए सभी गरिमा लाभार्थी दीदी लोग के भीड़ को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता की की आज लोग जागरूक हो रहे हैं। सम्मेलन में डायन कहकर प्रताड़ित की जाने वाली गरिमा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड की सभी जेंडर सीआरपी, क्षेत्र समन्वयक ,संकुल संगठन सदस्य मौजूद थे।

# कस्तूरबा की छात्राओं को न्याय तथा नियम कानून के बारे में दी गयी जानकारी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार झालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधि व्यवस्था व न्याय तथा नियम कानून के बारे में जानकारी दिया गया। बच्चियों को विधि व्यवस्था व न्याय तथा नियम कानून के बारे में जानकारी देते हुए अधिवक्ता सुरीला कुमारी व युगल किशोर द्वारा डायन कुप्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या, नशा उन्मूलन और लिंग भेद के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही बताया गया की ये सब अंधविश्वास है.जिसे इस तरह का अपराध करने वाले और नियम कानून का उलंघन करने वालों को न्यायालय में न्यायधीशों के द्वारा कठोर दंड दिया जाता है। शिक्षा व जागरूकता से ही ऐसी कुप्रथाएं और सामाजिक बुराइयों को दूर भगाया जा सकता है.साथ ही एक जुलाई से लागू नये नियम के बारे में बताया गया.तथा छात्राओं और बालिकाओं को पढ़ाई तथा खेल के लिये सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दिया गया। मौके पर पीएलभी पुनु देवी, वार्डेन पूनम कुमारी के अलावे सोनी टोप्पो, सिकन्दर हयात,नीलिमा टेटे, जयमाला कुमारी, अलका रीना लकड़ा, प्रियंका एक्का सहित सभी शिक्षिकायें उपस्थित थे।

# समस्याओं को लेकर चंदवा से लातेहार समाहरणालय पहुंचे ग्रामीण, धरने पर बैठे

**बच्चा बच्चा रो रहा खाली पेट सोता है आज भी बच्चा नंगा है अफसर विधायक सांसद दम भर रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार समाहरणालय गेट के समीप ग्रामीणों ने समस्या को लेकर धरने पर बैठे। लातेहार जिला उपायुक्त को लिखे हुए आवेदन को लेकर धरना डाले हुए ग्रामीणों ने अनेक समस्या का समाधान के लेकर चंदवा से लातेहार पहुचे ग्रामीण समाहरणालय पहुंचे और ग्रामीणों ने धरना देते हुऐ दिखे। धरना में बैठे हुए ग्रामीणों के हाथ पर लिए हुए स्लोगन के साथ बच्चा बच्चा रोता है। खाली पेट सोता है आज भी बच्चा नंगा है। अफसर विधायक सांसद अंधा है। बैठे धरने पे ग्रामीणों ने बताया कि पानी, आवास शिक्षा, सडक, पेंशन, राशन आदि की व्यवस्था ग्रामीण तक नहीं सुविधा मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि हम लोग ग्राम- रामपुर, टोला बरैपनी परहैया टोला पंचायत बारी प्रखण्ड चंदवा के रहने वाले हैं। पानी, आवास, शिक्षा, सड़?क और पेंशन जौर राशन भी नहीं मिलता है। हमलोग को देखने वाला सुनने वाला कोई नहीं है मौके पर पदाधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया धरने पर बैठे ग्रामीणों को जितनी जल्द हो सके समस्या का समाधान करने को बात कही गयी। स्वस्थ स्वस्थ विभाग द्वारा भी तीन महीने के अंदर चापाकल पानी की समस्या को लेकर के ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया। इसी पहचान खाद आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने कहा कि इनकी लाल कार्ड से हरा कार्ड हो गया है, इसमें हर कार्ड वालों को नहीं मिलता था राशन। इसे देखकर के समस्या का समाधान ताकि इनका राशन मिलते रहे। आदिम जन जाति परमीया का व्यवस्था जरूर होकर उपायुक्त को समस्या का समाधान करने का आवेदन दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध महिला की मौत

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कंडरा चौक में हुई सड़क दुर्घटना में बुटी मोड़ निवासी स्वर्गीय पारसनाथ भगत की 75 वर्षीय पत्नी फुलमनी उरांव गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी। जिसको इलाज के लिये रिम्स रांची ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में सोमवार को अपराह्न में बोलोरो संख्या जे एच 01डी 1254 के चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए बुटी की ओर जा रहा था। उसी दौरान कण्डरा में बुटी मोड़ के समीप 75 वर्षीय वृद्ध महिला फुलमनी उरांव को अपने चपेट में ले लिया। जिससे महिला के पैर में गंभीर चोट तथा माथे में अंदरूनी भी चोटें आयी थी। जिसे प्राथमिक उपचार के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा से सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया था। परंतु घायल वृद्ध महिला का स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची रेफर किया गया था।

# संवेदक संघ के अध्यक्ष ने पीसीसी पथ की गुणवत्ता पर उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड के केरार से दुग्गू मोड़ तक चल रहे पीसीसी पथ निर्माण में भारी अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों द्वारा किये जाने के बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने योजना का जायजा लिया और ग्रामीणों की शिकायत की बात को सच पाया। सूरज अग्रवाल ने बताया कि संवेदक द्वारा 8 इंच के स्थान पर 3 से 4 इंच ढलाई की जा रही है,साथ ही ढलाई में प्राक्कलन में निहित एस्टीमेट के अनुरूप कार्य नही किया जा रहा है। कार्य इतना घटिया है की सड़क कुछ ही दिनों में खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इतना घटिया निर्माण किया जा रहा है कि एक तरफ से सड़क बन रही है और दूसरे तरफ टूटने लगी है इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण ग्रामीण गलत निर्माण का विरोध नहीं कर पा रहे हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि स्थल निरीक्षण के दैरान घटिया निर्माण का खुलासा हुआ है। एजेंसी और इंजीनियर की मिलीभगत से जंगली क्षेत्र में सड़क पर बिना जीएसबी डाले कार्य मिट्टी के ऊपर ही जल्दी-जल्दी पीसीसी कर निपटाया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने विभागीय पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी से आग्रह किया है कि एक बार निमार्णाधीन सड़क का निरीक्षण कर लिया जाये सारा सच सामने आ जायेगा। उन्होंने कहा है कि अगर इसी तरह का सड़क निर्माण चलता रहा तो आजसू पार्टी सारे ग्रामीणों को लेकर निर्माण कार्य बंद कराते हुए लोहरदगा समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगी और इसकी शिकायत उपायुक्त से लेकर विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री के साथ साथ आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण लेगी।

# प्राथमिक शिक्षक संघर्ष मोर्चा शनिवार को देगा धरना



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला सचिव मोहम्मद असलम ने कहा की जिले के सभी शिक्षकों और सहायक अध्यापकगण लोहरदगा जिला के सभी शिक्षक संगठनों के आह्वान पर वर्षों से लंबित प्रोन्नति रोके रखने के विरोध में विभाग और जिला प्रशासन पर दबाव बनाने हेतु दिनांक 20/07/2024 दिन शनिवार को समाहरणालय मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में अपनी शिक्षक एकता एवं चट्टानी एकता का परिचय देते हुए प्रदर्शन स्थल पर कूद पड़ें। आज सिनियरों की बारी है कल आपकी बारी आयेगी इसलिए आपके सम्पर्क में जितने भी शिक्षक हैं उन्हें खबर करें और धरना-प्रदर्शन में आकर चट्टानी एकता का परिचय दें। शनिवार को तीसरा रविवार का छुट्टी भी है इसलिए किन्ही शिक्षक को कोई परिशानी नहीं होनी चाहिए। धरना स्थल में जलपान का उत्तम प्रबंध रहने की पूरी पूरी उम्मीद है।

# मुहर्रम और घुरती रथ को लेकर फ्लैग मार्च

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार एवं थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में भंडरा पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का प्रारंभ भंडरा थाना से शुरू होकर कुंबा टोली होते हुए मुख्य पथ से भंवरों मोड़ होते हुए नवडीहा चौक एवं थाना रोड में किया गया। इस मौके पर सी ओ दुर्गा कुमार ने बताया कि मोहर्रम का त्यौहार को लेकर फ्लैग मार्च किया गया है। प्रखंड प्रशासन शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम का त्योहार संपन्न करने के लिए कृत संकल्प है। फ्लैग मार्च में पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार ,पप्पू कुमार गुप्ता ,राजू कुमार, जलील अंसारी सहित पुलिस बल साथ में थे।

# मुहर्रम जुलूस के कारण बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मोहर्रम जुलूस को लेकर 17 जुलाई को लोहरदगा जिले के शहरी और ग्रामीण इलाके में बिजली आपूर्ति सुरक्षा के लिहाज से अपराह्न दो बजे से रात 10 बजे तक बंद रहेगी। बिजली सहायक अभियंता अजू कच्छप ने बताया कि जुलूस के समाप्ति के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की जायेगी।

# सेन्हा प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने सरकार द्वारा अनुमोदित उच्च स्तरीय अनुशंसा के आलोक में अपनी मुख्य मांगो को लेकर सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए काला बिल्ला लगा कर कार्य किया गया। झारखंड राज्य आनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वाहन पर समाहरणालय सहायक, मुख्य अनुसचिवीय पदाधिकारी, सहायक प्रशासी अधिकारी, समाहरणालय वरीय सहायक, प्रशासी अधिकारी सहित नौ सूत्री के तहत विभिन्न मांगों को लेकर सेन्हा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यरत तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने मंगलवार को काला बिल्ला लगा कर सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए कार्य किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक बिफई उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि अपनी मांगों को लेकर झारखंड अनुसचिवी कर्मचारी संघ द्वारा 14 जुलाई को राजभवन का घेराव किया गया था और साथ ही कहा गया कि सरकार कर्मचारी संघ की मुख्य मांगो को नही मानती है। तो आगामी 18 जुलाई को 2 बजे 5 बजे तक पेन डाउन हड़ताल पर रहेंगे। 20 जुलाई उपायुक्त को ज्ञापन देते हुए जानकारी दिया जायेगा कि 22 जुलाई से अभी कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल रहेंगे। मौके पर दिनेश कुमार सिंह, जुनैद अहमद, जयराम उरांव, इकबाल अंसारी, पूजा कुमारी, कमला लकड़ा, गणेश महली, महावीर असुर, बिंदु कुमारी, दिवाकर पाण्डेय, विनय सिंह, खालिद बेलाल सहित अन्य सभी कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्कूल रुआर अभियान की सफलता के लिए कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के 10+2 राजकीय उच्च विद्यालय बरवाडीह परिसर में मंगलवार को स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने हेतु स्कूल रुआर 2024 (बेक टू स्कूल कैंपिन) अभियान के सफल बनाने हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुशीला कुमारी ने की जबकि संचालन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने किया। एकदिवसीय कार्यशाला में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं संबंधित विद्यालय के शिक्षक शामिल थे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख, बीइइओ नागेंद्र कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यशाला में 05 से 18 वर्ष के बच्चे को विद्यालय में नामांकन हेतु चलाये जा रहा है। कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गयी। एक पखवाड़ा तक चलने वाले रुआर 2024 कार्यक्रम के तहत हमारा संकल्प टूटे ना एक भी बच्चा का नामांकन छूटे ना का मंत्र देते हुए विद्यालय में अधिक से नामांकन करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की सफलता को लेकर पंचायत के मुखिया समेत और जनप्रतिनिधियों से नामांकन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बढ़चढ़ कर सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील किया गया। कार्यशाला में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रवीणकुमार, कोऑर्डिनेटर श्याम मनोहर यादव, प्रखंड के सभी सीआरपी, बीआरपी, विद्यालयों के शिक्षक शामिल थे।

# 18 को कांवरिया सेवक देवघर के लिए होंगे रवाना, शिविर लगाकर करेंगे सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्था के तत्वावधान में कांवरिया सेवकों का एक जत्था देवघर के लिए 18 जुलाई को रवाना किया जायेगा। यह कांवरिया सेवा जत्था अगले एक मांह तक देवघर जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह शिविर लगाकर कांवरियों की सेवा करेगा। लातेहार के प्रसिद्ध सामाजिक संस्था आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में विगत 11 वर्षों से देवघर कांवरिया पथ पर सेवा शिविर लगाकर सुल्तानगंज से पैदल देवघर आने वाले कांवरियों की सेवा की जाती है। संस्था के संयोजक रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि सेवा शिविर में कांवरियों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध रहती है। इस शिविर में कांवरियों के लिए रात्रि विश्राम के अलावे अल्पाहार, भंडारा, उपचार, दवा, मालिश जागरण समेत अन्य सभी प्रकार की सेवा पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध करायी जाती है। उन्होंने बताया कि देवघर से 6 किलोमीटर पहले सुल्तानगंज-देवघर पथ पर खिजुरिया के पास शिविर लगाया जाता है। सुल्तानगंज से देवघर पहुंचने वाले अधिकांश शिवभक्त 100 किलोमीटर की पैदल यात्रा करने के दौरान काफी थक जाते हैं। उस स्थिति में इस सेवा शिविर का लाभ कांवरियों को मिलता है। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा संस्था की पहल करके कांवरिया सेवा जत्था को रवाना करते हैं और उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कार्य समाज के लिए आदर्श है। वक्ताओं ने कहा कि देवघर के पथ पर लातेहार के सेवादारों के द्वारा जब कांवरियों की सेवा की जाती है, तब उसका पुण्य पूरे लातेहार को मिलता है। वहीं इस शिविर में आने वाले देशभर के लोगों के बीच लातेहार जिले की पहचान सकारात्मक बनती है।

# लोहरदगा में कबड्डी- खो-खो प्रतियोगिता शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती के योजना अनुसार 35 वां क्षेत्रीय खो-खो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बिहार क्षेत्र में तीन प्रांतीय समिति क्रमशः लोक शिक्षा समिति उत्तर बिहार, भारती शिक्षा समिति दक्षिण बिहार एवं विद्या विकास समिति झारखंड से कुल 432 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कुल प्रतिभागी 432, निर्णायक 37, पूर्णकालिक 10, व्यवस्थापक 72 , अन्य 42 की संख्या के साथ कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन ध्वजारोहण एवं शंखनाद के साथ किया गया। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा खेल अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण का साधन है। मुख्य अतिथि हिंडाल्को मैनेजर नीरज कुमार ने कहा कि खेल भविष्य निर्माण का माध्यम है। अध्यक्ष शशिधर अग्रवाल के अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। परिचय शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास एवं मंच संचालन विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने किया। एकल गीत बहन आरुषि ने गाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री खयाली राम, क्षेत्रीय सचिव नकुल कुमार शर्मा, विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी, भारती शिक्षा समिति के सचिव प्रदीप कुशवाहा, संयोजक अजय प्रसाद, किनेश्वर महतो, कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद, राघव राणा, शिवशंकर प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद,अखिलेश कुमार, सुरेश मंडल, विजय रंजन शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, मनोहर लाल सरस्वती शिशु मंदिर एवं सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के समस्त आचार्य दीदीजी कर्मचारी बंधु भगिनी एवं बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## डीप बोरिंग करने के नाम पर पांच लोगों से लाखों की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला में लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ के नाम पर लगातार ठगी करने की शिकायत मिल रही है। लोग दलाल की बातों में आकर ठगी का शिकार भी हो रहे हैं। ताजा मामला गुमला शहर के चेटर का है जहां घाघरा निवासी राकेश कुमार बड़ाइक ने डीप बोरिंग दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी की और खुद भी ठगी का शिकार हुआ। इसके बाद महिलायें राकेश को लेकर गुमला थाना पहुंची। वही बताया कि 5 अक्टूबर 2023 को राकेश लोहरदगा के सेन्हा गांव गया था। जहां उसकी मुलाकात रोहित यादव नाम के युवक से हुई। बातचीत के क्रम में रोहित ने बताया की सरकारी योजना का काम निकला है जहां सब्सिडी पर डीप बोरिंग दिया जायेगा। कुछ डॉक्यूमेंट और 30 हजार जमा करना होगा। जिसमें बोरिंग होने के बाद 18 हजार रूपया वापस किया जाएगा। राकेश उसकी बातों में आ गया और इसी बीच वह अपने ससुराल चेटर पहुंचा। जहां अपनी सास को इस योजना के बारे में बताया। इसके बाद राकेश की सास महिला मंडल पहुंची और 15 हजार निकालने लगी। इसी बीच महिला मंडल के अन्य महिलाओं ने उसे पैसा निकालने का कारण पूछा जिस पर राकेश की सास ने योजना के बारे में बताया तो अन्य महिलाएं बोली कि तुम्हारा दामाद से बोल कर हम लोगों के लिए भी बोरिंग करवा दो। इसके बाद राकेश से महिलाओं ने संपर्क किया और उसे डॉक्यूमेंट और पैसा दे दिया। वहीं गीता देवी ने 30 हजार दिलीप उरांव 30 हजार, संपत्ति उराईन 22 हजार, बसंत उरांव 20 हजार और राकेश की सास ने 20 हजार राकेश को दे दिया। वही पैसा लेने का एग्रीमेंट भी सभी से कराया और कहा कि 15 दिनों में काम नहीं होने पर पैसा वापस कर दिया जायेगा। पर लगभग आठ माह बीत जाने के बाद भी ना ही काम हुआ और ना ही पैसा वापस मिला। वही एग्रीमेंट देखने पर उसमें व्यक्तिगत कारणों से पैसा लेने की बात लिखा हुआ है। जिससे स्पष्ट पता चलता है कि पैसों की ठगी कर ली गयी है। वहीं सभी पीड़ितों ने महिला मंडल से ब्याज पर पैसा लिया था अब उनका ब्याज भी बहुत ज्यादा हो गया है। जिससे सभी पीड़ित महिलाएं काफी परेशान है। इसके बाद सभी पीड़ित मिशन बदलाव गुमला के सदस्य ज्योति वर्मा से संपर्क किया। ज्योति के सहयोग से महिला व उनके परिजन राकेश कुमार बड़ाइक को लेकर गुमला थाना पहुंचे। जहां सेन्हा थाना का मामला कह कर उन्हें सेन्हा थाना में केस करने की बात कही गयी। बुधवार को सभी महिलाएं सेन्हा थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही।

### गुमला में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ीं

## दो दिनों में 10 लोगों को डंसा, एक महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला में सांपों का आतंक इन दोनों काफी बढ़ गया है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में सर्पदंश से कई लोग घायल होकर इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। वहीं कई लोग झाड़ फूंक व जड़ी बूटी से भी इलाज करवा रहे हैं। वहीं पिछले दो दिनों में 10 लोगों को सांप ने अपना शिकार बनाया है जिसमे अंबवा निवासी एक महिला परिना खातून की सोमवार को मौत हो गयी। जबकि दो घायलों को इलाज हेतु रिम्स भेजा गया। ज्यादातर करैत सांप के काटने से लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटे में सर्प दंश से घायल लोगों में पौड़ी घाघरा निवासी सुशांति कुमारी, कच्चा पारा घाघरा निवासी प्रिया लक्ष्मी कुमारी, कोन केल पालकोट निवासी रंजीत मिंज, सिसई निवासी सुमी देवी, तुसगांव बिशनपुर निवासी जीतराम उरांव, जाना गुमला निवासी धर्मा उरांव, सूअर गुड़ा गुमला निवासी मुनू लोहरा, बसिया निवासी कलेश्वर भोक्ता और पालकोट निवासी गायत्री देवी शामिल हैं। जबकि अंबवा गुमला निवासी परिना खातून की रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में सोमवार को ही मौत हो गयी। जिले में सर्पदंश से बढ़ती मरीजों की तादात को लेकर प्रशासन भी चिंतित है। गुमला सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर अनुपम किशोर ने कहा जब भी किसी को सांप काटता है तो तत्काल सदर अस्पताल या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। ग्रामीण झाड़ फूंक के चक्कर में ना रहे। झाड़ फूंक के चक्कर में लोगों की जान चली जाती है।

## कुआं में गिरने से व्यक्ति की मौत



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कुदा खास में एक कुआं पर पैर फिसलकर गिरने से एक व्यक्ति महेश सिंह, उम्र लगभग 50 वर्ष (कामडारा) निवासी की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि मृतक महेश सिंह घुम-घुमकर पशुओं व मवेशियों इलाज करता था। वह बीती सोमवार को गांव कुदा खास में मवेशियों का इलाज करने के लिये गया हुआ था। वहीं देर शाम को वह गांव के एक कुएं पर हाथ -पैर धोने के लिये गया हुआ था। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि पानी भरने के दौरान उसका पैर फिसल गया और रस्सी बाल्टी समेत वह कुऐं में गिर पड़ा। इधर इसकी जानकारी मंगलवार की सुबह में ग्रामीणो को हुई तो तुरंत उन्होंने उसके परिजन और कामडारा पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की खबर लगते ही कामडारा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणो के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। फिलहाल कामडारा पुलिस शव को अंत्यपरीक्षण के लिये गुमला भेज दी है।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कारी झरिया मोड में बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से पुटरंगी डुमरी निवासी 18 वर्षीय रोहित कुमार और मनोरा जशपुर निवासी 24 वर्षीय अरविंद भगत गंभीर रूप से घायल हो गया।वहीं घटना में रोहित को सिर व चेहरा में चोट लगी जबकि अरविंद को सिर और शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक अरविंद रोहित के घर मेहमानी आया था वही दोनों बाइक से मुर्गा खरीदने डुमरी जा रहे थे। तभी कारी झरिया मोड में तेज रफ्तार के कारण नियंत्रित होकर गिर गए। सदर अस्पताल में इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने दोनों को रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## बैलों की लड़ाई की चपेट में आकर वृद्ध घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घर हटी गांव में दो बैलों की लड़ाई में 62 वर्षीय सुखनाथ बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया घटना में उसका एक पैर टूट गया। तत्काल परिजनो द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के मुताबिक वृद्ध अपने मवेशियों को चराने खेत की ओर गया था तभी दो बैल आपस में लड़ाई करने लगे और लड़ते-लड़ते वृद्ध के समीप आ गए। वृद्ध भागने लगा तभी एक बैल उसे रौंद दिया। घटना में उसके शरीर के काई हिस्से में चोट लगी जबकि उसका एक पैर टूट गया। वृद्ध का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## जन शिकायत निवारण दिवस में 30 से अधिक आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में जिले के दूर दराज से आए नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात की। आज लगभग 30 से अधिक आवेदनों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा।

रायडीह प्रखंड के निवासी अहिल्या देवी ने अपना आवेदन समर्पित किया, उन्होंने बताया कि उनके ग्राम पंचायत सीलम में उनके गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा दबंगई की जा रही है एवं उनके परिवार जनों को जमीन विवाद के मामले को लेकर डराया धमकाया गया , अहिल्या देवी ने बताया कि उन्होंने डर से अपनी जान बचाने के लिए अपने जमीन को दबंगई करने वालो के नाम किया है, परंतु रजिस्ट्रेशन को रद्द करने की मांग की गई है। जिसपर उपायुक्त ने डीसीएलआर गुमला को उक्त मामले की जांच करने एवं दोनों ही परिवार से बात करते हुए समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

डुमरी निवासी लाजरुस इंदवार ने बताया कि वे बेहद ही गरीब हैं एवं रिक्शा चला कर परिवार का जीवन यापन करते हैं। उनके पैर के टूट जाने के कारण वे अब रिक्शा नहीं चला सकते, उन्होंने जीवन यापन के लिए खेती करने की सोची है उन्होंने कृषि ऋण के लिए उपायुक्त से सहयोग की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने आवेदक को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु सर्व प्रथम कृषि विभाग को केसीसी ऋण एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओं से आवेदक को लाभान्वित करने का निर्देश दिया, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को आवेदक का पेंशन स्वीकृत करते हुए पेंशन योजना से लाभान्वित कराने हेतु निर्देश दिए एवं जिला कल्याण विभाग को विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से आवेदक को लाभान्वित करने हेतु निर्देश दिए। टोटो के रहने वाले विकास कुमार गुप्ता ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि उन्होंने इस बार मैट्रिक की पास की है एवं इंटर के लिए एडमिशन करवाना चाहते हैं, नामांकन अब तक नहीं हो पाने की चिंता के साथ उपायुक्त से उन्होंने सहायता की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सह शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि विकास कुमार का एडमिशन करवाये। कार्तिक उरांव छात्रावास के छात्राओं ने भी उपायुक्त से मुलाकात की उन्होंने अपने हॉस्टल परिसर में सोलर लाइट लगवाने की मांग की। उपायुक्त ने उनके मांग को स्वीकार किया एवं संबंधित को अवलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा स्थापना शाखा के सेवानिवृत प्रधान लिपिक ने सेवानिवृत पश्चात सेवा निवृत लाभ दिलाने की मांग की। गुमला निवासी मंगना उरांव ने बताया कि उनके खाता संख्या 163 रकबा 6.42 ए. खटियानी जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा गैर कानूनी तरीके से हल जोतने का कार्य किया जा रहा है मना करने पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। उपायुक्त ने इसके लिए एसडीओ सदर को जांच करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभागों को अविलंब कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया।

## अबुआ आवास के लिए योग्य लाभुकों का चयन करें : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मंगलवार को अबूवा आवास योजना को लेकर बीडीओ ने मुखिया और कर्मियो के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने अबुआ आवास योजना की पंचायतवार समीक्षा की। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि योग्य लाभुकों का चयन मुखिया, पंचायत सचिव और स्वयंसेवक संयुक्त रूप से करें। ताकि वैसे लाभुकों को लाभ मिल सके। इसके साथ ही जो भी अबूवा आवास अब तक अधूरा है उसे जल्द से जल्द पूरा कराने का कार्य करें। वही बीडीओ ने कड़ी चेतावनी देते हुए स्वयंसेवकों को अपने कार्यों में सुधार करने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि कुछ स्वयंसेवको को छोड़कर अधिकतर स्वयंसेवक कार्यों में शिथिलता बरत रहे हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में बीपीओ बेबी कुमारी, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार,मुखिया विनीता कुमारी, लोदो एक्का, श्याम साहू सहित के कई मुखिया पंचायतकर्मी, स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने आश्रितों को सौंपा नियुक्ति पत्र




**गुमला (आजाद सिपाही)।** पूर्व में हुए जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में स्व. लालमोहन भगत, घाघरा प्रखण्ड के निवासी के आश्रित पुत्र सुबोध कुमार भगत को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गयी है। वहीं घाघरा प्रखंड के स्व. सुमराय मनोहर के आश्रित पुत्र निशांत थॉमस टोप्पो को उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पर नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। जिसके तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय कक्ष में दोनो ही आश्रितों को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त आश्रितों को नियुक्ति के अलावा उन्हे सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे।

## घर का ताला तोड़कर नगद और जेवरात की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहरी क्षेत्र के विंध्याचल नगर में अज्ञात चोरो ने शादी में गए एक परिवार के घर का ताला तोड़कर नगद दो हजार समेत लाखों रुपये के जेवरात ले उड़े। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन की। साथ ही आसपास के लोगो से पूछताछ किया। घटना को लेकर भुक्तभोगी प्रफुल भगत ने थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी की शिकायत करते हुए चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने व चोरी हुए जेवरातों को बरामद करने की मांग की है। थाना में दिए आवेदन में प्रफुल भगत ने कहा है कि 15 जुलाई को वे लोग सपरिवार घर से कुछ दूर स्थित बहन के घर पर शादी समारोह में शामिल होने के लिए गये हुए थे। जबकि घर मे ताला लगाया हुआ था। फिर रात में परिवार के लोग वहीं रुक गए। इसके बाद दूसरे दिन 16 जुलाई की सुबह बेटी स्कूल जाने के लिए अकेले घर पर पहुँची।तब उसने देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है।इसके बाद वह वापस शादी घर लौट कर परिवार के लोगो को घटना की जानकारी दी।जानकारी मिलते ही जब सभी घर पहुँचे तो ताला टूटा देख भौचक रह गए।इसके बाद घर के अंदर घुसकर कमरे को देखा तो पाया कि कमरे में रखा गोदरेज व बक्सा का ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर पता चला कि गोदरेज व बक्सा में रखा दो हजार नगद समेत सोने के जेवर गायब है। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी।

## पुलिस अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण पदस्थापन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने गुमला जिला के सात पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। जिन पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है उनमें चैनपुर के थाना प्रभारी अजय यादव को पुलिस केंद्र गुमला और बिशुनपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन चौधरी को चैनपुर का नया थाना प्रभारी मनोनीत किया है। इसी तरह पुलिस केंद्र गुमला से हिमांशु शेखर सिंह को गुमला थाना, पुलिस केंद्र से ही लिखन हेम्ब्रम को एसटी एससी थाना, बसिया थाना से अनवर अंसारी को पुलिस केंद्र गुमला, जारी थाना से सगीर आलम को करंज थाना और करंज थाना के सहायक अवर निरीक्षक रामांकत सिंह को गुमला थाना में पदस्थापित किया है।

## आपसी एकता और सौहार्द्र के साथ मनायें मुहर्रमः बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन सर्किल इंस्पेक्टर,महेंद्र कुमार करमाली,एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने कहा कि मोहर्रम का पर्व हम सभी क्षेत्र वासियों का है। जिस तरह पूर्व में सभी त्योहारों को एक जुट होकर एक दूसरे का सहयोग कर त्योहार मनाते आये हैं। उसी प्रकार भविष्य में भी सहयोग करते रहें। सभी लोग आपसी एकता और सौहार्द पूर्वक पर्व को मनाएं। सर्किल इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार करमाली ने कहा कि आगामी पर्व के मद्देनजर किसी को कहीं भी किसी प्रकार की सूचना मिले तो वे इसकी जानकारी प्रशासन को दें।शांति ब्यवस्था रखने में प्रशासन का सभी सहयोग करें।अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।आपसी भाइचारे के साथ त्योहार मनाएं।थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने कहा कि मुझे जानकारी है कि जारी प्रखंड का इतिहास रहा हैं।कि यहाँ सभी धर्मों के पर्व त्योहार शांति एवं सौहार्द पूर्वक आपसी भाइचारे के साथ मनाते आयें हैं। आगे भी यही परम्परा कायम रहेगी मोहर्रम का त्योहार सभी लोग खुशीपूर्वक मनायें। वहीं उन्होने शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। मौके पर प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, रजनी मिंज, माइकल कुजूर, फूलमैत देवी, भलें मिंज, तस्लीम खान, अरविंद, फिरोज खान, राजेश टोप्पो, मुस्तफा खान, कलीम कुरैशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कृषि विभाग का अधिकारी बताकर 23 हजार की ठगी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रशासन द्वारा साइबर अपराध व ठगी मामले को लेकर लगातार जिले में जागरूकता अभियान चलाया जाता है। बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। ताजा मामला गुमला जिला के एर्रो फटक पुर गांव का है जहां सुरेंद्र महली नामक युवक सोलर प्लेट और बोरिंग करने के नाम पर 23 हजार ठगी का शिकार हो गया। युवक ने बताया मंगलवार को करीब 11:00 बजे 7033 7727 94 मोबाइल नंबर से एक कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने अपना नाम दयाशंकर प्रसाद मिश्रा बहराइच उत्तर प्रदेश का निवासी बताया और वर्तमान में रांची कृषि कार्यालय में पदाधिकारी के पद पर कार्यरत बताया। उसने कहा विभाग द्वार एक स्कीम निकला है जिसमें खेती करने के लिए किसानों को सोलर प्लेट और बोरिंग का लाभ दिया जा रहा है। जिसके लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो और पासबुक की आवश्यकता होती है। वही बताया कि बिशनपुर के नरम गांव के सुदामा उरांव को भी योजना का लाभ विभाग द्वारा दिया गया है। उस व्यक्ति ने सुदामा उरांव का मोबाइल नंबर भी व्हाट्सएप में भेजा और कहा कि उससे बात करके आप पता कर लीजिए। मोबाइल नंबर 84508 3214 1 में बात करने पर सुदामा उरांव ने बताया कि मेरा बोरिंग का सामान आज ही गिरा है और कल सोलर प्लेट लग जाएगा। आप भी इस योजना का लाभ ले लो। इसके बाद मुझे विश्वास हो गया की योजना का लाभ मुझे मिल सकता है। इसके बाद मैंने अपना सभी डॉक्यूमेंट व्हाट्सएप कर दिया। इसके बाद कॉल आया और अधिकारी ने कहा रजिस्ट्रेशन करने का 5500 लगेगा उसके बाद उस व्यक्ति ने मुझे बैंक आफ इंडिया का क्यूआर कोड भेज दिया जो किसी महिला के नाम से है।

## लोगों को रोगमुक्त रखने में वरदान बनेगा ओपेन जिम सेंटर : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** फीट इंडिया योजना के तहत गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी स्मारक स्थल के पास ओपेन जिम का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। ओपेन जिम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा सहित डीसी अजय कुमार सिंह, डीसी सौरभ कुमार आदि ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण भी किया। इसके बाद परिसर में लगे जिम में व्यायाम भी की। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि आज भाग दौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास व्यायाम करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि भागदौड़ की जिंदगी और अनियमित दिनचर्या की वजह से हमें बीमारियों के आने से रोक पाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। अपने स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तौर पर संतुलित रखना एक संपूर्ण स्वस्थ व्यक्तित्व का द्योतक है। आज मशीनों के बढ़ते प्रयोग, प्रदूषण, मिलावट, कीटनाशकों के प्रयोग एवं शारीरिक श्रम के कम होने से बीमारियों के बढ़ने का खतरा और भी ज्यादा बढ़ गया है। अगर हम प्रतिदिन कुछ देर व्यायाम करें तो हमारा शरीर फीट रहेगा। साथ ही कई बिमारियों से छूटकारा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में ओपेन जिम का निर्माण सराहनीय पहल है। शहर के बीचो बीच ओपेन जिम खुलने से लोगों को सुबह शाम व्यायाम करने में आसानी होगी। जिम जाने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी। ओपेन जिम सेंटर शहरवासियों को रोगमुक्त रखने के लिए वरदान साबित होगा। मौके पर विधायक ने जिले में क्रिकेट मैदान निर्माण के लिए प्रशासन को जमीन चिंहित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन विद्या बड़ाईक ने किया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रौनियार खलखो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह पालकोट प्रखंड प्रभारी तिलका रमन, अध्यक्ष अरशद हुसैन, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, चंदन कुमार सहित शहर के कई लोग उपस्थित थे।

## निर्वाचन संबंधित कार्यों के लिए पर्यवेक्षकों के साथ बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में निर्वाचन संबंधित कार्यों को लेकर पर्यवेक्षकों के साथ बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने निर्देश देते हुए पर्यवेक्षकों को कहा कि डोर टू डोर बीएलओ द्वारा किए गए निर्वाचन संबंधित कार्यों का सत्यापन करें। इसके साथ ही नए मतदाता जिनकी उम्र सीमा 18 वर्ष या उससे ऊपर हो चुकी है। प्रपत्र भरकर जमा करवाए।ताकि नए मतदाता बन सके और अपना मत का प्रयोग कर सके। इसके साथ ही मृत हो चुके मतदाताओं को चिन्हित कर प्रपत्र भरवाये और नाम हटाने की प्रक्रिया करे।

### मुहर्रम में मुहल्ले की साफ सफाई नहीं होने पर समाज सेवी नाराज

## मिशन बदलाव ने की कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मोहर्रम को लेकर भले ही जिला प्रशासन शांति समिति की बैठक करता है, और शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाए जाने के लिए समाजसेवियों से अपील करता है। मगर शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अधिकतर केवल खाना पूर्ति करते नजर आते हैं। हर त्यौहार के ठीक पहले शांति समिति की बैठक होती है। और उसमें मुहल्लों की साफ सफाई और पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ बिजली व्यवस्था पर खूब चर्चा की जाती है। मगर मोहर्रम के त्यौहार होने के बावजूद मुस्लिम मोहल्ले में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यह आरोप हम नहीं लग रहे हैं। जिले के मिशन बदलाव की महिला जिला अध्यक्ष सैयदा खातून का कहना है। उन्होंने कहा कि वह मुस्लिम बहुल मोहल्लों की साफ सफाई को लेकर कई बार नगर परिषद के चक्कर काट चुकी हैं,मगर साफ-सफाई नहीं हुई। यहां तक कि बुधवार को मोहर्रम की दसवीं है। इसके बावजूद मुस्लिम मोहल्ले में कूड़े कचरे का साफ नहीं होना और नालियों की गंदगी, नगर परिषद की कार्यशैली और लापारवाही को दशार्ता है। उन्होंने लापरवाह पदाधिकारी के विरुद्ध उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है।

# लोकसभा चुनाव में जीत के पीछे कार्यकर्ताओं की मेहनत : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर स्थित होटल विजय तारा के सभागार में भाजपा का विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आयोजित की गयी। जिसकी शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के साथ हुई। सभा में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन छतरपुर मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव ने किया। सभा में मुख्य वक्ता यदुनाथ पांडे, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद पलामू विष्णु दयाल राम, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार भुईयां सहित



मंचासिन अतिथियों ने गत लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक मतदान कराने वाले छतरपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों के पांच पांच बूथ अध्यक्षों, सभी शक्ति केंद्र के संयोजकों एवं सभी मंडल अध्यक्षों को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बताया गया की इन बूथों पर भाजपा के पक्ष में मतदान का प्रतिशत सार्वाधिक रहा। श्री पांडे ने कहा कि भाजपा चरित्र की राजनीति करती है चतुरायी की नही। बरसो के इंतजार के बाद भाजपा सरकार ने राम मंदिर का सपना पूरा किया है। कश्मीर से धारा 370 को खतम किया। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वही करती है। भाजपा देश में राम राज्य लाना चाहती है हम वासुदेव कुटुंबकम की बात करते है। उन्होंने कहा कि हिंदू कभी हिंसक नही हो सकता पर जो हमे छेड़ता है उसे हम छोड़ते नही। झारखंड को हमने बनाया है और हम ही सवारेंगे। झारखंड की 71 सीटों को कभी न कभी जीता है तो क्या हम एक साथ 50 सीट नही जीत सकते। आज आप सभी संकल्प ले की आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बना कर नरेंद्र मोदी के हाथो को मजबूत करना है।

जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के विचारधारा पर आधारित पार्टी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है। इस पार्टी में बूथ स्तर के कार्यकर्ता सबसे मजबूत है यही कारण है कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। भाजपा कार्यकर्ता झूठ नहीं बोलते। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत मिली है। मैं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार वयक्त करता हूं कार्यकर्ता ही भाजपा की असली पूंजी है। मैने कोरोना काल में देखा है की भाजपा कार्यकर्ता किस तरह से निडर होकर बाहर से पैदल आने वाले लोगो को चप्पल पहना रहे थे। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सबसे मेहनती और मजबूत होते है कोरोना काल में जब सब लोग घर में छिपे थे तब हम लोग भाजपा कार्यकताओं के साथ कही मास्क कही सेनेटाइजर तो कही आक्सीजन और राशन की व्यवस्था कर रहे थे। लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के मेहनत से विपरीत परिस्थितियों में भी छतरपुर विधानसभा से भाजपा को बढ़त दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील पासवान, सोमेश सिंह, राम प्रसाद शर्मा, अभिमन्यु तिवारी, मनोज विश्वकर्मा, संतोष पांडे एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीतन सहनी के हत्यारे की गिरफ्तारी 24 घंटे में करे बिहार पुलिसः ब्रह्मदेव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिहार के दरभंगा में ओबीसी के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या का ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कड़ी निन्दा किया है। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच बिहार सरकार व दरभंगा के प्रशासन से मांग करता है की जल्द से जल्द 24 घंटे में हत्यारे की



गिरफ्तारी कर हत्या के कारणों का उद्भेदन किया जाए तथा उन्हें फांसी की सजा दिलाई जाए अन्यथा ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश दरभंगा जिला में जाकर सरकार व प्रशासन को घेरने का काम करेगा। मंच ने जीतन सहनी के आत्मा की शांति का प्रार्थना किया व उनके परिजनों को इश्वर दुख सहने की शक्ति की कामना किया। इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों के साथ ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश साथ खड़ा रहेगा।

# मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से पर्यावरणविद् कौशल किशोर को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** देश की राजधानी नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित इंडिया हैबिटेग सेंटर गुलमोहर में यूएसए के मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित मानद उपाधि पुरस्कार वितरण समारोह में चांसलर डॉ जॉनएल कालारस, वाइस चांसलर डॉ सौफी नुवानी व देश के कई शीर्ष अधिकारी सहित विदेशी दर्जनों अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में देश के प्रख्यात पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया। पर्यावरणविद कौशल को पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया है। उक्त अवसर पर उनकी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल व सूरज जायसवाल भी उपस्थित थे। साथ ही उक्त कार्यक्रम में दुनियां के विभिन्न




क्षेत्रो में असाधारण कार्य करने वाले कई महान हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत सम्मान समारोह के मौके पर अफगानिस्तान के डॉ तानजिरे और ऑस्ट्रेलिया के डॉ पिक गैफनी को कपूर का पौधा देकर उनका सम्मान किया। श्री कौशल ने उन्हें अपनी जन्मभूमि पर नवनिर्मित पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित भी किया। पर्यावरणविद कौशल को मिले डॉक्टरेट की उपाधि से उनके परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों व शुभचिंतकों में अपार हर्ष है। डॉक्टरेट की उपाधि लेकर लौटे श्री कौशल के शुभचिंतकों व परिजनों ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों प्रो. अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिविका जायसवाल, आद्रिका जायसवाल, अनुषा जायसवाल समेत कई लोग शामिल थे। वहीं कई शुभचिंतकों ने उनके इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं भेजी है।

## सर्प दंश से 25 वर्षीय महिला की मौत

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत होलेया गांव में सोमवार को सांप काटने से राहुल शर्मा का 25 वर्षीय पत्नी कुसुम देवी की मौत इलाज के दौरान हो गई। मंगलवार को पिपरा थाने की पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा। जिसके बाद परिजनों ने गांव के पास श्मशान घाट पर दाह-संस्कार किया। मृतिका का पति राहुल शर्मा मजदूरी करता है। राहुल शर्मा ने बताया कि सोमवार की दोपहर में पत्नी कुसुम देवी बच्चे को दुध पिला रही थी, उसी समय सांप ने काट लिया। इलाज के लिए मेदिनीनगर ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी। पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि सांप काटने से महिला की मौत हुईं है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, आठ घायल

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 139 पर अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत और आठ लोग घायल हो गए। पहली घटना में ढाब कला गांव निवासी एनएच 139 पर एक अज्ञात वाहन के धक्के से घायल हुए थे। जिन्हें इलाज के दौरान मौत हो गई।दूसरी घटना औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना अंतर्गत तिताई बिगहा निवासी राजाराम पिकअप पर सवार होकर औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। इस दौरान एनएच 139 कौआखोह टोल प्लाजा के समक्ष वैन पलट गई और घायल हो गए। जिन्हें इलाज के दौरान मौत हो गयी। जबकि पिकअप पर सवार बड़गांव चतरा निवासी, 15 वर्षीय अमन कुमार ,18 वर्षीय रेतक कुमार,बुंडू निवासी 17 वर्षीय शशिकांत कुमार,बाली चतरा निवासी 19 वर्षीय पंकज कुमार,18 वर्षीय तृष्णा तूरी,आशीष राम,टंडवा बड़कागांव निवासी 12 वर्षीय विकास कुमार, 30 वर्षीय चालक रुस्तम अंसारी सहित 7 लोग घायल हो गए। तीसरी घटना में एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक टोल प्लाजा के समीप अज्ञात वाहन से कुचलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को स्थानीय सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। वहीं ड्यूटी पर तैनात डॉ अरविन्द कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल को रेफर कर दिया गया और मामूली घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## ग्रामीणों के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हुसैनाबाद -हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत कुरहत बड़ी हवेली के ग्रामीणों ने वर्तमान और पूर्व जन प्रतिनिधियों के पास नया ट्रांसफार्मर के लिए कई बार गुहार लगायी। लेकिन प्रतिनिधियों ने एक नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास कर नया ट्रांसफार्मर लगाया।इस बात को लेकर ग्रामीणों में काफी हर्ष है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते 13 जुलाई को ट्रांसफार्मर जल गया था। जिससे करीब 50 घरों के लोग अंधेरे में रहने पर विवस थे। नया ट्रांसफार्मर को लेकर वर्तमान व पूर्व विधायक से अनुरोध किया लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। वहीं नया ट्रांसफार्मर लगवाने में राजेश मिश्रा,विकाश मिश्रा,देवा मिश्रा,रवि मिश्रा आदि का सार्थक प्रयास रहा।



## करोड़ो रुपये की लागत से बने सीएचसी में चापाकल की व्यवस्था नहीं

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरिहरगंज करोड़ो रुपये की लागत से बना पर एक चापाकल की व्यवस्था नहीं की गई। परिसर में एक मात्र जलमीनार के अलावे पेयजल के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही है। वहीं जलमीनार अक्सर खराब की स्थिति में रहती है।ऐसे प्रस्थिति में पेयजल के लिए परिसर में कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं रहने से मरीजों और कर्मियों का पानी पिने एवं अन्य उपयोग के लिए काफी परेशानी हो रही है।

# हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में फिर खिलेगा कमल : ज्योतिरीश्वर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव समय के पूर्व होने की आहट से हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है।मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिश्वर सिंह हुसैनाबाद के हरिहर चौक के समीप पूर्व मुखिया सुनील सिंह के व्यवसायिक प्रतिष्ठान में प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता के दौरान श्री सिंह ने कहा कि कुछ लोग भाजपा के साथ गठबंधन के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकान चलाना चाहते हैं वैसे लोगो को अब हुसैनाबाद की जनता विदाई कर देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में भाजपा का गठबंधन केवल आजसू पार्टी के साथ है। उन्होंने कहा कि हमलोग प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व से हर हाल में इस विधानसभा से 1990 के



बाद एक बार फिर पूरी एकजुटता के साथ कमल फूल छाप का झंडा लहराने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार बड़ा है पार्टी जिसको भी उम्मीदवार बनाये हम सब मिल कर भाजपा को हर हाल में जीत दिलाने का कार्य करेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र कार्यकताओं के बेहतर सामंजस्य से पार्टी काफी मजबूत है।यहां हर हाल में भाजपा चुनाव लड़ेगी। चुनाव कौन लड़ेगा यह तय करना केंद्रीय व प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं का है। श्री सिंह ने कहा कि मैं पार्टी का एक अनुशाषित कार्यकर्ता हुं, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अगर हुसैनाबाद क्षेत्र का प्रत्याशी बनाया जाता है तो कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से कमल फूल खिलाकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करुंगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, मृतुन्जय सिंह, मुरारी सिंह, गुड्डू सिंह, राणा राम, पंकज सिंह, बिनोद राम, सतेंद्र सिंह, अप्पू काश्यप, कमलेश विश्वकर्मा, अशर्फी राम, नवलेश सिंह, कमलेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर मंगलवार को पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च हुसैनाबाद थाना परिसर से शुरू होकर गांधी चौक, मकबरा रोड, रविदास नगर, लंबी गली, मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक, जयप्रकाश चौक होते हुए थाना परिसर में पहुंचकर समाप्त हुआ। इस फ्लैग मार्च में एलआरडीसी गौरांग महतो, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी



प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता,महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, एसआई शशि शेखर पांडे, तंजीलूल मन्नान, धर्मेंद्र सिंह, एएसआई सुरेश पासवान सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील किया कि मोहर्रम पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनाएं जिससे समाज में समरसता कायम रहे।उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था के लिए अनुमंडल पुलिस प्रशासन तत्पर है,शांति व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक तैयारी की गई है।उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कारवाई होगी।

Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Strengthening of Existing Elementary, Secondary & Higher Secondary Schools located in 24 different District of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 10.08.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/964/2024/2552 Ranchi, Date : 15 .07.2024

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 329798 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर – 3, धुर्वा, राँची – 834004
दूरभाष . 0651-2444501, 0651-2444502 फैक्स: 0651-2444506
ई–मेल: jepcranchi1@gmail.com, वेब: https://jepc.jharkhand.gov.in
An ISO 9001:2015 certified

पत्रांक: JEPC/CIV/03/964/2024/2553 दिनांक: 15.07.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 18.08.2024 को 5:00 (पाँच) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 11.08.2024 को 2:00 (दो) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय : दिनांक 13.08.2024 को 3:30 (साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
8. कार्यों की विवरणी :–

| Sl. No. | Name of Work | Approximate Value of Work (In Rs.) | Bid Security (In Rs.) | Cost of Document (In Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/GAR/01/2024-25 Strengthening of 03 Existing School located in Garhwa District of Palamu Division of Jharkhand. | 24,37,615.00 | 49,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 2 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/ HZ/02/2024-25 Strengthening of 10 Existing School located in Hazaribagh District of North Chotanagpur Division of Jharkhand. | 49,84,870.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 09 Months |
| 3 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/KOD/03/2024-25 Strengthening of 03 Existing School located in Koderma District of North Chotanagpur Division of Jharkhand. | 16,96,360.00 | 34,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 4 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/GIR/04/2024-25 Strengthening of 07 Existing School located in Giridih District of North Chotanagpur Division of Jharkhand. | 31,08,875.00 | 62,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 5 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/GOD/05/2024-25 Strengthening of 04 Existing School located in Godda District of Santhal Pargana Division of Jharkhand. | 27,18,687.00 | 54,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 6 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/WSM/06/2024-25 Strengthening of 05 Existing School located in West Singhbhum District of Kolhan Division of Jharkhand. | 26,35,989.00 | 53,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 7 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/ESM/07/2024-25 Strengthening of 04 Existing School located in East Singhbhum District of Kolhan Division of Jharkhand. | 19,63,192.00 | 39,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 8 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/JAM/08/2024-25 Strengthening of 06 Existing School located in Jamtara District of Santhal Pargana Division of Jharkhand. | 32,95,170.00 | 66,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 9 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/LAT/09/2024-25 Strengthening of 06 Existing School located in Latehar District of Palamu Division of Jharkhand. | 29,70,785.00 | 59,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 10 | Bid Ref. No. : JEPC/SoES/Samagra-MR/KHU/10/2024-25 Strengthening of 12 Existing School located in Khunti District of South Chotanagpur Division of Jharkhand. | 45,78,361.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 09 Months |

नोट :– यूकैन निबंधित निविदाकार ही निविदा डाल सकते है।
- निविदा की शर्तें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।
- एक निबंधन पर दो से अधिक कार्यों का परिमाण विपत्र देय नहीं होगा।
- अनुसूचित भारतीय बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्रॉफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट ही मान्य होगा। बैंक ड्रॉफ्ट/डिमाण्ड ड्रॉफ्ट राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पक्ष में भुगतेय होगा, जिसे लौटाया नहीं जायेगा।
- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक–2146 (S) राँची, दिनांक–09/09/2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जायेगा।
- अग्रधन के रूप में NSC/TD/FD (Validity) 3 Years & Duly Pledged मान्य होगा। जो राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के नाम से प्रतिज्ञित होगा।
- Years & Duly Pledged मान्य होगा। जो राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के नाम से प्रतिज्ञित होगा।
- संवेदक को आवेदन के साथ इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा की उनका कोई भी कार्य एकरारित समय सीमा बीत जाने के बाद लंबित नहीं है।

निविदा की शर्तें विभागीय वेब साइट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
राज्य परियोजना निदेशक
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची

PR 329799 Jharkhand Education Project Council(24-25)#D

## स्पोर्ट्स



शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी नागल लिएंडर पेस (1992-2000) के बाद ग्रीष्मकालीन खेलों के लगातार संस्करणों में एकल स्पर्धा में जगह बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं

# सुमित नागल ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 68 वां स्थान हासिल किया है, जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। इसी के साथ वह 1973 में इस प्रणाली की शुरूआत के बाद से चौथे सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गये।

ऐतिहासिक ग्रैंड स्लैम प्रदर्शनों के बाद नागल पांच पायदान ऊपर चढ़कर शशि मेनन से आगे निकल गये। जिनके नाम सर्वकालिक सूची में संयुक्त रूप से चौथी सर्वोच्च रैंकिंग 71 थी। 26 वर्षीय नागल से आगे सोमदेव



देववर्मन (62), रमेश कृष्णन (23) और विजय अमृतराज (18) हैं।

नागल ने फ्रेंच ओपन में पदार्पण किया, लेकिन शुरूआती दौर में हार गये। उन्होंने विंबलडन में पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में भी अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की, लेकिन पहले दौर में ही बाहर हो गए। पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले नागल पिछले पांच वर्षों में विंबलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ मैच खेलने वाले पहले भारतीय हैं। शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी नागल लिएंडर पेस (1992-2000) के बाद ग्रीष्मकालीन खेलों के लगातार संस्करणों में एकल स्पर्धा में जगह बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ी ने इस सत्र में दो चैलेंजर स्पर्धायें हीलब्रॉन और चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीते हैं।

## विश्व जूनियर स्क्वैश के सेमीफाइनल में पहुंचे शौर्य बावा

**ह्यूस्टन।** शौर्य बावा विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। इसी के साथ वह कुश कुमार (2014 में) के बाद इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गये हैं। दिल्ली के 18 वर्षीय खिलाड़ी ने लड़कों के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा-सेर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर भारत के लिए पदक पक्का कर दिया। 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में, बावा पांचवें गेम में 6-9।

## मुहर्रम को लेकर बेरमो पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

**फुसरो-बेरमो (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर बेरमो थाना की पुलिस पूरी तरफ मुस्तैद है। कही कोई अप्रिय घटना ना हो और शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस ने फुसरो में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में पूरे दल बल के साथ निकाला गया। जो कि बेरमो थाना से प्रारंभ होकर क्षेत्र के फुसरो बाजार, रानीबाग, रहीमगंज, पुराना वीडियो ऑफिस सहित विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस जवान मौजूद रहे। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा संवेदनशील जगहों को चिह्नित किया गया है।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आम जनों की शिकायतें

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी सुश्री माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की शिकायतों को सुना। जनता दरबार में कोलकुसमा से आई एक छात्रा ने राजकीय उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा ट्रांसफर सर्टिफिकेट निर्गत नहीं करने की शिकायत की। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को दूरभाष पर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। वहीं एगारकुंड से आए एक छात्रा ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने इकोनॉमिकली विकर सेक्शन (ई.डब्ल्यू.एस.) प्रमाण पत्र जारी करने के लिए चार माह से एगारकुंड अंचल कार्यालय में आवेदन दिया है। जबकि उसके दाखिले की अंतिम तिथि 24 जुलाई है। उन्होंने उपायुक्त से प्रमाण पत्र निर्गत कराने का अनुरोध किया। उपायुक्त में एगारकुंड अंचल अधिकारी को समस्या का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में झमाडा के मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति देने, जमीन पर जबरन कब्जा करने, कैंसर पीड़ित को सहायता प्रदान करने, सेवानिवृत पंचायत सचिव के पेंशन पुनरीक्षण के संबंध में, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, सीएनटी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी समस्या के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।



## अर्हता पूरी करने वाले लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो: डॉ. सुषमा

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीडीओ ने घर-घर जाकर की सत्यापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** मतदाता सूची द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. सुषमा आनन्द ने लिया। बीडीओ ने प्रखण्ड का दौरा कर कार्यक्रम के बारे जानकारी ली। इस दौराना उन्होंने 17 प्लस आयु वर्ग के लोगों का नाम मतदाता सूची में शत प्रतिशत दर्ज कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के तारगा पंचायत के भुरूँगिया में बूथ संख्या-138 और 139 एवं छत्रुटाँड पंचायत के बूथ संख्या-176 व 177 का भ्रमण कर मतदाताओं के बूथ व घर-घर जाकर चेकिंग किया। बीडीओ ने उपायुक्त के निदेर्शानुसार फॉर्म-6, 7 एवं 8 का संबंधित आवेदकों के घर-घर जाकर चेकिंग की तथा उन्होंने मताधिकार के महत्व को समझाते हुए लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने संबंधित बूथ क्षेत्र के बीएलओ द्वारा मतदाता सूची द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किये गये कार्यों की भी जानकारी ली। तथा संबंधित क्षेत्रों के डोर टू डोर चेकिंग के दौरान पाये गए त्रुटियों को ससमय निराकरण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चलाए जा रहे इस विशेष कार्यक्रम में लापवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अर्हता पूरी करने वाले लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चेकिंग में जो भी कमियां पाई गई है। उसे दूर करने की आवश्कता है। वहीं बाघमारा प्रखण्ड के निर्वाचन कार्य के कर्मचारियों ने बीडीओ को आश्वस्त किया कि जो भी त्रुटियां पाई गई है उसे दूर कर लिया जाएगा। इस दौरान बाघमारा प्रखण्ड के निर्वाचन कार्य के प्रभारी रंजीत प्रसाद, बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह , बिनोद महतो, बीएलओ आशा देवी, सुनीता देवी, निलम प्रभा, स्वेता दशौन्धी, अमर कुमार पासवान, माखन सिंह, बिरजु रवानी, पल्टू रवानी, कपुर रवानी, अब्दुल समद अंसारी मौजूद थे।

## एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत विद्यालय में अभिभावकों के साथ हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के मध्य विद्यालय में मंगलवार को शिक्षक अभिभावक की बैठक आयोजित किया गया। पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने कहा की मूलभूत संरचना की विद्यालय में कमी रहने के बावजूद विद्यालय में शिक्षा दिया जाना काफी गौरव की बात है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने शिक्षक अभिभावक बैठक के आयोजन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एफ एल एन की गतिविधियां, विद्यालय प्रबंधन समिति की भागीदारी, कैलेंडर, आईसीटी लैब, खेलकूद की भागीदारी, रेल प्रोजेक्ट पर छात्र उपस्थित, प्रयास कार्यक्रम, बच्चों के पोशाक, विद्यालय की स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व, नशा पान की रोकथाम, कुडेदान की उपयोगिता आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में प्रमोद राव, कुमारी सोना दास, विदन मंडल ,मारुति बाउरी,गुड़िया देवी, सकलदेव राजवंशी, लिली बाउरी, संगीता देवी , सुमित्रा बाउरी, आशा देवी, कुसुम देवी, वासुदेव देवी, पुतुल दास, बबीता देवी, मौसम बाउरी, अन्नपूर्णा मोदक, फूल कुमारी देवी ,अर्जुन बाउरी, जमुना बाउरी, राजेश बाउरी, चंदन बाउरी, अनीता देवी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विक्की बाउरी की अध्यक्षता में 11 सूत्री मांगों को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार में धरना प्रदर्शन के माध्यम से 11 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सोपा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को कहा कि आपकी समस्याओं को लेकर वार्ता कर निधन किया जायेगा और अन्य मांगों जैसे आंगनबाड़ी केंद्र आंचल में दाखिल खारिज ऑनलाइन से संबंधित विभाग को भी पत्राचार कर अवगत करा दिया जायेगा। धरना के माध्यम से मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एग्यारकुंड को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा दी गई मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर इसका निराकरण किया जाये। आगे कहा कि निरसा विधानसभा के तीनों प्रखंडों में लूट एवं भ्रष्टाचार काफी बढ़ गया है सारे अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं इसके विरुद्ध पार्टी चरणबाद तरीके से धरना प्रदर्शन तालाबंदी का कार्य करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष पटित पवन तिवारी, शेख सौरभ, सागर मोदी, अरुण ठाकुर, मानिक दास, महतो, श्यामल बाउरी, राजेश बाउरी, खैरुल बेबी, चंचल बाउरी, आकाश बाउरी, राजा बाउरी सहित दर्जन उपस्थित हुए।

## एनएच अधिकारी मंदिर निर्माण नहीं करते हैं तो करणी सेना सारा काम ठप कर देगी: अमन सिंह



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत वृंदावनपुर पंचायत के श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर निर्माण में हो रही देरी को लेकर करणी सेना झारखंड के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमन सिंह और ग्रामीणों के द्वारा एनएच के अधिकारियों के साथ की बैठक। बैठक में करणी सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमन सिंह के द्वारा स्पष्ट और साफ कहा गया है कि मंदिर निर्माण में देरी क्यों किया जा रहा है।देरी के चलते कई सारी कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है। इसका करणी सेना विरोध करता है और मंदिर निर्माण के लिए एकमुस्त राशि 15 लाख दे या मंदिर निर्माण कर के दे। मंदिर निर्माण को लेकर एनएच के अधिकारियों को फटकार लगाया गया और कहा है कि अगर जल्द से जल्द मंदिर निर्माण नहीं किया जाता है तो जल्द ही करणी सेना उग्र आंदोलन करेगी और एनएच का सारा काम काज को बंद करवा देगी। मौके पर मंदिर निर्माण कमिटी के सदस्यगण एवं करणी सेना के सदस्यगण और ग्रामीण मौजूद थे।

## सुदेश महतो ने की गोमिया विधायक लंबोदर महतो की तारीफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार प्रखंड में आजसू के डॉ लम्बोदर महतो के आवासीय कार्यालय पर गोमिया विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक आजसू सुप्रीमो व अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में की गयी। जिसमें डॉ लम्बोदर महतो, आजसू प्रवक्ता देव शरण भगत, केंद्रीय सचिव अजय सिंह, केंद्रीय सदस्य अशोक सिंह, जिला परिषद अमरदीप महराज, अरविन्द कुमार मौजूद रहे। आजसू सुप्रीमो ने अपने कार्यकर्ताओं को कहा कि प्रत्येक पंचायत में पंचायत के दो लोगों के परिवार को चूल्हा प्रमुख बनाया जाये। जिसमें एक महिला और एक पुरुष हो। जो आजसू के लिए समर्पित हो जो किसी भी समय कहीं भी जनता की समस्या को सुनकर समाधान करे। वहीं अपने क्षेत्र के विकास की योजनाओं को सरकार के पटल पर रखा जिसे रोकने का भी काम लोगों के द्वारा किया गया। साथ ही ये भी बताया कि जितना क्षेत्र भ्रमण ये करते है शायद ही कोई इतना करता हो। गिरिडीह सांसद को मंत्रालय नहीं दिये जाने के सम्बंध में पूछे जाने पर सुदेश ने कहा की उचित प्लेटफॉर्म पर इसको लेकर सकारात्मक बातचीत चल रही है।

## प्रखंड के सहायक शिक्षकों की बैठक



**पूर्वी टुंडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड ईकाई की सहायक शिक्षक गण की बैठक प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो की अध्यक्षता में तथा राजेश मुर्मू ओर अशोक मंडल के द्वारा संचालन मे की गयी। झारखण्ड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के आवाहन पर राज्य सरकार द्वारा सहायक अध्यापको को धोखा देने के विरोध में आगामी 20 जुलाई से अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमे मुख्य रूप से राज्य सदस्य अभिराम मुर्मू एवं जिला सदस्य निलम्बर रजवार दोनो ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि 62000 सहायक अध्यापक का वेतन मान दिया जाए। इपीएफ ,कल्याण कोष एवं अनुकंपा को सिथिल किया जाय । सहायक अध्यापक लखन राय, अशोक मंडल, कृष्ण दे,हराधन सोरेन, शाहेबराम हेंम्ब्रम,बोदी रजवार, अर्जुन राम,मुख्तार अंसारी, श्रीकांत मरांडी, बेनिलाल मुर्मू, शाहेबराम बास्की, इन्द्र देव राय,मनोज दे,हरेन हेम्ब्रम, श्रीराम मोदी,सोनाराम मुर्मू, शंकर मरांडी, मनोज मरांडी, असिम कुमार देता, लवलेश हेम्ब्रम, सुकलाल मरांडी आदी शामिल हुए।

## चंदनकियारी के सरकारी कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा हैं: उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदनकियारी।** चंदनकियारी निर्मल महतो जॉन में आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि प्रकृति नाराज है, वर्षा के दिन में बारिश नहीं हो रही है। युवा बेरोजगार हैं । इन्हे राहत देने की जगह सरकारी कार्यालयों में अधिकारी रिश्वत के रूप में लोगों की खून चूस रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार घोषणा करने के लिए भव्य आयोजन कर रही है, प्रचार के लिए करोड़ों रुपए का विज्ञापन छपवा रही है। इसके बावजूद घोषणाएं धरातल पर उतरना तो दूर, चंदनकियारी में रूटीन जॉब दाखिल खारिज जॉब पेंशन, जाति -आवासीय प्रमाण पत्र के काम नहीं हो रहे हैं। रिश्वत खोर अधिकारी लोगो को चक्कर पर चक्कर लगवाते हैं , ताकि रिश्वत की राशि बढ़ेगी भी और लोग बेहिचक देंगे भी । किसी ने शिकायत की दुस्साहस किया तो, शिकायत करने वाले का वास्तविक काम को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। आखिर लोग जाएं कहां। भ्रष्ट कार्य संस्कृति से लोग परेशान हैं। लोगों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। अध्यक्षता अश्वनी कुमार महतो और संचालन शिव प्रसाद महतो ने किया। मौके पर शत्रुघ्न महतो, महाराज महतो, हासिम अंसारी, नीलकंठ पाण्डेय, समर रजवार, खिरोध महतो, विभीषण कुमार, हीरा लाल महतो, अवनी कान्त राय, हुबलाल रजवार, प्रबोध सिंह चौधरी, अजय सिंह चौधरी मातुल माझी, मंटू महतो, रोहित महतो अख्तर अंसारी,तारा पद मुखर्जी, सुभाष लोहार विधान रजक भक्ति पद गोप, गणेश महतो, संदीप कैवर्त, दुलाल चन्द्र महतो, प्रमित मुखर्जी, गोपाल गोराई, मागाराम गोराई के अलावे सैकडो लोग उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, चतरा।

सूचना

जिला नियोजनालय चतरा परिसर में 08.08.2024 से 28.08.2024 के बीच ऑन लाईन निबंधन कैम्प अग्नि वीर वायु हेतु आयोजित किया जा रहा है। इस कैम्प में अविवाहित भारतीय पुरूष एवं महिला जिनका जन्म 03 जुलाई 2004 से 08 जूलाई 2004 के बीच हुआ है, एवं जिन्होंने 10+2/ इण्टर अथवा तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स अथवा दो वर्षीय व्यायसायिक कोर्स अथवा दो वर्षीय व्यायसायिक कोर्स non Vocational Subject- Math Physics से किया हो, भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार न्यूनतम कुल 50% अंक एवं अंग्रजी में भी न्यूनतम 50% अंक होना आवश्यक है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, चतरा।

PR 329785 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(जिला पर्यटन, कलाकृसंस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
E-mail Id: sportsgumla@gmail.com

आम सूचना

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) कार्यालय, गुमला के लिए एक व्यवसायिक वाहन (स्कार्पियो ए0सी0) किराये पर चालक सहित रखने का निदेश प्राप्त है। जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) कार्यालय, गुमला के लिए व्यवसायिक वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फर्म/निविदादता/वाहन मालिक से निम्नांकित शर्त्तों के अधीन प्रस्ताव की मांग की जाती है:–

संबंधित फर्म/निविदादाता/वाहन मालिक अपना प्रस्ताव डबल बीड (तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड) में अलग–अलग सील बंद लिफाफा में जिला खेल पदाधिकारी–सह– जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से दिनांक–23.07.2024 के पूर्वाहन 11:30AM बजे तक जिला खेल कार्यालय, गुमला में समर्पित कर सकते हैं।

प्राप्त आवेदन फर्म/निविदादाता/वाहन मालिक के समक्ष दिनांक–23.07.2024 के अपराह्न 3:00PM बजे विकास भवन सभागार में खोला जाएगा। विज्ञापन से संबंधी विस्तृत विवरणी जिला खेल कार्यालय, गुमला से जानकारी ले सकते एवं Gumla nic में देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी–सह–
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, गुमला

PR 329780 District(24-25)#D

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

अनुदान पर चार पहिया वाहन (मछली परिवहन हेतु) –
अति अल्पकालिन आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा रामगढ़ जिला के मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/ उनके सक्रिय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विपणन योजना के अन्तर्गत विभागीय राज्यादेश सं0 07, दिनांक 19.06.2024 के आलोक में रामगढ़ जिला को 60 प्रतिशत अनुदान पर एक चार पहिया वाहन (मछली एवं मछली बीज के परिवहन हेतु) लक्ष्य प्राप्त है।

शर्तें –

- लाभुक द्वारा कम से कम मो0 6.00 लाख रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया गया हो।
- आवेदन/आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो।
- आवेदक/आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
- आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो।

इच्छुक एवं सक्षम मत्स्यजीवी सहयोग समिति/उनके सदस्यों से उपरोक्त वर्णित शर्तों के आलोक में दिनांक 31.07.2024 तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन आमंत्रित किए जाते है। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निः शुल्क उपलब्ध है एवं विशेश जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सूचना प्राप्त कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ

PR 329761 Fish(24-25)#D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाष: 06525–225835 फैक्स: 225836 E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

पत्रांक : 696(समग्र) दिनांक: 15.07.2024.

आवश्यक सूचना

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में पूर्णकालिक शिक्षकेत्तर कर्मी के रिक्त पदों पर संविदा आधारित चयन से संबंधित आवश्यक सूचना

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के विज्ञापन संख्या 01/2023(समग्र) के आलोक में जिले में संचालित नेताजी सुभाशचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में शिक्षकेत्तर कर्मियों के स्वीकृत पदों यथा पूर्णकालिक लेखापाल, स्पोर्ट स्टाफ (आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी), मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया पद पर पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला चयन समिति, सिमडेगा से अनुमोदनोपरान्त पदवार औपबंधिक मेधा सूची से साक्षात्कार एवं दक्षता जाँच परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। जिसकी सूची जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है। सूचीबद्ध अभ्यर्थियों का मूल प्रमाण पत्र से संलग्न प्रमाण पत्र का मिलान/सत्यापन के साथ साक्षात्कार/दक्षता जाँच परीक्षा का आयोजन दिनांक 26.07.2024 को पूर्वाहन् 10:30 बजे से स्थानः– कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा में निर्धारित है।

नोटः–1–सभी साक्षात्कार/दक्षता जाँच परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थी अनिवार्य रूप अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों/जाति/आवासीय/अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा एक सेट सभी प्रमाण पत्रों की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपरोक्त निर्धारित स्थल पर ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः–2– अभ्यर्थियों को अपने साथ एक अद्यतन पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो एवं आईडी कार्ड (आधार कार्ड, पैन कार्ड यथा अन्य पहचान पत्र) लाना अनिवार्य होगा।

नोटः–3– अभ्यर्थी द्वारा सभी मूल प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर उनकी उम्मीदवारी स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

नोटः–4– अभ्यर्थियों का उनके मूल प्रमाण पत्र का मिलान/सत्यापन के क्रम में त्रृटि पाए जाने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थितता/मेधा सूची/वरीय क्रम पर आवश्यक निर्णय जिला चयन समिति के द्वारा ली जायेगी, जो अंतिम एवं सर्वमान्य होगी।

नोटः–5– साक्षात्कार/दक्षता जाँच परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा।

PR.NO.329784 Simdega(24-25):D

कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

तृतीय अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2023–24
दिनांक–16.07.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Const. of rcc drain with cover from shiv mandir to ramchandrapaswan house. | 2181600.00 | 44000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 09 | Const. of rcc drain with cover slab from manjulasharma school to Tarkeshwaryadav shop. | 1364710.00 | 27500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 10 | Const. of RCC drain with cover slabfrom lakhanlohar house to bindupaandukan. | 1719620.00 | 34500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | 07 | Const. of RCC drain with cover slab bhagawat Mehta house to rinkusinghboundry | 1649985.00 | 33000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5 | 08 | Const. of PCC and Paver Block road from guharitalab (giridih road) to dhab road. | 1860876.00 | 37500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6 | 05 | Const. of PCC road from mahendrakumar Mehta house to kaalimandap. | 1425360.00 | 29000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7 | 12 | Const. of 220 ft. sidhi at jaluwadahatalab. | 1309620.00 | 26500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8 | 01& 03 | Const. of PCC road and paver block from rajaakmiyan house to primery school mahthadih. | 1941200.00 | 39000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 23-07-2024 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 30-07-2024 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 02-08-2024 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar PanchayatDomchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 9430497772 | |

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 329749 Urban Development(24-25)#D

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLAGE OF NURSING

| | |
|---|---|
| 2 YEARS | M.Sc. Nursing |
| 2 YEARS | Post Basic B. Sc. Nursing |
| 4 YEARS | B.Sc. Nursing |
| 3 YEARS | GNM (General Nursing And Midwifery) |
| 2 YEARS | ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery) |

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE

| | |
|---|---|
| 4 YEARS | BMLT |
| 2 YEARS | DMLT |
| 2 YEARS | OT ASSISTANT |
| 2 YEARS | ECG |
| 2 YEARS | OPHTHALMIC ASST. |
| 2 YEARS | CRITICAL CARE (ICU) |
| 2 YEARS | RADIO-IMAGING |
| 2 YEARS | ANESTHESIA TECH. |
| 1 YEARS | DRESSERS |

COLLAGE OF PHARMACY

| | |
|---|---|
| 2 YEARS | D-PHARM |
| 4 YEARS | B-PHRRM |

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

**ई–निविदा संख्या–ईएल/13/खुली/ 2024–25 क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद मंडल के कलर लाइट सिग्नलिंग (सीएलएस) पैनलों का दो वर्षों के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध। **(कार्य समापन अवधि:** चौबीस माह) **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू० 13,53,956.00 **(3) बिड सिक्युरिटी :** रू० 27,100.00 **(4) बिड मूल्यांकन प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली **(5) ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि :** दिनांक 08.08.2024 को 11:00 बजे। **ई निविदा खुलने की तिथि :** दिनांक 08.08.2024 को 11:30 बजे के बाद। **(6) वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट www.ireps.gov.in.

**ई–निविदा संख्या–ईएल/14/खुली/ 2024–25 क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (ए) धनबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भवनों के छत पर सौर संयंत्र का प्रावधान (बी) धनबाद मंडल के विभिन्न सेवा भवनों के छत पर सौर संयंत्र का प्रावधान। **(कार्य समापन अवधि: छः माह) (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू० 21,85,50,971.84 **(3) बिड सिक्युरिटी :** रू० 12,42,800.00 **(4) बिड मूल्यांकन प्रणाली :** दो पैकेट प्रणाली **(5) ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि :** दिनांक 08.08.2024 को 11:00 बजे। **ई निविदा खुलने की तिथि :** दिनांक 08.08.2024 को 11:30 बजे के बाद। (तकनीकी बिड) **(6) वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट www.ireps.gov.in.

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), धनबाद
पीआर/0692/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24-25/48

अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की समीक्षा


# 10 उच्च विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में परिवर्तित करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को लोक सेवा भवन में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा की और अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में बच्चों के भोजन की गुणवत्ता में सुधार पर जोर दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता को सर्वाधिक महत्व देने का भी सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया है कि मंत्री और सचिव नियमित रूप से स्कूलों और छात्रावासों का दौरा करें और उनके प्रबंधन के तरीकों की जांच करें। बैठक की चर्चा से यह जानकारी मिली कि राज्य में विभाग के अधीन 14 उच्च विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में परिवर्तित करने की अनुमति दी गयी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इस वर्ष कम से कम 10 उच्च विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में परिवर्तित किया जाये। इसके अलावा ड्रॉप आउट दर को कम करने के लिए और अधिक हाई स्कूलों को अपग्रेड करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार, राज्य के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के छात्रावासों का प्रबंधन अनुसूचित जनजाति एवं जाति विकास विभाग द्वारा किया जाता है। बैठक में बताया गया कि अभिवक्त कोरापुट जिले में प्रथम चरण में 301 छात्रावासों के सुधार का कार्यक्रम लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आदिवासी क्षेत्रों में छात्रावासों में सुधार की जरूरत है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कुछ छात्रावासों को 100 सीटों का बनाने का भी आदेश दिया। बैठक में एकलव्य मॉडल स्कूल की स्थापना पर भी चर्चा हुई, जबकि ओड़िशा के लिए 114 स्कूलों को मंजूरी दी गयी है। 32 स्कूल वर्तमान में संचालन में हैं और इस साल 15 और स्कूल खुलने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विद्यालयों, विशेष रूप से जंगल जमीन मंजूरी के लिए आवश्यक मंजूरी में तेजी लाते हुए विद्यालयों की स्थापना करने का सुझाव दिया। बैठक में मंत्री नित्यानंद गंड, मुख्य शासन सचिव मनोज आहूजा, विकास आयुक्त अनु गर्ग, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव निकुंज बिहारी धल, राजस्व एवं जंगल एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव सत्यब्रत साहू, विभाग बैठक में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की सचिव रूपा रोशन साहू एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# महाप्रभु का सुनबेश कल



- रथ से श्रीजीउ के सुनबेश दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महाप्रभु का सुनाबेश बुधवार को है। बुधवार को श्रीजिउ को सोने से सजाया जायेगा। रथ पर चतुर्धा विग्रह की सुनबेश देखने के लिए लाखों भक्त पुरी में उमड़ेंगे। प्रशासन के लिए भीड़ नियंत्रण एक बड़ी चुनौती बन गयी है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की गयी है। श्रद्धालु पहले की तरह मेडिकल चौक से पदले में जायेंगे। इसके लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गयी है। मेडिकल चौक और श्रीमंदिर के बीच बड़दांड को जोड़ने वाली सड़क को सील कर दिया गया है। जरूरत पड़ी, तो श्रीमार्ग को इस्तेमाल किया जायेगा। एसपी पिनाक मिश्र ने कहा कि भीड़भाड़ की स्थिति में लोगों को निकालने के लिए सील की गयी सड़कों का भी इस्तेमाल किया जायेगा।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

# सम अस्पताल शीतलापल्ली में हड्डी, जोड़, रीढ़ की हड्डी के उपचार का निःशुल्क शिविर लगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** ब्रह्मपुर रविवार को चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के स्थानीय शीतलापल्ली परिसर में हड्डी, जोड़ और रीढ़ की हड्डी का मुफ्त उपचार और परामर्श शिविर आयोजित किया गया। एनेस्थेटिस्ट और न्यूरोलॉजिस्ट ने मरीजों की जांच की और उपचार की सलाह दी। मरीजों को एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआइ जैसे स्वास्थ्य परीक्षणों पर भी छूट दी गयी। डॉ आरसी देव प्रोफेसर न्यूरोसर्जरी विभाग, आइएमएस एंड सम अस्पताल भुवनेश्वर ने बताया कि मुफ्त शिविर का उद्देश्य हड्डी और जोड़ों के उपचार और परीक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना है। डॉ रंजीत पात्र सहायक प्रोफेसर, हड्डी रोग विभाग ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य उन रोगियों को उपचार प्रदान करना है, जो समस्या से अनजान हैं और जिन्हें सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता है। स्वास्थ्य शिविर में आये मरीजों ने अस्पताल प्रशासन को धन्यवाद दिया। एक बुजुर्ग मरीज ने कहा कि हम न केवल परीक्षण, बल्कि इलाज के लिए भी अस्पताल और मेडिकल टीम के आभारी हैं। अस्पताल के निदेशक देव प्रसाद दास ने कहा कि ऐसी स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता को देखते हुए प्रत्येक रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य देखभाल शिविर का आयोजन किया जायेगा। फिजियोथेरेपी विभाग के डॉ शुभाशीष पटनायक और डॉ सरिता पंडा ने शिविर में मरीजों की सहायता और सहयोग किया।

# जिंदल नगर में बाहुड़ा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल नगर देवभूमि में बाहुड़ा यात्रा में हजारों भक्तों के समावेश में आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण माहौल में पूरी हुई है। इस अवसर पर श्रीजिउ ने गुंड़िचा मंदिर से देवभूमि स्थित मंदिर तक अपनी यात्रा आरंभ की। सोमवार सुबह कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल और उनकी पत्नी एवं जेएसपी फाउंडेशन की अधक्ष शालू जिंदल ने पहंड़ी विधि एवं छेरा पंहरा कार्यक्रम में पूरे समर्पण के साथ भाग लिया। नवीन जिंदल एवं शालू जिंदल ने तीनों रथों पर पुष्प एवं जल छिड़क कर शोधन की। इससे पहले सुबह पांच बजे मंदिर का द्वार फीटा के बाद मंदिर के मुख्य पूजक श्रीकांत द्वारा मंगल आरती, मैलम, तडप लागी, अवकाश नीति एवं अन्य नीतिकांति की गयी। बाहुदा यात्रा के अवसर पर जिंदल नगर वासियों सहित गांवों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर ने किया पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** पर्यावरण की रक्षा और सुधार के लिए पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर द्वारा 16 जुलाई को रेलनगर, संबलपुर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तुषार कांत पांडेय, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर मुख्य अतिथि के रूप में और आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मियों, उनके परिवार के सदस्यों और स्थानीय समुदाय के बीच स्वच्छ और हरित पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूकता पैदा करना है। लीना पांडे, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर ने कार्यक्रम का संचालन किया। रेलवे महिला कल्याण संगठन के सभी सदस्यों, सभी अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने फलदार पौधे लगाये



राजधानवार (आजाद सिपाही)। विशेष अभियान के तहत मंगलवार को डॉ भाभा पब्लिक स्कूल धनवार में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कई फलदार पौधे लगाये। उन्होंने जन जीवन की रक्षा के लिए इसके लाभ भी गिनाये। मौके पर नकुल राय, उपेंद्र सिंह, श्याम सिंह, पवन सिंह, रामचंद्र यादव, सहदेव यादव, रामवृक्ष सिंह, बसंत वर्मा, सोहन यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# वेदांता एल्युमीनियम ने स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रभावशाली कौशल विकास पहल की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विश्व युवा कौशल दिवस पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपने सभी स्थानों पर अपने कौशल विकास पहलों के विस्तार की घोषणा करके युवा सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं के कौशल को बढ़ाना है, उन्हें प्लेसमेंट से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अकुशल से अर्ध-कुशल श्रेणियों में बदलना है। इस लक्ष्य की ओर, कंपनी ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, ओड़िशा कौशल विकास प्राधिकरण और कौशल विकास संस्थान जैसे कई प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग किया है। इन प्रयासों के माध्यम से, वेदांता एल्युमीनियम भारत भर के युवाओं को स्थायी आजीविका प्राप्त करने और अपने समुदायों और राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने में सहायता कर रहा है। एक मजबूत कौशल ढांचे का पालन करते हुए वेदांता एल्युमीनियम ने अपने कौशल विकास पहलों और संस्थागत सहयोगों के माध्यम से अब तक लगभग 14,000 युवाओं को प्रशिक्षित किया है।

वेदांता एल्युमीनियम के सीइओ जॉन स्लेवन ने कहा कि युवा आबादी को कौशल प्रदान करना उन क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने के हमारे दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है, जहां हम काम करते हैं। उन्हें बाजार-संबंधित कौशल से लैस करके और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देकर, हम न केवल उन्हें अपना भविष्य सुरक्षित करने में मदद कर रहे हैं, बल्कि देश के दूरदराज के क्षेत्रों को सामाजिक-आर्थिक मुख्यधारा में भी ला रहे हैं। आज तक हमने 14,000 युवाओं को प्रशिक्षित किया है, और विश्व युवा कौशल दिवस पर हम कौशल अंतराल को पाटने और भारत में नेताओं और नवप्रवर्तकों की अगली पीढ़ी को आकार देने में मदद करने के लिए अवसर पैदा करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

## रोटरी क्लब भुवनेश्वर गैलेक्सी का तीसरा चार्टर दिवस



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब भुवनेश्वर गैलेक्सी ने अपना तीसरा चार्टर दिवस मनाया और नये रोटरी वर्ष की पहली साप्ताहिक बैठक आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के चार्टर अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार बेहेरा ने की, जिसमें रोटरी की चार-आयामी परीक्षण नीति पर प्रेरक टिप्पणियों के साथ सदस्यों को संबोधित किया गया। बैठक में रोटेरियन राजेश रतन, चित स्वाइं (कोषाध्यक्ष), एम लोकनाथ, रस्मी रंजन नंद और अरुण जेना सहित क्लब के कई सदस्यों और अतिथियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अध्यक्ष श्री बेहेरा ने क्लब के विकास और सामुदायिक प्रभाव के लिए सार्वजनिक छवि और सदस्यता के विकास पर जोर दिया। बैठक रोटरी के मिशन के प्रति सौहार्द और समर्पण के माहौल में आयोजित की गयी थी। बैठक का समापन सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देने के साथ हुआ।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

# टाटा स्टील मेरामंडली में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ढेंकनाल और अंगुल जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत एक सामूहिक पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। एनएच 55 से सटे हुए नुआहता ग्रामपंचायत में लगभग 1,000 पौधे लगाये जायेंगे। कार्यक्रम में प्रताप प्रधान विधायक अंगुल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर बीपी पाठक परियोजना निदेशक एनएचएआइ ढेंकानाल, हेमंत कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी सह कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अंगुल, मोहित दास, मुख्य कॉर्पोरेट सेवाएं टीएसएम और टीएसएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा किया गया था, जो टाटा स्टील की स्थिरता और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति चल रही प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

जमीन बिक्री हेतु
आम सूचना

अपराध अनुसंधान विभाग गृह निर्माण स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड, डोरण्डा, रांची द्वारा अपने सदस्यों को घर बनाने के लिए कुल 31.343 (थर्टीवन एकड़ एण्ड थ्री प्वांइट फोर थ्री डीसमिल) जमीन मौजा-आनन्दी, थाना-ओरमांझी, रांची में अर्जित किया गया है।

समिति के आमसभा में यह निर्णय लिया गया कि इस जमीन को उचित दर पर बेचकर सदस्यों को पैसा वापस कर दिया जाये।

तदनुसार एतद् द्वारा आम इश्तेहार दिया जाता है कि इस जमीन को यदि कोई व्यक्ति / संस्था क्रय करना चाहते हैं तो समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री रंजन कुमार सिंह से **मोबाईल नम्बर 7004359720 सम्पर्क स्थापित करें।**

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**